सूर्योदय : 6:45
सूर्यास्त : 5:14
अधिकतम तापमान : 22.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-199 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 29 दिसम्बर 2023
15 जमादिउल उस्सानी, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
अवधनामा
www.avadhnama.com
G20



# गिरफ्तार नौसैनिकों को नहीं होगी फांसी

- कतर ने पूर्व भारतीय नौसैनिकों की फांसी कैद में बदली
- अपने नागरिकों की रक्षा करते रहेंगे



**नई दिल्ली।** कतर की एक अदालत ने जासूसी के एक कथित मामले में भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को दी गई मौत की सजा पर रोक लगा दी है, अब सजा-ए-मौत की जगह इन भारतीयों को जेल में रहना होगा।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने इसकी पुष्टि की है। इसकी जानकारी विदेश मंत्रालय ने दी है। मंत्रालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि कतर की अपीलीय अदालत के आज के फैसले पर गौर किया गया है, जिसमें सजा कम कर दी गई है।

बता दें जासूसी के एक कथित मामले में गिरफ्तार किए गए भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर की अदालत ने अक्तूबर में मौत की सजा दी थी। दोहा स्थित दहरा ग्लोबल के सभी कर्मचारियों, भारतीय नागरिकों को अगस्त 2022 में हिरासत में ले लिया गया था। भारत ने पिछले महीने मौत की सजा के खिलाफ कतर स्थित अपीली अदालत का दरवाजा खटखटाया था। जिन लोगों के खिलाफ फैसला आया है, उनमें सेवानिवृत्त कमांडर पूर्णेंदु तिवारी हैं। पूर्णेंदु एक भारतीय प्रवासी हैं जिन्हें 2019 में प्रवासी भारती सम्मान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। दहरा कंपनी की वेबसाइट (अब मौजूद नहीं) पर दर्ज जानकारी के अनुसार, पूर्णंदू तिवारी भारतीय नौसेना में कई बड़े जहाजों की कमान संभाल चुके हैं। एक अन्य कमांडर सुगुणाकर पकाला का भारतीय नौसेना में बेहतरीन सफर रहा है जो अपने सामाजिक काम के लिए भी जाने जाते हैं। यही कारण है उनके परिजनों और दोस्तों का फैसले पर यकीन नहीं हो रहा है। सुगुणाकर ने विजयनगरम के कोरुकोंडा सैनिक स्कूल और फिर विशाखापत्तनम स्टील प्लांट में केंद्रीय विद्यालय में अपनी स्कूली पढ़ाई की। सुगुणाकर 18 साल की उम्र में नौसेना में शामिल हुए थे। करियर के दौरान उन्होंने विभिन्न इकाइयों और जहाजों पर सेवा के साथ नौसेना इंजीनियरिंग कोर में काम किया। नौसैनिक के रूप में सुगुणाकर ने मुंबई, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और विशाखापत्तनम में सेवाएं दीं। सुगुणाकर 2013 में नौसेना से सेवानिवृत्त हुए और बाद में अलदहरा कंपनी से जुड़ गए।

पिछले साल अपनी गिरफ्तारी के समय सुगुणाकर कंपनी के निदेशक के रूप में कार्यरत थे। अमित नागपाल नौसेना में कमांडर रहे हैं। अमित अपनी सेवा के दौरान संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध कौशल के लिए जाने जाते रहे हैं। नौसेना में कमांड रहे संजीव गुप्ता की तोपखाना से जुड़े मामलों में महारत थी।

### कानूनी लड़ाई जारी रहेगी: विदेश मंत्रालय

मंत्रालय ने बताया कि कतर मे हमारे राजदूत और अन्य अधिकारी उनके परिवार के सदस्यों के साथ आज अपील अदालत में मौजूद थे। मामले की शुरुआत से ही हम उनके साथ खड़े हैं। हम सभी उन्हें कानूनी सहायता देना जारी रखेंगे। साथ ही कहा कि इस मामले को कतर के अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा। मंत्रालय ने कहा कि अभी विस्तृत फैसले का इंतजार है। इस मामले की कार्यवाही की गोपनीय और संवेदनशील प्रकृति के कारण इस पर टिप्पणी करना उचित नहीं है। अगले कदम पर फैसला लेने के लिए कानूनी टीम के साथ हम लगातार परिवार के सदस्यों के साथ संपर्क में हैं।

# 12वीं तक के स्कूलों में छुट्टी

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर समेत पूरा उत्तर भारत सर्दी और कोहरे की चपेट में है। धुंध की वजह से कई इलाकों में विजिबिलिटी जीरो हो गई है। कंपकपाने वाली ठंड पड़ रही है। सर्द हवाओं के कारण ठिठुरन बढ़ गई है। ऐसे में नोएडा में सर्दी और कोहरे को देखते हुए नर्सरी से कक्षा 12 तक के छात्रों का सभी स्कूलों में 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक प्रशासन ने अवकाश घोषित किया। जिलाधिकारी गौतमबुद्धनगर ने आदेश जारी किया कि जिले में सभी बोर्ड के कक्षा 1 से लेकर 12 तक मान्यता प्राप्त सीबीएसई, आईसीएसई, बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूल अत्यधिक ठंड को देखते हुए 29 और 30 दिसंबर को बंद रहेंगे। इससे पहले बढ़ते कोहरे और ठंड के चलते अलीगढ़ जिलाधिकारी ने दो दिन स्कूल को बंद रखने के आदेश जारी किया। गाजियाबाद डीएम ने भी जिले में आदेश जारी कर कक्षा एक से आठ तक के स्कूल सुबह 10 बजे से खोलने के लिए कहा। ये स्कूल सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक चल सकेंगे। उधर, हापुड में 28 और 29 दिसंबर को कक्षा एक से 12 तक के स्कूलों का अवकाश घोषित किया गया था। मौसत विभाग की ओर से बृहस्पतिवार के लिए प्रदेश में कई जिलों और इलाकों में अत्यधिक घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है।



### इन जिलों में जारी हुआ अलर्ट

लखनऊ, बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, कानपुर, उन्नाव, रायबरेली, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर व आसपास के इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी जारी की गई है।

## कांग्रेस के स्थापना दिवस पर नागपुर में गरजे राहुल

# देश में विचारधारा की लड़ाई: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अपना 139वां स्थापना दिवस मना रही है। नागपुर में कांग्रेस की विशाल रैली आयोजित की गई है। पार्टी सांसद राहुल गांधी ने कहा कि देश में चुनावी संघर्ष के अलावा विचारधारा की लड़ाई हो रही है। उन्होंने कहा, लोगों को लगता है कि यह सत्ता की लड़ाई है, लेकिन इस लड़ाई की नींव विचारधारा की है। उन्होंने आरोप लगाया कि हाल के दिनों में कुलपतियों की नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि इसलिए की जाती है क्योंकि वे एक विशेष संगठन से जुड़े होते हैं। राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नागपुर में कांग्रेस की हैं तैयार हम रैली में दावा किया, बीजेपी के एक सांसद, जो पहले कांग्रेस में थे, उन्होंने मुझसे कहा कि बीजेपी में गुलामी चलती है। राहुल ने पूर्व कांग्रेसी नेता के हवाले से कहा, भाजपा में जो ऊपर से कहा जाता है, वो बिना सोचे समझे



करना पड़ता है।

इससे पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत निर्माण की दिशा में काम किया है और यह पार्टी संसदीय लोकतंत्र और समानता पर आधारित है। कांग्रेस गुरुवार को अपने स्थापना दिवस के मौके पर नागपुर में एक विशाल रैली करने जा रही है और इसे औपचारिक रूप से पार्टी की लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत माना जा रहा है। मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का उद्देश्य जनता का कल्याण और देश के लोगों की प्रगति है। कांग्रेस, संसदीय लोकतंत्र पर आधारित भारत में विश्वास रखती है, जहां बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए समान अवसर मौजूद हों। पार्टी ऐसा देश बनाना चाहती है, जहां संविधान में मौजूद राजनैतिक, आर्थिक और सामाजिक अधिकारों का पालन किया जाए। खरगे ने पोस्ट में लिखा कि हमें इस बात पर गर्व है कि बीते 138 सालों में हमने पूरी ईमानदारी से ऐसा भारत बनाने के लिए संघर्ष किया है। कांग्रेस के स्थापना दिवस के अवसर पर सभी भारतीयों को हार्दिक शुभकामनाएं। पार्टी के स्थापना दिवस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी मुख्यालय पर राष्ट्रीय ध्वज भी फहराया।

## मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के अयोध्या कार्यक्रम की तैयारियों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा की

# प्रधानमंत्री के रोड शो के रूट को सजाया जाए: योगी

### मुख्यमंत्री ने 30 दिसम्बर को प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिये

- अयोध्या में कहीं भी सड़कों पर धूल तथा गन्दगी आदि न हो: सीएम

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 30 दिसम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को 'अविस्मरणीय समारोह' बनाने के लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने आज यहां अपने सरकारी आवास से कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित जनपद अयोध्या के स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर प्रधानमंत्री के अयोध्या भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 की विदा बेला पर धर्मनगरी अयोध्या में प्रधानमंत्री का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' का सूत्रपात करने वाला होगा। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अन्तरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं की सौगात भी मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था की जाए। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाया जाए। भव्य तोरण द्वार तैयार कराया जाए। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां की जाएं। प्रधानमंत्री के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दिया जाए। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री का अभिनन्दन किया जाना है। इसके लिए उनसे संवाद बनाया जाए। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान भी किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह अयोध्या दौरा इस धार्मिक नगरी को हजारों करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है।

## नवाज शरीफ के लिए चुनाव आयोग ने स्वीकार किया नामांकन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ क्या आठ फरवरी को होने वाला आम चुनाव लड़ सकेंगे? इस सवाल से गुरुवार को पर्दा उठ गया। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने नवाज शरीफ के नामांकन पत्र को स्वीकार कर लिया। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की ओर से नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था।नवाज शरीफ के चुनाव लड़ने पर आजीवन लगे प्रतिबंध के बाद सवाल खड़े होने लगे कि क्या चुनाव आयोग उनके नामांकन पत्र को स्वीकार करेगा। हालांकि, नवाज शरीफ को आम चुनाव लड़ाने की पूरी तैयारी कर ली गई थी और कहा जा रहा है कि चुनाव लड़ने पर लगा प्रतिबंध भी समाप्त हो गया है। बता दें कि चुनाव आयोग को 73 वर्षीय नवाज शरीफ की उम्मीदवारी पर कोई आपत्ति नहीं है और उनका नामांकन पत्र स्वीकार कर लिया गया है।

## लालू के चक्रव्यूह में फंस चुके हैं नीतीश

**पटना।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने गुरुवार को दावा किया कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जल्द ही पद छोड़ना होगा, उनके सहयोगी राजद प्रमुख ने उन्हें सीएमओ से हटाने के लिए एक चक्रव्यू (साजिश) रची है। अपने बयान में राजद नेता ने कहा कि नीतीश कुमार जी बस कुछ दिनों के लिए बिहार के मुख्यमंत्री रहेंगे। इसके लिए लालू यादव ने एक चक्रव्यू रचा है। इस चक्रव्यू का पहला कदम अवध बिहारी को बिहार विधानसभा का स्पीकर बनाना था। बहुत जल्द नीतीश कुमार पूर्व (सीएम) बन जायेंगे। यह तय हो गया है कि नीतीश कुमार अब सीएम नहीं रहेंगे। अगले कुछ दिनों में बिहार को राजद से नया सीएम मिलने वाला है। बिहार की राजनीति में एक और बदलाव के बारे में सिंह का बयान महत्वपूर्ण है क्योंकि लोकसभा चुनाव करीब आ रहे हैं और एनडीए और महागठबंधन बिहार में बदले राजनीतिक समीकरण में अधिकतम सीटें जीतने के लिए रणनीति बना रहे हैं।

## कन्नड़ भाषा के विवाद पर कर्नाटक

# संपत्तियों का नुकसान बर्दाश्त नहीं

- सरकार अपनी आंखें नहीं मूंद सकती

**बंगलूरू।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि सरकार कन्नड़ भाषा के विवाद में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। बता दें कि कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के कार्यकर्ता बंगलूरू में दुकानों पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर उन दुकानों में तोड़फोड़ भी की, जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड नहीं थे। इस पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सख्त रुख अपनाया है। शिवकुमार ने कहा कि हम कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हम बंगलूरू में संपत्तियों के नुकसान को



बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमें कन्नड़ भाषा को बचाने को बचाना है और हम इसके लिए लड़ने वाले लोगों का सम्मान भी करते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इसके नाम पर जो तोड़फोड़ हो रही है, सरकार उसकी तरफ से आंखें मूंद ले। डिप्टी सीएम ने कहा कि सरकार निर्देश दे चुकी है कि सभी साइनबोर्ड्स, विज्ञापनों और नेम प्लेट्स पर 60 प्रतिशत कन्नड़ भाषा का इस्तेमाल होना चाहिए। जो लोग इस निर्देश का उल्लंघन कर रहे हैं, उन्हें नोटिस जारी किए जा रहे हैं। प्रदर्शनकारी इसे लेकर विरोध प्रदर्शन कर सकते हैं, नारेबाजी कर सकते हैं लेकिन संपत्तियों का नुकसान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम कन्नड़ को बचाने के लिए समर्पित हैं और सीएम ने इसे लेकर अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं। प्रदर्शनकारियों को लेकर शिवकुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से वह जो करना चाहते हैं, कर सकते हैं लेकिन तोड़फोड़ बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बंगलूरू में दुनिया भर से निवेशक आते हैं और लोग यहां आकर अपनी आजीविका चलाते हैं। उन्हें धमकाया नहीं जाना चाहिए।

वहीं दुकानों में तोड़फोड़ करने वाले कर्नाटक रक्षण वेदिके के अध्यक्ष टीए नारायण गौड़ा समेत 29 कार्यकर्ताओं को बंगलूरू की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। पुलिस ने इन्हें बुधवार को गिरफ्तार किया था।

# भारत ने पाक से की हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग

- भारत में मोस्ट वॉन्टेड है हाफिज सईद
- पाकिस्तान में चुनाव लड़ रही हाफिज सईद की पार्टी
- मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी



**इस्लामाबाद।** भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले से ये खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है।

भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है। बता दें कि हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल जेल की सजा सुनाई गई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज सईद को आतंकी घटनाओं के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है। पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग प्रतिबंधित संगठन जमात उद दावा की राजनीतिक शाखा है।

# हम ज्यादा अधिनायकवादी बन गए हैं: सैम

- लोकसभा चुनाव में भाजपा जीत सकती है 400 सीटें
- ईवीएम को लेकर सवाल उठाते रहे हैं विपक्षी नेता



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सैम पित्रोदा ने गुरुवार को ईवीएम को लेकर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि अगर ईवीएम से जुड़े मुद्दे को नहीं सुलझाया गया तो 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा 400 से ज्यादा सीटें जीत सकती है। एक इंटरव्यू में सैम पित्रोदा ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव भारत की किस्मत का फैसला करने वाला होगा। बता दें कि विपक्ष के कई नेता ईवीएम में गड़बड़ी को लेकर आशंका जाहिर कर चुके हैं। हालांकि चुनाव आयोग ने इन आरोपों को खारिज कर दिया है।

ईवीएम को लेकर चिंता जाहिर करते हुए पित्रोदा ने एक एनजीओ की द सिटीजन्स, कमीशन ऑन इलेक्शन की रिपोर्ट का हवाला दिया। जिनमें वीवीपैट के मौजूदा डिजाइन में बदलाव की सिफारिश की गई थी ताकि असल में इसे वोटरों द्वारा सत्यापित बनाया जा सके। पित्रोदा ने कहा कि पहले मैंने इस बात का इंतजार किया कि चुनाव आयोग इस पर कुछ करेगा लेकिन जब कुछ नहीं हुआ तो मैंने इसके खिलाफ बोलने का फैसला किया। मुझे लगता है कि इस रिपोर्ट के आधार पर लोगों में ईवीएम को लेकर विश्वास की कमी है और चुनाव आयोग को इस विश्वास को बहाल करने के लिए कदम उठाने चाहिए। पित्रोदा ने कहा कि %मुझे लगता है कि देश में लोकतंत्र पटरी से उतर गया है और हम बहुत ज्यादा अधिनायकवादी बन गए हैं। यह सिर्फ वन मैन शो है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने ईवीएम को लेकर हैकाथोन का भी आयोजन किया था, जिसमें सभी दलों की ईवीएम को लेकर उनकी आशंकाएं साफ करने की कोशिश की गई थी। हालांकि इसके बावजूद कई विपक्षी नेता, जिनमें कांग्रेस नेता भी शामिल हैं, ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाते रहे हैं। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव के बाद भी कांग्रेस के कई नेताओं ने ईवीएम को लेकर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस की मांग है कि ईवीएम के साथ 100 प्रतिशत वीवीपैट (वोटर वैरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल) मशीनों का इस्तेमाल किया जाए और वोट के बाद पर्ची बॉक्स में गिरने के बजाय मतदाता को मिलनी चाहिए। सैम पित्रोदा ने कहा कि हाल ही में अयोध्या के राम मंदिर को लेकर दिए गए उनके बयान को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। वह सिर्फ संविधान की रक्षा करने की बात कर रहे थे। धर्म हर किसी का निजी मामला है और इसे राजनीति से नहीं मिलाया जाना चाहिए। बता दें कि सैम पित्रोदा ने अपने हालिया बयान में कहा था कि जब पूरा देश राम मंदिर और राम जन्मभूमि पर अटका हुआ है तो यह ट्रेंड मुझे परेशान करता है। प्रधानमंत्री अपना सारा समय मंदिरों में ही दिखते हैं। इससे मुझे चिंता होती है। इसके बदले में ये चाहूंगा कि वे स्कूल जाएं, पुस्तकालय जाएं, विज्ञान केंद्र जाएं और बार-बार मंदिरों का दौरा न करें।

## बंगाल में भाजपा के खिलाफ लड़ाई का नेतृत्व करेगी टीएमसी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी(माकपा) और कांग्रेस पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ मिलीभगत करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि टीएमसी आगामी लोकसभा चुनाव में राज्य में भाजपा के खिलाफ लड़ाई की अगुवाई करेगी। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की प्रमुख ममता बनर्जी ने राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के देगंगा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपाविपक्षी दलों के नेताओं पर चोर का ठप्पा लगा रही है। उन्होंने कहा कि देश में एक ऐसी व्यवस्था बन गयी है जहां लोकतंत्र का संचालन केंद्रीय एजेंसियों द्वारा किया जा रहा है। ममता ने कहा, माकपा, भाजपा और कांग्रेस ने पश्चिम बंगाल में गठबंधन बनाया है और सक्रिय रूप से हमारे खिलाफ प्रचार कर रहे हैं। विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस राष्ट्रव्यापी स्तर पर भाजपा का मुकाबला करेगा।

# एक व्यक्ति एक पद सिद्धांत पर महासचिव पद छोड़ा: विजयवर्गीय

**इंदौर।** मध्य प्रदेश में मंत्री बनने के बाद कैलाश विजयवर्गीय ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की। फिर एक व्यक्ति एक पद के सिद्धांत का हवाला देकर राष्ट्रीय जिम्मेदारी से खुद को मुक्त कर लिया। पार्टी अध्यक्ष नड्डा के साथ फोटो साझा करते हुए कैलाश विजयवर्गीय ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा जी से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफ़ा सौपा।

मेरा सौभाग्य रहा कि मैंने 9 वर्ष तक पहले अमित शाह जी और फिर जेपी नड्डा जी के मार्गदर्शन में देश के विभिन्न स्थानों पर संगठन को गढ़ने में प्राण-प्रण से कार्य किया। अब मुझे पार्टी ने मध्यप्रदेश में एक नई भूमिका के लिए भेजा है। मैं प्रधानमंत्री जी का संकल्प वर्ष 2047 में भारत, विश्व का शक्तिशाली देश बने। इस दिशा में मध्यप्रदेश को शक्तिशाली बनाने के लिए हम माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी और गृहमंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में कार्य करेंगे। मेरा विश्वास है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास की एक नई इबारत लिखेगा। आज मैं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मिला। हमारी पार्टी के सिद्धांत एक व्यक्ति एक पद के अनुसार मैंने महासचिव पद से उन्हें इस्तीफ़ा सौपा।



दिल्ली में नड्डा से मिले विजयवर्गीय

**नौ साल पहले बने थे महासचिव**

कैलाश विजयवर्गीय को नौ साल पहले राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी मिली थी। तब वे मध्य प्रदेश सरकार में नगरीय प्रशासन मंत्री थे। इस्तीफा देकर केंद्र की राजनीति में गए थे।

# शीत लहर ने पकड़ा जोर, बाजारों में छाया सन्नाटा

*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** लगातार दो दिन से कोहरा पड़ने से ठंड का प्रभाव बढ़ता ही जा रहा है। कल शाम से ही कोहरे की मोटी चादरछाई थी आज सुबह भी सूर्य देवता औछल रहे और यह कड़ाके की ठंड ने जन-जीवन को प्रभावित किया। कड़ाके की ठंड ने जहां लोगों को ठंड का अहसास करवाया, वहीं बच्चों बुजुर्गों को घरों में रहने को मजबूर कर दिया।सुबह घने कोहरे से भी कई मुख्य मार्गों पर सुबह व शाम के समय घने कोहरे के कारण यातायात के साधनों को ब्रेक लगाती नजर आई और वाहन धीमी गति में अपने गंतव्य की ओर बढ़ने को मजबूर थे वहीं दुकानदारों का कहना है कि आग के सामने कैसे दिन बीत जाता है, पता ही नहीं लगता।कड़ाके की सर्दी व कोहरे के कारण शहर के बाजारों में सन्नाटा छा गया है, जहां लोग बहुत कम संख्या में दिखाई दे रहे हैं।लगातार दो दिन से पड़ रही ठंड को फसलों के लिए लाभदायक बताया जा रहा है जब कि खेतों में काम करने वाले मजदूरों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। खेतों में सब्जियों की काश्त का काम मुश्किल साबित हो रहा है, जिसके लिए किसानों को दिहाड़ी भी अधिक देनी पड़ रही है।धुंध गेहूं के उत्पादक बढ़ाने में है काफी लाभदायक कृषि माहिरों ने कड़ाके की सर्दी व धुंध को सर्दी की मुख्य फसलों के लिए लाभदायक बताया। उन्होंने कहा कि यह धुंध गेहूं के उत्पादक बढ़ाने में काफी लाभदायक है। उन्होंने बताया कि जो अग्रिम गेहूं को अब इस धुंध ने कोहरे के रूप में गिर कर ओर पानी की जरूरत को एक्स परंतु गेहूं के लिए इसका भारी लाभ हो रहा है।

### डीएम ने आरआई अनंगपाल सिंह को किया सस्पेंड, अटैच किया धौरहरा

**लखीमपुर खीरी।** तहसील मोहम्मदी में राजस्व निरीक्षक क्षेत्र कार्य अनंगपाल सिंह के विरूद्ध डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने विभागीय कार्यवाही शुरू करते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया और धौरहरा तहसील के भूलेख अनुभाग से अटैच किया।

# सरकार के द्वारा प्रयास के बावजूद भी आवारा पशुओं से नहीं मिल पा रही है निजात

*अवधनामा संवाददाता*



**मोहम्मदी खीरी।** नगर से लेकर ग्रामों तक आवारा पशुओं के द्वारा फसलों को बर्बाद किए जाने से किसान तंग आकर परेशान हो रहे हैं रात-रात जागकर फसलों को बचाने का कार्य करते हैं फिर भी जरा सी चूक होने के कारण आवारा पशुओं किसानो की फसल चर लेते हैं वही आपको बताते हुए चले की विकास खंड मोहम्मदी क्षेत्र में कई गौशालाएं संचालित हैं फिर भी आवारा पशुओं से किसानों को निजात नहीं मिल रही है सरकार के द्वारा प्रयास के बावजूद भी आवारा पशुओं से निजात नहीं मिल पा रही है झुंडों में घूम रहे आवारा पशु जब अचानक रास्ते को क्रॉस करते हैं या आपस में लड़ते हैं जिससे राहगीरो को दुर्घटना का भय बना रहता है कई लोग दुर्घटना का शिकार भी हो चुके हैं आवारा पशुओं लोगों की जान के साथ खुलेआम खिलवाड़ कर रहे हैं आवारा पशुओं के चलते लगातार सड़क दुर्घटनाएं होती जा रही हैं और गौशालाओं में हालात खराब होने के चलते आवारा जानवर चलते फिर हाईवे पर अपना ठिकाना बना रहे हैं आवारा जानवरों के चलते कई लोगों की सड़क दुर्घटना से मौत भी हो चुकी है और कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो चुके हैं लेकिन इस पर कोई भी प्रयास प्रशासन द्वारा कठोरता से नहीं लिया जा रहा है जिसके चलते हाईवे पर चलने वाले वाहन चालक इन आवारा जानवरों के चलते दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं इससे पहले भी कई लोग सड़क दुर्घटना में घायल होकर गंभीर रूप से पीड़ित हो चुके हैं फिर भी प्रशासन आवारा पशुओं को लेकर संजीदा नहीं है आवारा जानवर इतने ज्यादा फैले हुए हैं कि लोग सुरक्षित घर तक पहुंच जाएं यह बहुत बड़ी बात है सुबह नगर में स्कूल के टाइम बच्चे अपने स्कूल जाते हैं उसी समय आवारा पशुओं का जमावड़ा हर जेपी इण्टर कालेज रोड पर हर घूरे के पास लगा रहता है और आपस में लड़ते हैं इस बीच अगर कोई बच्चा घायल हो जाता है तो उसका जिम्मेदार कौन होगा आवारा पशुओं को गौशालाओं में पहुंचाने में प्रशासन और क्या करता है यह बड़ा सवाल लोगों के मन में बना हुआ है।

### विभिन्न थाना क्षत्रों से हुई अभियुक्तो की गिरफ्तारी



**लखीमपुर खीरी।** थाना निघासन पुलिस द्वारा अभियुक्तगण अवधेश पुत्र मूलचन्द्र बब्लू उर्फ बल्लू पुत्र महादेव सर्वेश पुत्र स्व0 लालाराम पन्चू पुत्र देवतादीन उर्फ घूरेलाल सर्व निवासीगण नयापुरवा हरदी थाना धौरहरा जिला खीरी को ग्राम तारानगर चौराहे से पुलिस हिरासत में लिया गया है। अभियुक्त अवधेश उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, अभियुक्त बब्लू उर्फ बल्लू की जामा तलाशी से एक अदद लोहे की राड, अभियुक्त सर्वेश उपरोक्त की जामा तलाशी से एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर एवं अभियुक्त पन्चू की जामा तलाशी एक अदद प्लास व पेंचकस की बरामदगी हुई है। व मु0अ0सं0 686/23 धारा 401 भा0दं0वि0 बनाम अवधेश पुत्र मूलचन्द्र बब्लू उर्फ बल्लू पुत्र महादेव सर्वेश पुत्र स्व0 लालाराम पन्चू पुत्र देवतादीन उर्फ घूरेलाल सर्व निवासीगण नयापुरवा हरदी थाना धौरहरा मु0अ0सं0 687/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम भा0दं0वि0 बनाम अवधेश पुत्र मूलचन्द्र निवासी नयापुरवा हरदी थाना धौरहरा जिला खीरी व मु0अ0सं0 688/23 धारा 3/25 आयुध अधिनियम बनाम सर्वेश पुत्र स्व0 लालाराम निवासी नयापुरवा हरदी थाना धौरहरा जिला खीरी के विरूद्ध पंजीकृत किये गये। सभी अभियुक्तगण को नियामानुसार कार्यवाही कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

# कांग्रेसियों ने स्थापना दिवस पर किया कार्यक्रमों का आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कांग्रेस के 139 में स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कार्यालय व महानगर कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । दोनों कांग्रेस कार्यालयों में ध्वजारोहण पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा द्वारा किया गया ।

इस अवसर पर पूर्व विधायक सुरेंद्र कपिल ने सभी को कांग्रेस के 139वे स्थापना दिवस के मौके हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे स्वतंत्रता सेनानियों ने कांग्रेस के झंडे के नीचे अनेकों अनेक कुर्बानियां और अपने जीवन की आहुति देकर इस देश की आजादी के लिए संघर्ष किया, जिनके संघर्ष को कभी भुलाया नहीं जा सकता हम अपने समस्त स्वतंत्रता सेनानियों को शत-शत नमन करते हैं । सुरेंद्र कपिल ने अपने संबोधन में देश की आजादी में कांग्रेस के संघर्ष व आजादी के बाद राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस के योगदान को याद करते हुए कहा कि आज कांग्रेस स्थापना दिवस पर कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचकर सभी नागरिकों को सच्चाई से अवगत कराकर भाजपा के दुष्प्रचार तंत्र से बचना होगा। कांग्रेस स्थापना दिवस को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण चौधरी, कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा, पीसीसी धर्मपाल जोशी, पीसीसी नरेंद्र शर्मा, पीसीसी धर्मवीर जैन, पीसीसी अक्षय चौधरी, जिला उपाध्यक्ष चंद्रजीत सिंह निक्कू, मनीष त्यागी, कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, एससी एसटी के जिला अध्यक्ष मुनीष सहगल ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन महानगर महासचिव अमरदीप जैन ने किया।

# बुढ्ढाखेड़ा के जंगल में गौ तस्करों की मुठभेड़, चार गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** गौकशी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज थाना कोतवाली देहात व थाना चिलकाना ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मुठभेड़ कर चार गौ तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध अस्लाह, गौकशी के उपकरण व घटना में प्रयुक्त बाईक भी बरामद की है।

एसएसपी के निर्देश पर गौकशी करने वालों के खिलाफ चलाये जा रहे सघन चैकिंग अभियान के दौरान दिन चढ़ते ही आज थाना चिलकाना व थाना देहात कोतवाली पुलिस की गौ तस्करों से मुठभेड़ हो गयी, जिसमें पुलिस व गौ तस्करों के बीच फायरिंग हुई। पुलिस ने साहस का परिचय देते हुए चार गौ तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। गौरतलब रहे थाना कोतवाली देहात पुलिस को गौकशी करने वालो की सूचना मिली थी, जिस पर थाना देहात कोतवाली प्रभारी सत्येन्द्र प्रकाश व थाना प्रभारी चिलकाना विनय शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त पुलिस टीम गठित की गयी। मिली सूचना के आधार पर पुलिस चैकिंग कर रही थी कि इसी बीच 01 बाईक बुढ्ढाखेड़ा की तरफ से आती दिखाई दी, पुलिस टीम ने मोटर साईकिल की तरफ टार्च दिखाकर रुकने का इशारा किया तो मोटर साईकिल सवार व्यक्तियों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग करते हुए बुढ्ढाखेडा के जंगल की तरफ दो बदमाश फरार हो गए थे, जबकि मौके से जानी उर्फ जानमौहम्मद पुत्र वहीद निवासी बुढ्ढाखेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर व अदनान पुत्र कय्यूम निवासी बुढ्ढाखेडा थाना चिलकाना जनपद सहारनपुर को मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान बुढ्ढाखेडा मोड से गिरफ्तार किया। फरार दो बदमाशों का पुलिस ने पीछा कर उन्हें घेर लिया, जिस पर उन्होंने पुलिस टीम पर फायरिंग की, जिसकी जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया, जिसकी पहचान बुरहान कुरैशी पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम बुढ्ढाखेडा थाना चिलकाना के रुप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा .315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस .315 बोर व 01 खोखा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ। घायल बदमाश बुरहान थाना कोतवाली देहात में विभिन्न मुकदमों में वाछित था। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल सहारनपुर भेजा गया तथा अभियुक्त बुरहान के 01 साथी को भी पुलिस टीम ने पकड लिया। जिसने अपना नाम खुशनूद पुत्र कय्यूम निवासी ग्राम बुढ्ढाखेडा थाना चिलकाना सहारनपुर बताया। अभियुक्तों के विरूद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। पूछताछ करने पर जानकारी हुई कि अभियुक्त आस-पास के क्षेत्रों से गौवंश चोरी कर रात्रि में जंगल में ले जाकर एकान्त स्थान पर गौकशी करते है। गौमांश को आस-पास के क्षेत्रो मे बेचकर धन अर्जित करते है। गौकशी से प्राप्त धन को आपस में बांट लेते है, जिससे अपनी जरूरतों को पूरा करते है। गौतस्करों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र प्रकाश सिंह, थानाध्यक्ष चिलकाना विनय शर्मा, उपनिरीक्षक सुनील यादव, दीपचंद यादव, चिलकाना उपनिरीक्षक सुरेश कुमार के अलावा हैड कांस्टेबल पंकज, ,हेमन्त, अरविन्द, कपिल, अनुज राणा व राहुल मोतला शामिल रहे।

### अवैध खनन व परिवहन पर प्रशासन का चला चाबुक

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चन्द्र के निर्देशानुसार अवैध खनन एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध चलाये गये अभियान के तहत आज प्रशासन का चाबुक चला, जिसके चलते एडीएम एफ ने एक वाहन का चालन कर दो वाहनों को सीज करायां जिलाधिकारी के निर्देश पर गठित जिला टास्क फोर्स ने रजनीश कुमार मिश्र, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) व प्रभारी खनन के नेतृत्व में दीपक कुमार उपजिलाधिकारी बेहट, शशि प्रकाश शर्मा क्षेत्राधिकारी बेहट, बीनू सिंह थानाध्यक्ष बिहारीगढ़, डॉ.जिया अफरोज, खान निरीक्षक व अभिलाष चौबे खान निरीक्षक ने मध्य रात्रि में उत्तराखण्ड सीमा के समीप, ग्राम सुन्दरपुर के निकट औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान, दो वाहनों को बिना वैधानिक प्रपत्रों के अवैध परिवहन करते हुये पकडे गये।

### संजीव गर्ग टैक्सेशन बार एसोसिएशन के निर्विरोध अध्यक्ष बने



**सहारनपुर।** टैक्सेशन बार एसोसिएशन के संपन्न हुए वार्षिक चुनाव में पदाधिकारियों को निर्विरोध रूप से घोषित किया गया, जिसमें संजीव गर्ग को अध्यक्ष चुना गया।

दिल्ली रोड जीएसटी कार्यालय स्थित एसोसिएशन कार्यालय पर एल्डर कमेटी की देखरेख में एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुए। जिसमें वर्ष 2024 की कार्यकारिणी निर्विरोध रूप से घोषित की गयी। कार्यकारिणी में संजीव गर्ग को अध्यक्ष, सुरेश कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राजकुमार, मौ.यूनूस को उपाध्यक्ष, विशाल मित्तल को महासचिव, अभिनव विजन, विजन, हार्दिक हार्दिक तनेजा, तनेजा, अजय सिंह सहसचिव तथा पंकज कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर एचसी मक्कड, महेश चावला, राजेश उपाध्याय, मुकेश दिवान, स्वराज गर्ग, अजय वर्मा, संजीव शर्मा, सैयद माजिद अली आदि उपस्थित रहे।

# लोकसभा चुनाव में शिक्षक सभा की होगी महत्वपूर्ण भूमिका: डॉ.लल्लन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सपा शिक्षा सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ.लल्लन सिंह ने कहा कि 2024 के होने वाले लोकसभा चुनाव में शिक्षक सभा की महत्वपूर्ण भूमिका होगी और शिक्षक भी इस चुनाव में अपना विशेष योगदान देंगे। राष्ट्रीय सचिव लल्लन सिंह आज लखनऊ से यहां सपा जिला कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव लल्लन सिंह ने कहा कि देश प्रदेश की भाजपा सरकार ने आम आदमी को पूरी तरह परेशान कर दिया है। भ्रष्टाचार महंगाई बिगड़ी कानून व्यवस्था से हर कोई बेहाल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 2024 में जीत का लक्ष्य निर्धारित कर चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष चौधरी अब्दुल वाहिद ने कहा कि 2024 का होने वाला लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा। इसलिए हमें पूरी ताकत के साथ इस चुनाव में जीत हासिल करनी होगी और यह जीत तभी मिलेगी, जब हम पूरी मेहनत से चुनाव में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार फिर धर्म जाति के नाम पर समाज को बांटने का काम कर रही है, जो देश की धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का प्रयास है, जिसका हमें एक जुटता से जवाब देना होगा। प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य फैसल सलमानी ने कहा कि सभी लोग एक राय होकर लोकसभा चुनाव की तैयारी में लगे और भाजपा के कुशासन से जनता को बचाने का काम करें। शिक्षक सभा के प्रदेश सचिव महताब अली, शिक्षक सभा के नेता सीताराम सहगल, अब्दुल गफूर, पार्षद फहाद सलीम, डॉ.फुरकान गौरी, हसीन अहमद, अमरीश चौटाला, मोहम्मद अजहर, जुमला सिंह, जिंदा हसन, फिरोज आलम, विशाल यादव, वेदपाल पटनी आदि मौजूद रहे।

# दूसरों के लिए प्रेरणा बन रही साहिब जी नगर कॉलोनी

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** आईटीसी रोड स्थित वार्ड 18 की कॉलोनी साहिब जी नगर अपनी अनेक अनूठी पहल के कारण एक आदर्श और प्रेरक कॉलोनी बनकर सामने आई है। कॉलोनी में प्रवेश करते ही एंट्री गेट पर दाये हाथ कॉलोनी का मैप आपका स्वागत करता है। आप गेट पर खड़े होकर ही कॉलोनी का ब्लॉक, गली नंबर और गंतव्य स्थल जान सकते हैं। एक बात और यदि आपकी गाड़ी पर कॉलोनी का स्टीकर नहीं है तो गार्ड एंट्री करते ही आपसे पहले पूछताछ करेगा। शहर की इस कॉलोनी में इसके अलावा शत प्रतिशत डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन, महिलाओं द्वारा घरों पर होम कम्पोस्टिंग, सीनियर सिटीजन द्वारा कम्युनिटी कम्पोस्टिंग व पौधारोपण और पार्कों का रख रखाव आदि कॉलोनी की ऐसी व्यवस्थाएं है जिनसे कॉलोनी को व्यवस्थि रखने का सलीका साहिब जी नगर से कोई भी सीख सकता है।

ब्रहस्पतिवार की सुबह नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज आज साहिब जी



नगर में सफाई व उद्यान आदि के कार्यो का निरीक्षण करने वहां पहुंची तो यह सब व्यवस्थाएं सामने आयी। नगरायुक्त ने कॉलोनी की इस नयी पहल पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा दूसरी कॉलोनी के लोगों को वहां बुलवाकर परस्पर समन्वय के साथ टेऊनिंग दिलायी जायेगी, ताकि शहर में अन्य कॉलोनियों को भी ऐसी ही आदर्श कॉलोनी बनाया जा सके। ब्रहस्पतिवार की सुबह नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज निगम के जलकल, स्वास्थय, उद्यान और निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड 18 के साहबजी नगर पहुंची थी।

उन्होंने कॉलोनी में साफ सफाई का निरीक्षण करने के दौरान कॉलोनी वासियों से जानकारी ली। कॉलोनी के अध्यक्ष हरिमोहन सागर व ओमबीर सिंह,पंकज कपूर, राजीव कश्यप आदि मौहल्ला समिति के लोगों ने निगम की सफाई व्यवस्था की सराहना करते हुए बताया कि उनकी कॉलोनी से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर घर से 60 रुपये एकत्र किया जाता है जिससे वेस्ट कलेक्टर को सेलरी दी जाती है। नगर निगम द्वारा सिक्स बिन गाड़ी वेस्ट कलेक्टर को दी गयी है। समिति ने बताया कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल के सहयोग से वेस्ट कलेक्टर सूखा कूड़े के उपयोगी सामान को बेचकर तीन हजार रुपये तक की आय अतिरिक्त कर लेता है। समिति सदस्यों ने बताया कि वेस्ट कलेक्टर को पारिश्रमिक देने के बाद जो धन बचता है उससे कॉलोनी का मैप, गाडियों के एंट्री स्टीकर और गलियों के बोर्ड आदि बनवाकर कॉलोनी को व्यवस्थित किया गया है। मौहल्ला समिति के हरिओम वालिया, रविन्द्र डोगरा, राजेश कपूर, राकेश मिड्ढ़ा, नरेन्द्र शर्मा, अजय गोयल, योगराज, सौरभ भंडारी, व गौरव अनेजा ने नगरायुक्त को बताया कि आईटीसी मिशन सुनहरा कल उमंग के सहयोग से कॉलोनी के अधिकांश लोग स्वयं ही गीले कूड़े से होम कम्पोस्टिंग व कम्युनिटी कम्पोस्टिंग भी कर रहे है।

# मण्डल में कहीं भी न मिले निराश्रित गोवंशः मण्डलायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र को मिलना चाहिए। साथ ही पेंशन संबंधी पत्रावलियों को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखने के सख्त निर्देश दिए। उन्होने कहा कि जनशिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण के लिए अधिकारी प्रतिदिन अपना विभागीय पोर्टल चौक करें। उन्होने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं में मण्डल की रैंकिंग प्रभावित हो रही है उनको अलग से चिन्हित करते हुए कार्ययोजना बनाकर सुधार लाते हुए कमियों को दूर करें। मंडलायुक्त डा. हृषिकेश भास्कर यशोद सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड के आधार पर माह नवम्बर के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। डॉ.हृषिकेश भास्कर यशोद ने हस्ताक्षरित एमओयू में से अधिक से अधिक उद्यमियों को ग्राउण्ड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए तैयार किया जाए। इस कार्य के लिए उद्यमियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए ताकि उन्हे अपने उद्योगों को धरातल पर उतारने में कठिनाई न हो। इसी के साथ उप श्रमायुक्त के बैठक में अनुपस्थित रहने एवं श्रम विभाग की खराब कार्यशैली पर मण्डल की प्रभावित रैंकिंग पर नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मजिस्ट्रेट के माध्यम से श्रम विभाग का निरंतर औचक निरीक्षण कराया जाए। उन्होने निर्देश दिए कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवसों में उपश्रमायुक्त उपस्थित होकर श्रम विभाग की स्टॉल लगवाना सुनिश्चित करें।

# डॉ आसिफ सिद्दीकी को यूथ आईकॉन आफ होम्योपैथी अवार्ड से किया गया सम्मानित

**डलमऊ, रायबरेली।** डॉ आसिफ अहमद सिद्दीकी को यूथ आईकॉन ऑफ़ होम्योपैथ अवार्ड से सम्मानित किया गया। 25 दिसंबर को बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड की ओर से गोमती नगर स्थित इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक डॉ दिनेश दुबे राजसभा सदस्य डॉ दिनेश शर्मा एच एम आई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रामजी सिंह बॉलीवुड सिंगर पदमश्री कैलाश खेर के साथ-साथ वरिष्ठ भारतीय क्रिकेटर कपिल देव और मदनलाल इस महोत्सव में होम्योपैथी चिकित्सकों को सम्मानित किया जिसमें रायबरेली जिले के कस्बा डलमऊ से डॉक्टर आसिफ अहमद सिद्दीकी को सम्मानित किया गया रायबरेली जिले से सिर्फ डॉक्टर आसिफ सिद्दीकी को यूथ आइकन ऑफ़ होम्योपैथ अवार्ड से सम्मानित



किया गया जो कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है यह सम्मान होम्योपैथी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया इसके साथ ही क्रिकेट फील्डिंग की दुनिया के बेताज बादशाह जोंटी रोड युवा चिकित्सकों से रूबरू हुए कविराज कुमार विश्वास की कविताएं हर उम्र के लोगों में उत्साह और आनंद का संचार किया इसके साथ ही एजी अप पुलिस आईपीएस नवनीत सिकेरा मोटिवेशनल संवाद स्थापित कर युवाओं में जोश का संचार किया संस्कृत शास्त्र में इंडियन आइडल फेम पवनदीप और अरूणिता की जोड़ी ने शाम को यादगार बना दिया तमाम युवा चिकित्सक के हर वर्ग के चिकित्सक रात रात भर संगीत का आनंद लिया वरिष्ठ कवि डॉक्टर हरिओम पवार वीर रस की कविताओं का पाठ करके चिकित्सकों को गौरवान्वित किया जबकि युवा कवि स्वयं श्रीवास्तव जीवन के संघर्ष की कहानी अपने खास अंदाज में पेश किया इसके साथ ही बॉलीवुड और होम्योपैथी जगत के कई नाम चीन चेहरे इस महोत्सव को कर चांद लगा दिए पर नेट कंपनी होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर डॉक्टर नीतिश चंद्र दुबे होंगे डॉ आसिफ सिद्दीकी ने कहा कि हम बर्नेट कंपनी के पदाधिकारी अनुज दुबे डॉक्टर उमंग खन्ना सैफ रहमान एवं बर्नेट कंपनी के तमाम टीम धन्यवाद के पात्र हैं जिन्होंने हम सभी देश-विदेश के चिकित्सको का सम्मान किया।

### जिला अभियोजन की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई



*अवधनामा संवाददाता*

**गाजियाबाद।** जिला अभियोजन की समीक्षा बैठक महात्मा गाँधी सभागार कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। सेसन कोर्ट में कुल 26 वाद निस्तारित हुए, जिसमें से 13 वाद दोष मुक्त 13 को सजा हुई। दोष मुक्त वादों में विवेचना की तृटि के कारण एक मुकदमा दोष मुक्त हुआ, जिसमें फरद में गवाही देने से इंकार करने वाले व्यक्ति का नाम पूछने का उल्लेख नही तथा घटना स्थल बैंक के नजदीक होने के कारण बैंक के किसी कर्मचारी द्वारा गवाही न देने के कारण, सजा हुए मामलों में पॉस्कों न्यायालय से 20 वर्ष की सजा तथा 02 मामलों में 10-10 वर्ष की सजा हुई है। गैंगस्टर के सभी मामलों में सजा हुई है। पॉस्कों मामले में 04 वादों में सजा हुई है। अपर न्यायालय के कोर्ट में निर्णय हुए 02 मामले में सत्र न्यायालय में दोष मुक्ति में हुए है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रणविजय सिंह, न्यायालय के पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

अवधनामा


# भगवान का जब बुलावा आता है तभी दर्शन होते हैं: अखिलेश यादव

- भाजपा को यूपी की सभी 80 सीटों पर हराने का काम करेंगे



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जाने के सवाल पर कहा कि हम सभी लोग उस परंपरा को मानते हैं कि जब भगवान बुलाते हैं तभी दर्शन होते हैं। उन्होंने कहा कि घर से भगवान के दर्शन करके निकलते हैं। सीढ़ी उतरते ही भगवान के दर्शन होते हैं। दरवाजा खोलते ही भगवान के दर्शन होते हैं। अब आप ही बताइए कि किस भगवान के दर्शन करने जाऊं।

गुरुवार को सपा मुख्यालय में समाजवादी महिला सभा के राष्ट्रीय सम्मेलन में अखिलेश यादव ने पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए। स्वामी प्रसाद मौर्य के विवादित बयानों पर उन्होंने कहा कि ये भाजपा वालों से पूछना चाहिए क्योंकि वे भाजपा में पांच साल रहे। आखिरकार उनके दल में रहकर उन्होंने इस तरह के बयान क्यों नहीं दिए फिर बोले कि ये उनके व्यक्तिगत विचार हैं।

सपा सभी धर्मों का सम्मान करती है। पुलिस भर्ती में उम्र बढ़ाने के बाद जयंत चौधरी के बयान ये उनका न्यू ईयर गिफ्ट है पर अखिलेश ने सवाल किया, जयंत चौधरी को रिटर्न गिफ्ट में क्या मिला। फिर बोले कि सपा ने भी उम्र बढ़ाने की मांग की थी। उम्र को लेकर पूरे प्रदेश के नौजवान आक्रोश में थे। सरकार नौजवानों के आक्रोश से डरती है, इसीलिए उनकी मांग स्वीकार की।

उन्होंने तंज कसा कि चुनाव करीब हैं इसलिए नौकरी की बात की है लेकिन रिजल्ट वोट पड़ने के बाद भी नहीं आएगा। सपा प्रमुख ने कहा कि लोकसभा चुनाव की लगातार तैयारी हो रही है। गठबंधन बनने के बाद यूपी की 80 सीटें हराने का काम करेंगे और भाजपा को हटाएंगे। उन्होंने कहा कि संविधान और नारी सम्मान दोनों बचाएंगे। महिलाओं को लेकर बोले कि लोकसभा चुनाव में समाजवादी महिला संगठन पूरी ईमानदारी के साथ सपा को जिताने का काम करेगा। सपा ने हमेशा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं की बात उठाई है। सबसे ज्यादा गैर बराबरी का सामना महिलाओं को करना पड़ता है। आरोप लगाया कि यूपी में महिलाएं सबसे ज्यादा असुरक्षित हैं। महिलाओं को मणिपुर याद है। सभी ने इस कांड की निंदा की लेकिन भाजपा ने नहीं की।

### हमारी सरकार बनती तो 3000 रुपये पेंशन देते

महिला सुरक्षा पर सपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा को लेकर 1090 हेल्पलाइन शुरू की। सभी राज्यों के साथ सुप्रीम कोर्ट ने तारीफ की। न्यूट्रीशन मिशन में गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार मिलता था। समाजवादी पेंशन 500 रुपये दे रही थी। हमारी सरकार बनती तो गरीब महिलाओं को 3000 रुपये देती। महिला सम्मेलन में प्रस्ताव रखेंगे कि सपा अपने घोषणा पत्र के अनुरूप महिलाओं को 3000 रुपये महीना समाजवादी पेंशन देगी। महिला पहलवानों द्वारा सम्मान लौटाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सपा उनके साथ है। पदाधिकारियों की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह और प्रदेश अध्यक्ष नीरू श्रीवास्तव सहित भारी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता थे।

# प्रत्याशी चयन में निर्णायक भूमिका निभाएगा भाजपा का जनमन सर्वे

**लोकसभा चुनाव 2024**

- ली जा रही रिपोर्ट
- 31 को लखनऊ आएंगे जेपी नड्डा



**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी चयन में नमो एप का जनमन सर्वे निर्णायक भूमिका निभाएगा। पार्टी की ओर से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बनाए जा रहे विकसित भारत एम्बेसडर अपने सर्वे में अपने सांसद की रिपोर्ट दे रहे हैं। पार्टी की ओर से केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक एप पर सभी एम्बेसडर जनमत सर्वे में शामिल होंगे। इसमें अपने स्थानीय सांसद की क्षेत्र में उपलब्धता, जनता से व्यवहार, विकास कार्य सहित अन्य मुद्दों पर सांसद की रैंकिंग कर रहे हैं। पार्टी नेतृत्व ने तय किया है कि चुनाव में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में प्रत्याशी चयन में इस सर्वे को भी आधार बनाया जाएगा। सर्वे में जिस मौजूदा सांसद की रिपोर्ट खराब होगी, उसके टिकट पर तलवार लटक सकती है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने बताया कि इसका उद्देश्य यह है कि जनता जिन्हें पसंद नहीं कर रही है, उसे प्रत्याशी बनाकर मतदाताओं पर थोपा नहीं जाए। इसके जरिये प्रत्याशी चयन में जनभागीदारी सुनिश्चित करना भी बड़ा मकसद है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 31 दिसंबर को लखनऊ आएंगे। वे मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र में होने वाली महिला हाफ मैराथन दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे और महिला सशक्तीकरण कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने बताया कि 21 किमी. लंबी दौड़ के लिए चार हजार महिलाओं ने पंजीकरण कराया है।

# श्रीराम जन्मभूमि पूजित अक्षत कलश यात्रा दयानंद बस्ती की निकली

- 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत का वितरण




**गाजीपुर।** अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि से आया पूजित अक्षत कलश नगर के घर घर सभी सनातनियों में वितरित किया जाएगा। इस महा अभियान की शुरुआत गुरुवार को संघ कार्यालय से दयानंद बस्ती भेज कर की गई । जिसमें बड़ी संख्या स्वयंसेवक और माताएं बहने आए हुए थे। संघ कार्यलय पर महाअभियान के नगर संरक्षक विक्रम अग्रहरि, श्री प्रकाश केसरी व संयोजक अशोक राय जी ने बस्ती प्रमुख अभय केसरी जी को सौपा ।अक्षत प्राप्त करने के बाद शंख घंटी ढोल नगाड़े बजाते हुए यह कलश यात्रा कई मोहल्ले में भ्रमण किया। जय श्री राम का जय घोष कर महर्षि दयानंद बस्ती के दुर्गा काली माता मंदिर ले जाकर रखा गया। 1 जनवरी से बस्ती प्रमुख के ही नेतृत्व में प्रत्येक सनातनियों के घर 15 जनवरी तक पहुंचाया जाएगा। इस अवसर पर जिला संघ चालक जयप्रकाश वर्मा नगर संघ चालक दीनदयाल जायसवाल नगर कार्यवाहक अंजनी श्रीवास्तव , भाजपा नगर अध्यक्ष सुनील वर्मा, सभासद उषा जायसवाल , मिडिया प्रभारी हिमांशु राय व गर्वजीत सिंह ,मनीष जायसवाल, सुधीर केसरी, अमन शर्मा, रंजीत चौधरी ,वरुण वर्मा, अंजू देवी, रीता वर्मा, विनोद विश्वकर्मा, कलावती देवी,आशा देवी, मीना देवी, सह नगर कार्यवाह अभिषेक शौंडिक, अमर जीत सिंह, हृदय प्रकाश वर्मा, हिमालय जयसवाल, मनोज जयसवाल आदि लोगो मौजूद रहे।

# राज्यपाल ने किया मेधावियों को सम्मानित

- सीएसए का 25वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न
- 599 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई





**लखनऊ।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौधोगिकी विश्वविधालय कानपुर के कैलाश भवन प्रेक्षाग्रह में गुरूवार को 25वां दीक्षांत समरोह सम्पन्न हुआ, जिसमें कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की उपस्थित में 62 मेधावियों को पदक एवं पुरस्कार दिए गए। कुल 599 छात्र-छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 छात्र-छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक तथा 14 छात्र-छात्राओं को विश्वविधालय रजत पदक, 131 को कांस्य पदक एवं 21 छात्र-छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक प्रदान किया गया।

समारोह में पारितोषिक स्वरूप छात्रा अंशिका शुक्ला एवं छात्र आकाश कुमार कमल को 50 हजार रू0 का चेक दिया गया। राज्यपाल आनंदीबने पटेल, मुख्य अतिथि जीआर चिंताला पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय कृषि व ग्रामीण विकास बैंक तथा विषिष्ट अतिथि राज्यमंत्री कृषि शिक्षा एंव अनुसंधान बलदेव सिंह औलख, मंडवा प्रभाकर राव अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नुजीवीडू सीड्स लि0 हैदराबाद विश्वविधालय के कुलपति डा0 आनंद कुमार द्वारा मेधावियों को पदक दिये गये। राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा विश्वविधालय द्वारा गोद लिए गए, प्राथमिक विधालय नवीन रावतपुर के 30 छात्र-छात्राओं को पुस्तके, दलिया, पेन, फल एवं बैग आदि भेंट किएगऐ साथ ही प्राथमिक विधालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को विधालय में पुस्ताकल हेतु 200 किताबें भी भेट की गयी। इस अवसर पर जल संरक्षण के महत्व हेतु प्रेरित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। इससे पूर्व राज्यपाल आनंदीबेन द्वारा चंद्र शेखर आजाद को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि आने वाला समय महिलाओ का दिख रहा है और जब मै अगली बार कार्यक्रम में आऊंगी तो यहां मंच पर सिर्फ महिलाये होगी। उन्होने विश्वविधालय की तीसरी रैंक की प्रशंसा की तथा अगले वर्ष और अच्छी श्रेणी प्राप्त करने के लिए उत्साहवर्धन किया। उन्होने कहा कि उन्हे कोई तोहफा नही चाहिए। वे सभी को तरह तरह के सम्मान के लिए मना करती रहती है। उन्हे सिर्फ किताबें चाहिए। उन्होने कहा कि आंगनवाडी के पचास बच्चों के बीच में एक आंगनवाडी काम कर रही है। क्या मिलता है उन्हे। मै उनकी सैलरी के बारे में नही बताना चाहती, इसीलिए मैने उन्हे 20 से 25 हजार की किट देने का सोचा है, ताकि बच्चे खेल सके, पढ सकें और तेज दिमाग के साथ तैयार हो सके। मैने 10 साल गुजरात में आंगनवाडी की तरकत्रियों के साथ काम किया है, वहां कोई भेदभाव नही था। मेरा अग्रह है कि आप सभी आंगनवाडी में जोडए और देखिए कि किस तरह बच्चे पढते है। जीआर चिंताला ने कहा कि प्रदेश में कृषि निर्यात की काफी संभावनाए है तथा कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी अधिक है, इसलिए छात्र-छात्राये कृषि क्षेत्र में नवाचार कर आगे बऐ, जिससेउनका भविष्य उज्जवल हो और अपने विश्वविधालय के साथ ही माता पिता का भी नाम रोशन करे। इस अवसर पर विश्विधालय के वैज्ञानिकों द्वारा लिखित चार पुस्तकों का विमोचन भी किया गया

# बहराइच, औरैया और बदायूं में शुरू हुई डायलिसिस सुविधा

- ब्रजेश पाठक ने वर्चुअल माध्यम से किया शुभारंभ
- कोरोना टेस्टिंग बढ़ाने के दिये निर्देश



**लखनऊ।** मेडिकल कॉलेज से संबद्ध महर्षि बालार्क जिला चिकित्सालय में गुरुवार को प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने डायलिसिस केंद्र का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस केंद्र से प्रतिदिन 10 लोगों की डायलिसिस हो सकेगी। जिला मुख्यालय स्थित स्टेट मेडिकल कॉलेज में गुरुवार से जिले के लोगों को डायलिसिस की सुविधा शुरू कर दी गई है।

जिला अस्पताल में बीएसएल लैब टू में स्थापित तीन यूनिट का लखनऊ से वर्चुअल उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक और मुख्यालय पर सदर विधायक अनुपमा जायसवाल ने फीता काट कर उद्घाटन किया। विधायक ने कहा कि सरकार ने जिले के लोगों के हित में सुविधा दी है। इसका लाभ सभी वर्ग के लोगों को मिलेगा। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कहा कि यह जनपद के लिए बड़ी उपलब्धि है। अब जिले के लोगों को लखनऊ डायलिसिस के लिए चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। मेडिकल कॉलेज में यूनिट लगने से मंडल के चारों जनपद के अलावा नेपाल से आने वाले मरीजों को भी इसका लाभ मिलेगा। इस दौरान प्राचार्य डॉ संजय खत्री, सीएमओ डॉ एसके सिंह, सीएमएस डॉ एमएम त्रिपाठी, स्वास्थ्य सूचना शिक्षा अधिकारी बृजेश सिंह, मैनेजर रिजवान समेत अन्य मौजूद रहे। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर संजय खत्री ने बताया कि तीन यूनिट स्थापित हुई है। जिसके चलते प्रतिदिन 10 लोगों की डायलिसिस होगी। उन्होंने बताया कि इसका संचालन पीपी मोड पर किया जायेगा।

# 14 लाख लोगों ने राम मंदिर को दिया 10 रुपये दान, ठेले वाले ने दी थी दिन भर की कमाई

- अभियान में काशी प्रांत उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च पायदान पर रहा
- काशी प्रांत में 55906 लोगों ने चेक और रसीद के जरिये दान अर्पित किए



**लखनऊ।** राम जन्मभूमि पर रामलला के भव्य दरबार के लिए काशी प्रांत के 25 लाख लोगों ने यथासंभव धनराशि समर्पित की है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की 1506 टोलियों ने काशी प्रांत के 27 जिलों से 92 करोड़ रुपये की समर्पण राशि का संग्रह किया। इसमें सबसे ज्यादा 13 लाख 75 हजार 61 लोगों ने 10-10 रुपये का दान प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित किया है। वहीं, 55906 लोगों ने हजारों और लाखों रुपये दान में दिए हैं। अभियान में काशी प्रांत उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च पायदान पर रहा। हिंदू आस्था के बड़े केंद्र अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए विश्व हिंदू परिषद और आरएसएस ने हर घर पर दस्तक देकर समर्पण निधि का संग्रह किया है। इसके लिए काशी प्रांत के 27 जिलों में 50-50 कार्यकर्ताओं की 1506 टोलियों ने 25 लाख आस्थावानों समर्पण राशि संग्रहित की। इसके लिए बाकायदा 10,100 और एक हजार रुपये के कूपन भी देकर धनराशि एकत्रित की गई है। काशी प्रांत में सबसे ज्यादा 10 रुपये के कूपन के जरिये 13 लाख 75 हजार 61 लोगों ने अपनी आस्था भगवान के प्रति दिखाई। चार लाख 85 हजार 494 लोगों ने 100 रुपये और 72 हजार 967 हजार लोगों ने एक हजार के कूपन के जरिये भव्य मंदिर निर्माण में अपना योगदान दिया। काशी प्रांत में 55906 लोगों ने चेक और रसीद के जरिये दान अर्पित किए हैं। इसमें 21107 ने नकद लेकर रसीद प्राप्त की और 24,799 ने चेक के जरिये प्रभु श्रीराम के खाते में धनराशि दी। आरएसएस के पदाधिकारियों ने बताया कि वाराणसी के नई सड़क इलाके में समर्पण अभियान के दौरान शाम के वक्त एक ठेले वाले को जैसे पता लगा कि मंदिर निर्माण के लिए धनराशि एकत्रित हो रही है, उसने दिन भर की कमाई 110 रुपये जमा करने की इच्छा जताई। उसने 100 रुपये का कूपन अपने नाम और 10 रुपये का कूपन बेटे के नाम से लेकर मंदिर निर्माण में अपना योगदान समर्पित किया।

> काशी प्रांत में अभियान के 25 लाख लोगों से 72 करोड़ रुपये समर्पण राशि एकत्रित की गई। इसके अलावा बहुत से भक्तों ने राम जन्मभूमि न्यास के खाते में भी दान की राशि भेज दी थी। कुल मिलाकर काशी प्रांत से करीब 92 करोड़ रुपये समर्पण राशि एकत्रित हुई है।
>
> **मुरली पाल, प्रांत कार्यवाह, आरएसएस, काशी प्रांत**

### वाराणसी से प्रयागराज होते हुए आगे बढ़ेगी राहुल गांधी की यात्रा

**लखनऊ।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की पदयात्रा पूर्वांचल के कुछ जिलों से होते हुए वाराणसी-प्रयागराज के रास्ते मध्य प्रदेश की ओर जा सकती है। इसका अधिकृत रूट मैप अगले सप्ताह तक तय होने की उम्मीद है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष की ओर से 14 जनवरी से 20 मार्च तक भारत न्याय यात्रा निकालने की घोषणा की गई है। यात्रा 14 राज्यों के 85 जिलों से गुजरेगी। इसके बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ होते हुए उत्तर प्रदेश में भी पहुंचने की उम्मीद है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि कोशिश होगी कि राहुल गांधी वाराणसी भी पहुंचे।

ऐसे में संभावना है कि मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी के रास्ते यह यात्रा प्रयागराज का सफर तय करेगी। उसके बाद प्रयागराज से चित्रकूट होते हुए मध्य प्रदेश की सीमा में यात्रा प्रवेश कर सकती है। मालूम रहे कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय खुद सहारनपुर से लखनऊ तक की पदयात्रा कर रहे हैं, यह यात्रा 12 जनवरी तक चलेगी।

# अयोध्या में 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र में शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध



**लखनऊ।** अयोध्या में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए 84 कोसी परिक्रमा मार्ग क्षेत्र में शराब बिक्री को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित कर दिया है। परिक्रमा मार्ग क्षेत्र के दायरे में आने वाले सात जिलों की सभी विदेशी, देसी और बीयर की दुकानों को दूसरी जगहों पर शिफ्ट किया जाएगा। अयोध्या में आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मुलाकात के बाद यह जानकारी दी।

बता दें कि आबकारी मंत्री ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि श्रीराम मंदिर क्षेत्र को पहले से ही मदिरा मुक्त किया जा चुका है। इस दौरान चंपत राय ने 84 कोस तक शराब की दुकानों को हटाने की बात कही। इस पर आबकारी मंत्री ने बताया कि इसके निर्देश दिए जा चुके हैं और 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र को मद्य निषेध घोषित किया जा चुका है। इस क्षेत्र में आने वाली सभी दुकानें हटाई जाएंगी। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में केवल श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र में शराब बिक्री पर प्रतिबंध है। अब 84 कोसी परिक्रमा क्षेत्र को भी इसमें शामिल किया गया है। आबकारी मंत्री ने साफ किया है कि यह प्रतिबंध पूरे अयोध्या महानगर क्षेत्र पर लागू नहीं होगा। इस फैसले से परिक्रमा मार्ग क्षेत्र के 275 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सात जिलों अयोध्या, बस्ती, गोण्डा, बहराइच, बाराबंकी, सुल्तानपुर और लखनऊ का कुछ हिस्सा प्रभावित होगा। केवल अयोध्या में ही इस क्षेत्र में आने वाली 397 दुकानों को हटाया जाएगा।

# सिपाही सचिन के परिजनों को मिलेंगे 1.35 करोड़

- एसपी बोले परिवार करेगा फैसला, किसे चाहिए नौकरी
- नम आंखों से दी सिपाही को विदाई





**लखनऊ।** हिस्ट्रीशीटर के साथ मुठभेड़ में जान गंवाने वाले जांबाज जवान सचिन राठी के परिवार को हर मुमकिन मदद मुहैया कराने का काम शुरू हो गया है। पीड़ित परिजनों को अलग-अलग मदों से 1.35 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसमें 50 लाख सरकार की ओर से मिलेगा जबकि 85 लाख रुपये विभागीय बीमा की मद से मिलेगा।

एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि इस घटना ने पूरे पुलिस महकमे को झकझोर दिया है। ऐसे में पूरा महकमा सचिन राठी के परिवार के साथ है। उसके परिवार को जल्द से जल्द मदद की रकम मिल जाए इसके लिए जरूरी प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। खाता बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा में है। बैंक के अधिकारियों को बुलाकर उन्हें यह रकम जारी करने के लिए सभी जरूरी प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूरी करने को कहा गया है। इसके अलावा जो भी मुमकिन मदद होगी, उसे परिवार को मुहैया कराया जाएगा। सचिन राठी की शहादत के बाद उसके बदले में परिवार के किसी सदस्य को सरकारी नौकरी मिलनी है। चूंकि सचिन अविवाहित थे, इसलिए यह परिवार में तय होगा कि उनके बदले में किस सदस्य को नौकरी दी जाए। एसपी ने बताया कि परिवार की रजामंदी से ही नौकरी दिलवाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जाएगा। अपने साथी सचिन राठी के अंतिम सफर में उसके पार्थिव शरीर के साथ यहां से कई पुलिसकर्मी भी मुजफ्फरनगर गए। इसमें उसके साथ विशुनगढ़ थाने में तैनात साथियों के अलावा सौरिख थाना में तैनाती के दौरान साथ रहे सहयोगी भी शामिल हैं। सचिन की मंगेतर कोमल देशवाल भी मुजफ्फरनगर गई है। हिस्ट्रीशीटर की गोली लगने के बाद शहीद हुए सिपाही सचिन राठी का शव मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन लाया गया। उसके पार्थिव शरीर को पुलिस लाइन में शोक सलामी के साथ जवानों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इसके बाद पार्थिव शरीर को मुजफ्फरनगर स्थित पैतृक गांव शाह डब्बर रवाना किया गया। घायल सिपाही सचिन राठी की सोमवार देर रात कानपुर में इलाज के दौरान मौत हो गई। मंगलवार दोपहर पोस्टमार्टम के बाद शव पुलिस लाइन स्थित शहीद स्थल लाया गया। पुलिस जवानों के साथ एडीजी आलोक सिंह, आईजी प्रशांत कुमार, डीएम शुभ्रांत शुक्ला, एसपी अमित कुमार आनंद ने सहयोगी अफसरों के साथ ही नम आंखों से श्रद्धांजलि और जवानों ने शस्त्र झुकाकर सलामी दी।

सदर विधायक व समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण के साथ डीएम, एसपी ने पार्थिव शरीर को वाहन तक पहुंचाया और सिपाही के पैतृक गांव के लिए रवाना किया। श्रद्धांजलि देने के लिए आला अफसर के साथ ही एडीएम आशीष सिंह, एएसपी डॉ. संसार सिंह, सीओ सदर डॉ. प्रियंका बाजपेई, सीओ तिर्वा, सीओ छिबरामऊ, सदर कोतवाल समेत अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे। शस्त्र झुकाकर सलामी देने के बाद शहीद स्थल पर दो मिनट के लिए शांति छा गई और सिर्फ सिसकियों की आवाज ही सुनाई दे रही थी। पुलिस लाइन में मौजूद हर जवान और उनके परिवार के सदस्यों की आंख नम थीं। हर कोई सिसक रहा था। कोई किसी से बात करने की हिम्मत नहीं कर रहा था। सभी की निगाहें एक-दूसरे से सचिन राठी की शहादत पर गम का इजहार कर रही थीं।

# खराब मौसम के कारण मुख्यमंत्री योगी का अयोध्या दौरा कैंसिल



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 30 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने जा रहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या दौरा कैंसिल हो गया है। बताया जा रहा है कि खराब मौसम के कारण सीएम का हेलीकॉप्टर उड़ान नहीं भर सका। प्रधानमंत्री मोदी 30 दिसंबर को अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम एयरपोर्ट का लोकार्पण करने के साथ ही रोड शो भी करेंगे। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के पहले यह एक बड़ा कार्यक्रम होगा।

प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान निजी अस्पतालों को भी अलटज़ किया गया है। वहीं, हृदय रोग व न्यूरो संबंधी समस्या के लिए शहर के दो बड़े निजी अस्पताल की कैथ लैब व ओटी आरक्षित रहेगी। मंडल के अन्य जिलों से विशेषज्ञ चिकित्सक व उपकरणों से लैस आठ एएलएस (एडवांस लाइफ सपोटज़) एंबुलेंस मांगी गई है। पांच स्थानों पर होगी कोरोना जांचः पीएम के दौरे के समय कोरोना जांच के भी इंतजाम रहेंगे। इसके लिए एयरपोटज़ के मुख्य द्वार, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन व पुलिस लाइन में एक-एक व एयरपोटज़ के बगल सभा स्थल पर दो बूथ लगेंगे। प्रत्येक पर एक-एक लैब टेक्नीशियन व लैब सहायक को तैनात किया गया है। एंटीजन किट से संदिग्ध मरीजों की कोरोना जांच होगी। रिपोटज़ पॉजिटिव आने पर आरटीपीसीआर जांच कराई जाएगी।

# प्रधानमंत्री के अयोध्या आगमन से धर्मनगरी में होगा विकास के नए युग का सूत्रपातः मुख्यमंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्याधाम।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने आगामी 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के धर्मनगरी अयोध्या आगमन को %अविस्मरणीय समारोह% बनाने के




लिए सभी प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। गुरुवार को प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री सूर्य प्रताप शाही व दयाशंकर सिंह तथा महापौर अयोध्या सहित स्थानीय प्रशासन के साथ वर्चुअल बैठक कर मुख्यमंत्री जी ने कार्यक्रम के तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री जी द्वारा दिए गए प्रमुख दिशा-निर्देश वर्ष 2023 की विदा वेला पर धर्मनगरी अयोध्या में आदरणीय प्रधानमंत्री जी का आगमन अयोध्या में 'विकास के नए युग' के प्रारंभ करने वाली होगी। इस अवसर पर देश को न केवल एक नए अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का उपहार मिलने जा रहा है, बल्कि अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं के उपहार भी मिलेगा।प्रधानमंत्री जी के रोड शो के लिए तय रूट पर सुरक्षा और साफ-सफाई की अच्छी व्यवस्था हो। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। जगह-जगह सांस्कृतिक मंडलियों द्वारा रुचिकर प्रस्तुतियां हों। प्रधानमंत्री जी के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं। उन्हें यथोचित स्थान दें। साधु-संतगणों द्वारा पुष्पवर्षा कर प्रधानमंत्री जी का अभिनन्दन किया जाना है। उनसे संवाद बनाएं। यह रोड शो जनता के लिए है, ऐसे में जनभावनाओं का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री जी का यह अयोध्या दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूरी कर ली जाएं।विशेष अवसर पर प्रधानमंत्री जी जनसभा को भी संबोधित करेंगे। जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से 2 लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गो पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की आधारभूत सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। भीड़ प्रबंधन पर फोकस करें।

## घर-घर सम्पर्क के लिए निकली भाजपा की टीमें, सभी पदाधिकारी कर रहे है आमंत्रण



**अयोध्या।** साकेत पेट्रोल पम्प से लता मंगेशकर चौराहे पर धर्मपथ व लता मंगेश्कर चौराहे से क्षीरेश्वरनाथ मंदिर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों में भाजपा जुट गयी है। पूरे मार्ग को तोरण द्वार व झंडियों से सजाया जाएगा। स्वागत कार्यक्रम में एक लाख लोग को आमंत्रित किया जाएगा। जिसके लिए युद्ध स्तर पर घर घर सम्पर्क करके आमंत्रण दिया जा रहा है। पूरा मार्ग घंटे-घड़ियाल की मधुर ध्वनि से गुंजायमान रहेगा। कई जगहों पर महिलाओं के द्वारा आरती व पुष्पवर्षा का आयोजन होगा।उक्त जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी दिवाकर सिंह ने बताया कि अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, अभिषेक मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह, मंडल अध्यक्ष बालकृष्ण वैश्य, रवि सोनकर, आलोक द्विवेदी, नंद कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा की टीमें लगातार घर घर जनसम्पर्क कर रही है।

### प्रचार वाहन को डिप्टी सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रमों के लिए आमंत्रण देने हेतु प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सर्किट हाउस से उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने रवाना किया। अयोध्या विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने बताया कि वाहनों को प्रचार हेतु भेजा गया है। जो अयोध्या व शहर में लोगो को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम हेतु आमंत्रित करेगा।

## उपमुख्यमंत्री ने चलाया स्वच्छता अभियान, सभी जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की रही सहभागिता

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने रविदास मंदिर हनुमान कुंड के पास, सांसद लल्लू सिंह ने ऋणमोचन घाट, रामघाट पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मणिरामदास छावनी पर महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, गोलाघाट पर जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, भक्तमाल चौराहा पर विधायक रामचन्दर यादव, अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, टेढ़ी बाजार पर अभिषेक मिश्रा की अगुवाई में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पार्टी के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता शामिल हुए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि अपने आस पास के वातावरण को स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। स्वच्छ परिवेश होने का लाभ हमें मिलता है। सरकार ने गरीबों को आवास, शौचालय, गैस व विद्युत



कनेक्शन दिया है। इलाज के लिए आयुष्मान भारत जैसी योजना प्रदान की है। क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के पहले वृहद स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें पार्टी के सभी जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी अपना योगदान दे रहे है। शुक्रवार को एक बजे से लता मंगेशर चौराहे से क्षीरेश्वर मंदिर तक जनसम्पर्क किया जाएगा। जिसमें लोगो को प्रधानमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम हेतु आमंत्रित किया जाएगा। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, प्रदेश महामंत्री व अवध क्षेत्र के प्रभारी संजय राय, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, सांसद लल्लू सिंह, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रहेगी।

## जन सुनवाई में आए वृद्ध लोगों को पहले दिलवाए कम्बल, फिर सुनी समस्या

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार नित्य की भांति आज भी कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय में जन सुनवाई के दौरान



आए हुए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे कि उन्होंने देखा कि एक वृद्ध पुरुष नान्हू, पुत्र लखई, निवासी, सहायपुर, बबुरी इस ठंड में ठिठुरते हुए आए हैं। ज़िलाधिकारी ने तत्काल पहले उन्हें कम्बल दिलवाया। ज़िलाधिकारी के निर्देश पर तत्काल बुजुर्ग को एक कम्बल ओढ़ाया गया। उसके बाद उन्होंने उन बुजुर्ग से उनकी समस्या के बारे में पूछा तो बताया कि वो मुकदमे की पेशी पर आए हैं। ज़िलाधिकारी ने उनके मुक़दमे की स्थिति का संज्ञान लेते हुए सम्बंधित को निर्देश दिए कि उक्त मुक़दमे का नियमानुसार शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इसी तरह एक वृद्ध महिला श्रीमती लखाना, पत्नी बाबूलाल, ग्राम खजुरी, तहसील नवाबगंज भी जब ज़िलाधिकारी कार्यालय आईं तो सबसे पहले ज़िलाधिकारी ने उन्हें कम्बल उढवाया ताकि सर्दी से बचाव हो सके। इसके बाद उनकी समस्या सुनी और सम्बंधित को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए।

## लग्जरी होटल को भी मात दे रही अयोध्या की आधुनिक टेंट सिटी, विशिष्ट पकवानों से होगा श्रद्धालुओं का आतिथ्य-सत्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** प्रभु श्रीराम उत्तर प्रदेश समेत देश-दुनिया की आस्था का केंद्र तो हैं ही, मगर जिस पावन नगरी में खुद श्रीहरि नारायण %मर्यादा पुरुषोत्तम के रूप में साकार हुए हों उसका वैभव भला शब्दों में कैसे बयां हो सकता है। यही कारण है कि जिस प्रकार राम नाम की महिमा का बखान करते भक्त नहीं थकते उसी प्रकार अयोध्या भी केवल नगर नहीं बल्कि %वैराग्य के वैभव का जीवित प्रतिमान है। राम राज्य की परिकल्पना को साकार होते देखने वाले इस शहर ने कई सदियों तक पराभव का दंश झेला, मगर अब दिन बहुरे तो एक बार फिर अयोध्या का खो चुका वैभव नए प्रारूपों में लौट कर आ रहा है। विकास के पथ पर अग्रसर अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को भव्य जन्मभूमि मंदिर में प्रभु श्रीराम के विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरी दुनिया के श्रद्धालुओं का तांता लगने लगा है। ऐसे में, उनकी आवभगत के लिए पीएम मोदी के विजन और सीएम योगी के क्रियान्वयन के फलस्वरूप अयोध्या में कई प्रकार की सुविधाओं का विकास हो रहा है। इन्हीं में से एक है यहां की आधुनिक टेंट सिटी जिसे अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) द्वारा डेवलप किया जा रहा है। एडीए की ये टेंट सिटीज डबल ऑक्यूपेंसी वाली लग्जरी व सेमी लग्जरी केटेगरी सुइट बेस्ड हैं। यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को प्रकृति की छांव में पौराणिक व आधुनिक अयोध्या के समावेश की अनुभूति होगी। हजारों श्रद्धालुओं के लिए नव्य-भव्य अयोध्या में ठहरने का माध्यम बन रही है टेंट सिटीजअयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि स्थल पर बनाए जा रहे भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का समय धीरे-धीरे निकट आ रहा है। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देश-विदेश से लाखों लोगों के अयोध्या पहुंचने की संभावना है। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट व अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से विभिन्न स्थानों पर टेंट सिटी का निर्माण कराया गया है। माझा गुप्तार घाट में 20 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित किया जा रहा है, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के रहने की व्यवस्था की जा रही है। ब्रह्मकुंड के पास भी टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें 35 टेंट लग रहे हैं। वहीं, रामकथा पार्क में भी 30 टेंट्स की सिटी स्थापित की जा रही है। इसी प्रकार तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से बाग बिजेसी में 25 एकड़ भूमि में टेंट सिटी स्थापित की जा रही है, जिसमें हजारों लोगों के रुकने की व्यवस्था हो सकेगी। इसके अतिरिक्त कारसेवकपुरम व मणिराम दास की छावनी में भी श्रद्धालुओं के ठहरने के लिए टेंट सिटी को स्थापित किया जा रहा है। अवधी, बनारसी जायकों में मिलेगा मिलेट्स व सीजनल कुजीन का स्वाद हेरिटेज कॉटेज स्टे का आभास देने वाले इन टेंट सिटीज में यूं तो देश-दुनिया के तमाम जायकों का स्वाद श्रद्धालुओं को मिल सकेगा, मगर इसमें सबसे विशिष्ट अवधी व बनारसी जायके होंगे। ब्रह्म कुंड व राम कथा पार्क में स्थापित टेंट सिटी का विकास एडीए द्वारा प्राइवेट पार्टनरशिप के जरिए किया गया है। ब्रह्म कुंड की टेंट सिटी 1 दिसंबर से संचालित हो रही है।

यहां ठहरने वाले श्रद्धालुओं को मिलेट्स व मोटे अनाज के बने पकवान, मक्के की रोटी-सरसों का साग समेत सीजनल साग-सब्जियों की तमाम वेराइटी पेश की जाएगी। इसके अलावा, बाजरे की रोटी व अन्य रेसिपीज, मटर का निमोना, बाटी-चोखा और मूंग खिचड़ी समेत कई प्रकार के स्थानीय पकवान भी परोसे जाएंगे। हेल्थ कॉन्शियस लोगों को यहां डिटॉक्स वॉटर की भी सुविधा मिलेगी, साथ ही पर्सनलाइज्ड कुजीन प्रेफरेंसेस को भी तरजीह दी जाएगी। शानदार इंटीरियर्स के साथ ही वुडन डेक बेस्ड टेंट्स में होंगी तमाम सहूलियतें वुडन डेक बेस्ड इन टेंट्स में रहने वाले लोगों को शानदार इंटीरियर्स के साथ आराम कुर्सी, सोफे, डाइनिंग लाउंज, पर्सनल वोल्ट, रूम हीटर, एसी व हाई स्पीड इंटरनेट समेत तमाम सहूलियतें मिलेंगी।

## अक्षत कलश यात्रा में उमड़ी भीड़, कई जगह हुआ स्वागत

**बाराबंकी।** श्री राम जन्म भूमि तीर्थ द्वारा पूजित अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में गुरुवार को निकाली गई जिसमे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।इस दौरान डीजे पर बज रहे धार्मिक संगीतों



पर शोभा यात्रा के शामिल महिलाएं, बच्चे और युवा थिरकते दिखे। सभी का उत्साह देखते बनता था। राम जानकी की भव्य झांकी एवम् जयकारे लगाते लोगों के हुजूम को देखने के लिए शहर के मुख्य मार्गो के दोनो ओर लोग कतार बद्ध खड़े दिखे। नागेश्वर नाथ मंदिर में सभी दस कलशों को फूलों से सजाया गया।मंत्रोच्चार के साथ प्रभु राम की आरती उतारी गई। तत्पश्चात सभी कलश को सही हुई खुली जीप में रखा गया। यात्रा नागेश्वर नाथ मंदिर से घंटाघर होते हुए धनोखर मंदिर पहुंची जहां सैकड़ों लोगों ने राम जानकी की आरती उतारकर आशीर्वाद लिया। इसके उपरांत निबलेट तिराहा छाया टॉकीज चौराहा होते हुए कैलाश आश्रम में कलश यात्रा संपन्न हुई। मुख्य मार्गो पर कई जगह समाज के लोगो ने पुष्प वर्षा करके यात्रा का स्वागत व वंदन किया।

## कांग्रेस सिर्फ पार्टी ही नहीं बल्कि एक विचार आंदोलनः मोहसिन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस पार्टी सिर्फ एक पार्टी ही नहीं बल्कि एक विचार



और आंदोलन का नाम है भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की स्थापना 28 दिसंबर 1885 को 72 प्रतिनिधियों की मौजूदगी में बम्बई के गोकुलदास तेजपाल संस्कृत महाविद्यालय में हुई। आजादी की लड़ाई में कांग्रेस पार्टी की बड़ी भूमिका थी इसके बाद आजादी को बचाए रखने का काम कांग्रेस पार्टी ने किया आजादी के बाद देश खस्ता हाल में था उद्योग धंधे बंद पड़े थे देश 562 छोटी बड़ी रियासतों में बटां हुआ था जिसका एकीकरण कांग्रेस ने किया। उक्त उद्गार आज अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के प्रांगण में कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने झंडारोहण के पश्चात कांग्रेसजनों के बीच व्यक्त किया। झंडारोहण का कार्यक्रम कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव कमल भल्ला एवं जनपद अध्यक्ष अखिलेश मणि त्रिपाठी की अगवाई में संपन्न हुआ। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सार्वजनिक क्षेत्र में बड़े उद्योग जैसे। सेल-भेल, बीएसएनल, शिपिंग कॉरपोरेशन, इंडियन एयरलाइंस आदि का निर्माण किया। आईआईटी, आईआईएम से लेकर इसरो, परमाणु अनुसंधान केन्द्रो की स्थापना की। हरित क्रांति चलकर देश को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर बनाया। श्वेत क्रांति चलकर देश में दूध की नदियां बहायी। कांग्रेस ने इस देश के लिए आजादी की लड़ाई लडी और कुर्बानियां दी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, इरफान कुरैशी, कमल भल्ला, अखिलेश मणि त्रिपाठी शिव बहादुर वर्मा, सरजू शर्मा, मोइनुद्दीन अंसारी आदि मौजूद थे।

## सीडीओ ने की गजेटियर समिति की बैठक

**महराजगंज।** मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार राय की अध्यक्षता में जिला गजेटियर समिति की बैठक उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि जिला गजेटियर एक अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिसमे जनपद की आधिकारिक सूचना दर्ज होती है। उन्होंने कहा कि गजेटियर एक प्रमाणिक दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से जनपद का संपूर्ण परिचय प्राप्त होता है। इसलिए सभी संबंधित विभाग सुनिश्चित करें कि शासन द्वारा प्रेषित प्रश्नावली के अनुसार प्रमाणिक सूचना जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय को एक सप्ताह के भीतर



उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला सूचना अधिकारी से उन विभागों के विषय में जानकारी ली जिनके द्वारा अबतक सूचना प्रेषित नही की गई और निर्देशित किया कि संबंधित विभाग से पुनः संपर्क कर उन्हे सूचना एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के लिए कहें। साथ ही गजेटियर संबंधी प्राप्त सूचना के विषय में उन्हे अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि कोई भी विभाग सूचना देने के विषय में शिथिलता न बरते और निर्धारित समय सीमा में सूचना उपलब्ध कराए। बैठक में जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, डीआईओएस अमरनाथ राय, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी जी.एस. यादव, उपयुक्त उद्योग अभिषेक प्रियदर्शी, सहायक अर्थ एवं संख्या अधिकारी संतराज सहित अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## आमने सामने वाहन टकराये चालक समेत दो लोग घायल

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कोहरे के कारण गुरुवार की सुबह दो वाहनों के बीच आमने-सामने की टक्कर से वाहन चालक गम्भीर रूप से घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार सफदरगंज थाना क्षेत्र के अन्तर्गत जैदपुर मार्ग पर बाराबंकी मंडी से एक भार वाहक मैजिक (छोटा हाथी) वाहन से आलू टमाटर लेकर जैदपुर जा रहा था। इसी दौरान जैदपुर की ओर से बिस्कुट लेकर आ रहा हाफ डाला सफदरगंज की ओर आ रहा था। कोहरा अधिक होने के कारण छोटा हाथी व हाफ डाला आमने सामने से टकरा गए। दोनों वाहनों की टक्कर के बाद हाफ डाला चालक हनीफ पुत्र बन्दे हसन निवासी गढी कदीम थाना जैदपुर बुरी तरह से वाहन में फंस गए। वही हनीफ के पास बैठे डा. मनोज निवासी राजस्व दयालपुर थाना सिधौली जनपद सीतापुर का दायां पैर टूट गया। वह सोहावल सीएचसी जा रहे थे। घटना के बाद छोटा हाथी का चालक मौके से वाहन छोंड कर फरार हो गया। ग्रामीणों की सूचना से मौके पर पहुंची सफदरगंज पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायल हनीफ को घंटो मशक्कत करने के बाद बाहर निकाला। पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

## फर्जी आईडी बनाकर की जा रही रुपये की मांग

**बाराबंकी।** पूर्व सांसद पीएल पुनिया के नाम से दूसरी फेसबुक आईडी बना ली गई। अब ठग इस आईडी के जरिये उनके परिचितों से धन की मांग कर रहे हैं। लिखित शिकायत मिलने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पूर्व सांसद राज्यसभा के नाम ने फेसबुक की फेक आईडी बना कर लोगों से पैसे की मांग की जा रही है। लखनऊ रोड निवासी पूर्व सांसद राज्य सभा पीएल पुनिया ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि किसी ने उनके नाम से फेसबुक पर फेक आईडी बनाई है। फेक आईडी पीएल पुनिया के नाम से है। साइबर जालसाज द्वारा इस फेक आईडी लोगों से पैसे की डिमांड की जा रही है। पीड़ित पूर्व सांसद की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात साइबर जालसाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता के मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** पंडित जवाहर लाल नेहरू इंटर कालेज बरगाहपुर में गुरुवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जूनियर से लेकर इंटर तक विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में सफल होने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को साईकिल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बृजमनगंज थाने के एसआई दिनेश कुमार पांडेय विशिष्ट अतिथि सुभाष यादव ने दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल करने वाले छात्रा छात्राओं में कक्षा 12 की शिवांगी यादव और जगदीश साहनी, कक्षा 11 में आराधना और आशुतोष त्रिपाठी, कक्षा10 में अंकिता गुप्ता और आकाश साहनी, कक्षा 9 में मनीषा और रणवीर सिंह, कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों में अश्वनी प्रथम, प्रदीप कुमार द्वितीय और रागिनी यादव को तृतीय स्थान का पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रामनारायन यादव, राम ललित मौर्य, देव नारायन अग्रहरी, कांस्टेबल राजेश मौर्य, कांस्टेबल रीमा, रमेश यादव, राकेश यादव, शिक्षक प्रमोद गोंड, शैलेश यादव, विशाल वर्मा, राजेश चौरसिया, कैलाश यादव, अन्नु वर्मा, यदकुल प्रभा सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## दिल्ली ने मउ व सिवान ने पडरौना को हराकर सेमी फाइनल में जगह बनाई



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** अटैक स्पोर्टिंग क्लब द्वारा आयोजित ठाकुर शिवकुमार सिंह स्मारक ऑल इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता के पांचवे दिन बृहस्पतिवार को महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के मैदान पर दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में नार्दन यूनाइटेड क्लब दिल्ली ने जया स्पोर्टिंग क्लब मउ को 6-0 से हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में यूनाइटेड फुटबॉल क्लब सिवान, बिहार ने कंक्रीट स्पोर्टिंग क्लब पडरौना को ट्राइब्रेकर में 4-3 से हराकर सेमी फाइनल में जगह पक्की कर लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ महात्मा गांधी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मृगेंद्र बहादुर सिंह व युवा समाज सेवी महमूद अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिसके बाद नार्दन यूनाइटेड क्लब दिल्ली व जया स्पोर्टिंग क्लब मउ के बीच 80 मिनट का मैच खेला गया। जिसमें मैच के 20 वें मिनट में दिल्ली के खिलाड़ी जर्सी नंबर - 10 शाहमीर ने गोल मारकर अपने टीम का खाता खोल 1-0 की बढ़त दिलाई। एक बार फिर दिल्ली के ही खिलाड़ी जर्सी नंबर-9 जोसेफ ने गोल मार टीम का स्कोर 2-0 कर दिया। फिर मध्यांतर के बाद शुरू हुए खेल के 50 वें मिनट में दिल्ली के ही खिलाड़ी जर्सी नंबर-23 थंगपू ने गोल मार टीम के स्कोर को 3-0 कर दिया। कुछ ही देर बाद 62 वें व 65 वें मिनट में शाहमीर ने 2 गोल मार कर टीम के स्कोर को 5-0 पर पहुंचा दिया। कुछ देर बाद मउ के खिलाड़ी के हाथ मे फुटबॉल डी के भीतर टच हो जाने पर रेफरी ने पेनाल्टी का निर्णय ले लिया। जिसे दिल्ली के गोलकीपर अनिकेत ने मारकर टीम को 6-0 से विजय दिलाते हुए सेमी फाइनल में जगह बना लिया। वहीं दूसरा मुकाबला यूनाइटेड फुटबॉल क्लब सिवान, बिहार व कंक्रीट फुटबॉल क्लब पडरौना के बीच 70 मिनट का खेला गया। मध्यांतर तक दोनों ही टीम के खिलाड़ी गोल मारने का प्रयास करते रहे लेकिन गोल नहीं मार सके।

## भारत विकसित संकल्प यात्रा में किसानों को किया गया जागरूक



*अवधनामा संवाददाता*

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज क्षेत्र में बृहस्पतिवार को भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा महुलानी के ग्रामीणों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही कई कल्याणकारी योजनाओं के बारे में अधिकारियों द्वारा लोगों को जागरूक किया गया। इस दौरान लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित भी किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह ने लोगों को मोदी सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। और कहा कि बीजेपी सरकार में पात्रों को किसी को भी योजनाओं से वंचित नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार में सबका विकास हो रहा है। इस दौरान विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों ने स्टॉल लगाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं मोहम्मद अबुजर पुत्र श्री मोहम्मद नजमुद्दीन निवासी 655/174, गन्ने का पुरवा, आशीष नगर, थाना- गुडम्बा, विकास नगर, लखनऊ, उ0प्र0, जो कि मेरा पासपोर्ट दिनांक 08.11.2006 को पासपोर्ट कार्यालय लखनऊ से बना हुआ है जिसका नं0- एफ 9701560 है जिसमें मेरा नाम Aboozer अंकित है। प्रार्थी के आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में नाम मोहम्मद अबुजर अंकित है। मोहम्मद अबुजर एवं अबुजर यह दोनों नाम एक ही व्यक्ति शपथी के नाम है।

# पेंडारी गांव में सांसद ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित




अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत कुसहटा के ग्राम पंचायत सचिवालय व भनवापुर ब्लॉक के पेड़ारी गाँव के कंपोस्ट विद्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सांसद जगदंबिका पाल शामिल हुए। इस दौरान काली मां के स्थान पर स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओ को आम जनता के बीच रखा और बताया कि किस प्रकार से डबल इंजन की सरकार उनके लिए कार्य कर रही है। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओ द्वारा लाभान्वित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरण किया गया इसके अलावा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्यक्रम भी किया गया। सांसद जगदंबिका पाल ने केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए से सरकार द्वारा किए जा रही योजनाओं का गुणगान किया।

## विकसित भारत संकल्प आयोजित



**पौली संतकबीरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** पौली क्षेत्र के दो ग्राम पंचायत पौली,महेश्वरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बृहस्पतिवार को कार्यक्रम आयोजित् किया गया। कार्यक्रम मे शासन की योजनाओं को गिनाते हुए मौजूद लोगो के बीच में जानकारी दि गई। इसी क्रम मे खण्ड विकास अधिकारी विवेकानंद मिश्रा ने लाभार्थियो के समक्ष जनकल्याण करी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सरका ́ प्रधानमंत्री आवास , शौचालय, किसान सम्मान निधि जैसी तमाम कल्यकारी योजनाएं चला कर सिधे जनता को लाभ देने का कार्य कर रही है। इसी क्रम मे विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख राममिलन यादव, दलसिंगार यादव,कपिलदेव कन्नौजिया, ओमप्रकाश यादव, ग्राम प्रधान अताउल हक, जोखू यादव,उमेश सिंह,राजेश यादव, बृजेश यादव, सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## संयुक्त रुप से हुआ मॉक अभ्यास

**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी अंद्रा वामसी के निर्देशानुसार रासायनिक आपात स्थिति से बचाव के लिए जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं जिले के डिस्ट्रिक कराईसेस ग्रुप के सदस्यों द्वारा मे0 बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड, रुधौली (डिस्टिलरी इकाई), बस्ती के परिसर के पास केमिकल्स, बॉयोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर (सीबीआरएन) इमरजेंसी पर संयुक्त रुप से मॉक अभ्यास किया गया।

इस मेगा मॉक अभ्यास का मुख्य उद्देष्य किसी भी केमिकल्स, बॉयोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर आपदा के दौरान घायल व चोटिल व्यक्तियों के अमूल्य जीवन की रक्षा करना है, सभी रेस्पांस्ड एजेंसियों का रेस्पांस्ड चेक करना व सभी स्टेक होल्डर के बीच आपसी समन्वय स्थापित करना है तथा मॉक अभ्यास द्वारा खोज, राहत व बचाव कार्य के संचालन में आने वाली कमियों की समीक्षा कर उन्हें दूर करना है। उपजिलाधिकारी रुधौली ने कहा कि इस तरह के मॉकड्रिल का आयोजन समय-समय पर कराये जाते रहना चाहिए।

# परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का पाँच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** ब्लॉक अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय हाजीपुर में चल रहे समग्र शिक्षा अभियान कार्यक्रम के तहत दिव्यांग बच्चों के समावेशी शिक्षा के लिए परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण का पहले दिन खंड शिक्षा अधिकारी कमल प्रकाश सिंह ने जायज़ा लिया।यहां प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के 85 नोडल शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से दक्ष बनाया जा रहा है। प्रशिक्षक अखिलेश ने दृष्टि बाधित,मूक-बधिर,मानसिक मंद, शारीरिक एवं 21 प्रकार की दिव्यांगता का चिन्हांकन एवं शैक्षिक सपोर्ट के बारे में बताया। प्रशिक्षक रवीन्द्र प्रताप निषाद ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत दिव्यांग जन अधिकार,अधिनियम 2016 में दिव्यांग जनों के मुख्य प्राविधान, बच्चों के शारीरिक बाधाओं की स्क्रीनिंग,श्रवण दिव्यांग की शीघ्र पहचान एवं उनकी रोकथाम,दृष्टि दिव्यांगता के प्रकार एवं रोकथाम समेत समावेशी शिक्षा की संकल्पना के बारे में शिक्षकों को टिप्स दिए। प्रशिक्षण में अमित कुमार,संतोष कुमार, सौरभ, देवनारायण दूबे, सुहेल अहमद, संग्राम राजभर, कुसुम कुमारी, सलिल कुमार, शैलेश श्रीवास्तव, नरजिस खातून समेत अन्य शिक्षक मौजूद रहे। खंड शिक्षा अधिकारी के पी सिंह की निगरानी में ब्लाक संसाधन केंद्र जलालपुर में शारदा कार्यक्रम के अंतर्गत आउट आफ स्कूल बच्चों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण में तृतीय व चौथे बैच के 50-50 परिषदीय विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।तीन दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम दिन प्रशिक्षक उमेश यादव ने बताया कि किन्हीं कारणों से स्कूली शिक्षा से वंचित रह गए बच्चों को स्कूली शिक्षा के स्तर तक लाना प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है। यहां ए आर पी मित्रसेन वर्मा, मोहम्मद कासिम,ध्रुवसेन यादव, दिनेश कुमार वर्मा ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

# अधीक्षण अभियंता ने 132केवी डुमरियागंज का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** वृहस्पतिवार को 132केवी डुमरियागंज विद्युत उपकेन्द्र का अधीक्षण अभियंता (पारेषण) राजेश कुमार बंसी ने निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत उपकेन्द्र के स्विच यार्ड, स्टोर एवं कन्ट्रोल रूम मे लगे विद्युत उपकरणों की गहनता के साथ जायज़ा किया।

अधीक्षक अभियंता पारेषण ने उपकेन्द्र पर डीसी वैटरी एवं बैटरी चार्जर के साथ उपकेन्द्र के सभी दैनिक पंजिका का निरीक्षण किया। उन्होंने उपकेन्द्र के सभी स्टाफ से उपकेन्द्र पर प्रकाश की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश दिये। उपकेन्द्र के कर्मचारियों से उपकेन्द्र पर होने वाली समस्या की जानकारी लिया। उपकेन्द्र के कर्मचारियो से अधीक्षण अभियंता ने 2017, 2021 एवं 2022 में आयी बाढ़ की

### दिया आवश्यक दिशा निर्देश



जानकारी लिया। उपकेन्द्र परिसर की साफ-सफाई को देखकर प्रशन्न हुये एवं 132 केवी उपकेन्द्र डुमरियागंज के अवर अभियंता राम कमल त्रिपाठी एवं उपकेन्द्र के सभी कर्मचारियों के द्वारा किये गये कार्य की सराहना किया। इस मौके पर लालजी शर्मा, देवेन्द्र प्रसाद मौर्य, रंजन गुप्त, संजय गिरि (परिचालक) शिव कुमार, जितेन्द्र, अशोक कुमार, जय करन चौधरी, विनीत पांडेय, अंकित, कृष्णा, अमित (सुरक्षा प्रहरी) आदि लोग मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**बस्ती (अवधनामा संवाददाता)।** पूर्ण निर्माण परियोजनाओं को समय से विभाग को हस्तांतरित ना कराने पर मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने असंतोष व्यक्त किया है। सभागार में आयोजित 50 लाख रूपये से ऊपर के निर्माण परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होने निर्देश दिया कि 15 फरवरी तक कार्य पूर्ण करायें। बैठक में आईजी आर.के. भारद्वाज ने निर्देश दिया कि निर्माण स्थल पर व्यक्ति की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाय। निर्माण कार्य में बाधा पहूँचाने वाले व्यक्ति के बारे में उन्हें अलग से जानकारी दी जा सकती है।

मण्डलायुक्त ने समीक्षा में पाया कि विभाग एवं कार्यदायी संस्था द्वारा सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की जानकारी नही दी जा रही है। आज की बैठक में पशुपालन विभाग की चार नयी परियोजनाओं की जानकारी दी गयी। समीक्षा में उन्होने पाया कि मण्डल में कुल 349 परियोजनाओं पर निर्माण कार्य चल रहा है।

# भाजपा चेयरमैन ने की दलित सभासद की जमकर पिटाई

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** बीजेपी के नगर पंचायत अशरफपुर किछौछा के चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने बैठक के दौरान एक सभासद को जमकर पीट दिया। चेयरमैन और सभासद के बीच जमकर लात घूसे चले। वहां पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव करने की भी कोशिश की। लेकिन चेयरमैन लगातार पीटते रहे। इसका वीडियो भी सामने आया है।

दरअसल, वार्ड नंबर 3 मुजफ्फरनगर के सभासद विनोद कुमार आज बोर्ड की बैठक के दौरान अपनी मोबाइल से बैठक की रिकार्डिंग कर रहे थे, जिसको लेकर बीजेपी से किछौछा के चेयरमैन ओमकार गुप्ता ने मना किया, लेकिन वह नहीं मान रहे थे। जिसके बाद चेयरमैन ने सभासद को गाली दे दी। फिर दोनों लोगों में विवाद होने लगा। विवाद बढ़ने पर चेयरमैन ने सभासद को मारना शुरू कर दिया। चेयरमैन ने सभासद को लात घूंसों से जमकर पीटा। वहां पर मौजूद लोग बीच-



बचाव करने की कोशिश करते रहे। लेकिन ये लोग आपस में मारपीट करते रहे। वहीं वहां पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। जो काफी वायरल हो रहा हैं। वहीं मामले में पीड़ित ने एसओ बसखारी को तहरीर देकर केस दर्ज करने की मांग की है। पहले घुसे फिर पैरों से जमकर पीटा वीडियो में दिख रहा है कि 20 से 25 लोग मौजूद है। बीच में चेयरमैन ओमकार गुप्ता का सभासद विनोद कुमार से कुछ विवाद हो रहा है। इसके बाद चेयरमैन एकदम से गुस्से में आ जाते हैं। और सभासद को मारना शुरू कर देते हैं। चेयरमैन ने पहले घुसों से मारते हैं। फिर नीचे गिराकर पैर से जमकर मारते हैं। वहां मौजूद लोग बीच-बचाव कराते हैं, लेकिन चेयरमैन पैरों से मारते रहते हैं। किसी तरह वहां पर मौजूद लोग दोनों लोगों अलग करवाते हैं।

मामले में पीड़ित सभासद विनोद कुमार ने बताया, बोर्ड की बैठक थी। बैठक की रिकार्डिंग होनी चाहिए थी। इसी की रिकार्डिंग को लेकर उनकी चेयरमैन से बहस शुरू हो गई। जिसके बाद अध्यक्ष ओमकार गुप्ता ने गाली देते हुए मुझे मारना शुरू कर दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीसी कैमरा लगवाने के लिए किया निर्देशित

**बढ़नी सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** पुलिस चौकी बढ़नी के प्रांगण में ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक सिंह द्वारा, गेस्ट हाउस, होटल, सराय, ढाबा



मालिकों के साथ की गयी गोष्ठी कर उन्हें सुरक्षा के दृष्टिगत सीसी कैमरा लगवाने हेतु निर्देशित किया गया। बुधवार को बढ़नी क्षेत्र में चलने वाले गेस्ट हाउस, ढाबा, होटल आदि संचालकों को निर्देशित करते हुए थानाध्यक्ष ढेबरुआ शशांक सिंह ने कहा कि गेस्ट हाउस में प्रतिदिन ठहरने वाले आगंतुकों के बारे में रजिस्टर में पूर्ण रूप से उल्लेख किया जाय तथा उपस्थित सभी लोगों से सुरक्षा की दृष्टि से सीसी कैमरा लगवाने के लिए निर्देशित किया ताकि हरेक आने जाने वाले व्यक्तियों और संदिग्धों की आवश्यकता पड़ने पर पड़ताल की जा सके।

### सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद ने किया राजकीय पुस्तकालय का निरीक्षण

**बढ़नी सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उप्र. एसवीएस रंगाराव द्वारा मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार



के साथ राजकीय पुस्तकालय, सिद्धार्थनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद उप्र0 एसवीएस रंगाराव ने निर्देश दिया कि पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तको की सूचीबद्ध कराये। पुस्तकालय में 350 बच्चों का रजिस्ट्रेशन है। सदस्य (न्यायिक) राजस्व परिषद द्वारा सराहना की गयी। इस अवसर पर जिला विद्यायल निरीक्षक सोमारू प्रधान, एडीएसटीओ वीरेन्द्र सिंह तथा अन्य संबधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### अंबेडकरनगर के सभी विद्यालय 2 दिन के लिए बंद

**अंबेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** जिलाधिकारी के आदेशनुसार घने कोहरे एवं अत्यधिक सर्दी/ठण्ड के दृष्टिगत जनपद अम्बेडकरनगर के समस्त राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त / वित्त विहीन (बे0शि0परिषद / मा0शि0 परिषद /सी0बी0एस0ई0 / आई0सी0एस0ई0 आदि सभी बोर्डों द्वारा संचालित) विद्यालयों की इण्टरमीडिएट स्तर तक की कक्षाओं में दिनांक 29.12.2023 एवं 30.12.2023 को शिक्षण कार्य बन्द रहेगा। उक्त बन्दी हाईस्कूल / इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षा से संबंधित पूर्व निर्धारित प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रमों पर लागू नहीं होगी तथा विद्यालयों में कार्यरत समस्त शिक्षक /कर्मचारी यथावत कार्य करते रहेंगे।

### तनिष्क व प्रभगुन ने जनपद का नाम किया रौशन

**अम्बेडकरनगर(अवधनामा संवाददाता)।** प्रभगुन व तनिष्का बग्गा ने लन्दन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा कर अम्बेडकरनगर का नाम किया रोशन। निफा संस्था, करनाल द्वारा भारत की सबसे बड़ी लाइव सेमिनार में




समाजसेवी अंशु बग्गा की पुत्री एवम भतीजी को मिला बड़ा सम्मान। सामाजिक विषय से जुड़ा मुद्दा *भिक्षावृत्ति एक अभिशाप* जिसमें देश के कोने कोने से 300 से अधिक प्रतिभागी ने प्रतिभाग किया जो निरंतर 24 घंटा चलती रही। प्रभगुन और तनिष्का ने मध्य रात्रि 2 बजे लाइव सेमिनार में प्रतिभाग कर अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन दे कर अपना नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर कर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रभगुन सबसे कम उम्र की बच्ची है इस जिले की जिसने अपना नाम बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। सांसद रितेश पांडेय जी, पूर्व एम.एल.सी. विशाल वर्मा, डॉ जहीर, पूर्व बार अध्यक्ष टांडा अजय श्रीवास्तव और जिले के विभिन्न संभ्रांत नागरिको ने प्रभगुन को फ़ोन कर दी वधाई।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कांग्रेस पार्टी का स्थापना दिवस



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर गुरुवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का 139वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद तिवारी ने और संचालन अनिल सिंह अन्नू ने किया।

अपने संबोधन में पूर्व सांसद मोहम्मद मुकीम व अध्यक्षता कर रहे ठाकुर प्रसाद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस ही सबसे पुरानी पार्टी है, जिसकी नीव आजादी के लड़ाई के नीव के साथ ही पड़ गई थी। 1885 में हमारे पार्टी के वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने मिलकर पार्टी की नींव रखी 57 नेताओं ने मिलकर पार्टी का गठन किया। जिसमें बंकिम चंद्र बोस, दादा भाई नव रोजी, पंडित जवाहरलाल नेहरू आदि प्रमुख रहे। जहां आज की सत्तासीन पार्टीयां देश में नफरत फैला रही है, हिंदू मुस्लिम जाति,पाति, उच, नीच की राजनीति कर मंदिर मस्जिद और गाय गोबर की राजनीति कर सत्ता में बने रहना चाहती हैं। वही कांग्रेसियों ने अंग्रेजों से लोहा लेकर देश आजाद कराया और आजादी के बाद विकसित देशों की श्रृंखला में भारत को खड़ा किया। आज जरूरत है गंगा जमुनी तहजीब की और देश को महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से बचने की। संचालन कर रहे अनिल सिंह अन्नू और शादीक अहमद ने कहा कि जिस प्रकार आजादी के लड़ाकों ने देश को आजाद करा कर साफ सुथरी पार्टी का गठन किया जो सभी समुदाय के लोगों को लेकर चली, देश में तमाम उद्योगों की स्थापना करवाई आईआईएम, एम्स, भाखर नांगल परियोजना, आईआईटी और तमाम कल कारखानों से देश को आच्छादित किया और देश को विकसित देशों की श्रृंखला में खड़ा कर दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से देवेंद्र कुमार गुड्डू, सतीश चंद्र त्रिपाठी, लक्ष्मी रमन त्रिपाठी, सुदामा प्रसाद, संत बहादुर सिंह, राजेश सिंह, रामचंद्र पांडेय, मैनुद्दीन खान, गुल मोहम्मद, होरीलाल, डॉ प्रमोद कुमार, संतोष चौधरी, अकरम अली सिद्दीकी व जुबेर आदि की मौजूदगी रही।

# हर घर नल से जल योजना के प्रचार प्रसार के लिए एलईडी वैन रवाना



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत गुरुवार को जनपद में एल ई डी वैन के माध्यम से जन जागरूकता फैलाने और जनपद स्तर ब्लॉक स्तर तहसील स्तर ग्राम पंचायत स्तर में होर्डिंग लगवाने ग्राफिटी लगवाने के लिए संस्था मेसर्श फाल्कन मुंबई ने जल निगम में कार्यक्रम आयोजित किया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण मदन रामपाल, सहायक अभियंता महेश कुमार, डीसी चंद्रपाल सोनी, डीपीएमयू अंकित पाठक, जिला समन्वयक तौकीर आजम, सुंदरम मिश्रा, तरुण त्रिपाठी, अनिल निषाद आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण ने सभी टीमों को हरी झंडी दिखाकर ग्राम पंचायतों के लिए रवाना किया। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम जब ग्राम पंचायतों में आयोजित होंगे तब लोगों में जागरूकता जरूर फैलेगी।

## व्यक्ति को अपनी दौलत व शोहरत पर कभी घमण्ड नहीं करना चाहिए : मौलाना इंतेज़ार

**जलालपुर अम्बेडकरनगर (अवधनामा संवाददाता)।** इंसान को दौलत, शोहरत व अपने जिस्म पर कभी भी घमंड नहीं करना चाहिए। ऐसे लोग जिनमें गुरूर होता है, उन पर अल्लाह के फरिश्ते लानत भेजते हैं। इंसान को अपनी जिंदगी में कोई ऐसा काम नहीं करना चाहिए जिससे उनकी आने वाली पीढ़ी को कोई परेशानी हो। अल्लाह ने कहा है कि मां-बाप के कर्मों का फल उनके बच्चों को भुगतना पड़ता है। ये बातें गुरुवार को भियांव ब्लाक के कोरझा गांव में सैयद नसर अब्बास की तरफ से आयोजित उनके पिता सैयद हसन अब्बास के इसाले सवाब की मजलिस को संबोधित करते हुए मौलाना सैयद इंतेज़ार मेंहदी ने कही। उन्होंने कहा कि अपनी औलादों की ईमानदारी से कमाई गई दौलत से पालन-पोषण करो। इससे न सिर्फ बच्चे पाक दामन होंगे बल्कि तरक्की उनके कदम चूमेगी। मजलिस से पूर्व जुहैर जलालपुरी मय हमनवां ने शोजख्वानी की।

# ग्राम पंचायत कल्याण नगर में स्टाल के माध्यम से दी जानकारी

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड बढ़नी ब्लाक के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कल्याण नगर उर्फ हृदय नगर व तालकुंडा में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत स्टाल लगाए गए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों द्वारा सहभागिता कर जानकारियां हासिल कर सुविधाओं की जानकारी ली गई।

स्वास्थ्य सेवाएं, केवाईसी, उज्ज्वला गैस, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका, आंगनवाड़ी, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री फसल बीमा, जल जीवन मिशन योजना आदि योजनाओं का स्टाल लगाया गया। एल ई डी वैन से ग्रामीणों को भारत सरकार के द्वारा की गई सफल कार्यो को दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने बताया कि बिना किसी भेद भाव के शासन की योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके तब पहुंच रहा है योगी जी और मोदी जी की डबल इंजन की सरकार। विशिष्ट



अतिथि गोपाल तिवारी, समाज सेवी अनिल अग्रहरी, नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, हृदयनगर ग्राम प्रधान जय प्रकाश चौधरी, लाला चौधरी शेषमनि चौधरी, उर्फ दारा चौधरी, ग्राम पंचायत सचिव एस पटेल, प्रधान प्रतिनिधि राम शरन, ग्राम पंचायत सचिव उदय प्रताप गौतम, विजय प्रकाश साहू सहित स्टालों पर बड़ी संख्या पर ग्रामीणों की उपस्थिति रही साथ ही ग्रामीणों का स्वास्थ्य विभाग द्वारा परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। संबंधित विभागों द्वारा सरकार के तरफ से दी जा रही योजनाओं के बारे में बतलाया ब्लाक के तरफ से आंगनबाड़ी, आशा, स्वास्थ्य विभाग की टीम,और अन्य ग्रामीण के लोग भी उपस्थित रहे।

## बिहार के पूर्व सीएम कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह रविवार को

**सिद्धार्थनगर (अवधनामा संवाददाता)।** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर का जन्म शताब्दी समारोह एवं संगोष्ठी रविवार को सुबह 10 बजे से जिला मुख्यालय के साड़ी तिराहा स्थित एक होटल में आयोजित है। इसकी सफलता के लिए सभी को जुटना होगा।

उक्त बातें आल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजूकेटेड एसोसिएशन के जिला संरक्षक और कार्यक्रम संयोजक घनश्याम कुमार शर्मा ने कही। वह मुख्यालय पर आयोजन समिति से जुड़े पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष और कैडर प्रभारी सुदामा प्रसाद नंद, जबकि प्रदेश संरक्षक आचार्य शुभनारायन नंद यथार्थी, प्रदेश मीडिया प्रभारी विनय कुमार नंद विशिष्ट अतिथि होंगे। जिलाध्यक्ष धीरज शर्मा नंदवंशी की अध्यक्षता में संपन्न बैठक में सह संयोजक राजकुमार, प्रमोद, राहुल वर्मा, जगदंबिका प्रसाद, राजकुमार, अमित नंद उपस्थित थे।

# सपा ही है दलितों, पिछडो एवं शोषित समाज की सच्ची हितैषी : साहिल

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर गुरुवार को समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव साहिल राव सरकार के प्रथम आगमन पर अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चंद्रभान गौतम के अध्यक्षता तथा सपा जिला अध्यक्ष लाल जी यादव की उपस्थिति में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।

स्वागत समारोह में अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव साहिल राव ने अपने मनोनयन पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तथा अनुसूचित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजवादी अनुसूचित प्रकोष्ठ पूरे लोकसभा क्षेत्र के गांव-गांव में जाकर जन चौपाल के माध्यम से पार्टी को मजबूत करने का काम करेगा। सपा ही दलितो पिछडो एवं शोषित समाज की सच्ची हितैषी है, क्योंकि समाजवादियों



■ साहिल राव सरकार के जिले में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने किया स्वागत

ने काफी पहले से ही बाबा साहब के संविधान के अनुरूप नारा लगाया करते थे कि सोशलिस्टों ने बांधी गांठ पिछड़े पावे 100 में 60 और बाबा साहब को जो नागरिक सम्मान मिलना चाहिए था उसे मिलाने में 40 साल लग गए और जब समाजवादियों की सरकार 1989 मैं बनी तब जाकर 1990 में बाबा साहब को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया और 14 अप्रैल बाबा साहब की जयंती पर अवकाश घोषित किया गया बाबा साहब ने संविधान में हमको स्वतंत्रता समानता बंधुत्व एवं संप्रभुता का जो अधिकार दिया था। अब बाबा साहब के उस संविधान पर संकट है भाजपा सरकार महंगाई बेरोजगारी शिक्षा और स्वास्थ्य की बात ना कर जनता का ध्यान भटकाने में लगी है देश का दलित समाज जाग चुका है अब वह उनके किसी बहकावे में आने वाला नहीं है लोकसभा चुनाव 2024 में अनुसूचित जाति का वोट समाजवादी पार्टी के साथ पूरी ताकत से खड़ा रहेगा और इस जन विरोधी सरकार को उखाड फेंकने का काम करेगा।

# ब्लॉक स्तर पर उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

पंकज श्रीवास्तव

**बांसी मिठवल।** ग्राम प्रधान/स्थानीय निकाय के सदस्य/एसएमसी अध्यक्ष एवं सचिव का ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों को गांव में सफाई अभियान चलाकर सफाई की उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए। मिठवल बीआरसी के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय विधायक राजा जय प्रताप सिंह और विशिष्ट अतिथि खंड विकास अधिकारी मिठवल सतीश कुमार सिंह के कर कमल द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी रामकुमार सिंह ने अभिभावकों को योजनाओं की जानकारी भी दी गई। शारदा कार्यक्रम के तहत हाउस होल्ड सर्वे, स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों के लिए ड्रेस, जूते, स्वेटर आदि खरीदने हेतु डीबीटी एप



के माध्यम से 1100 रुपये भेजने और बाल श्रमिक योजना के तहत दिव्यांगों के प्रतिमाह पेंशन आदि योजनाओं की जानकारी दी गई। पूर्व माध्यमिक विद्यालय बाजारडीह और तिगोड़वा के अध्यापिकाओ के निर्देशन में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान राष्ट्रीय शैक्षिक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनुराग वर्मा, मंत्री नवनीत सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्रा, समस्त एआरपी और समस्त बीआरसी स्टाफ के सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया गया । संचालन सुरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा किया गया।

# आशा की किरण

नव निर्वाचित कुश्ती महासंघ के चुनाव के नतीजो से महिला पहलवानों को घोर निराश हुई थी। क्योकि निर्वाचन में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन नही किया गया था। कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर ऐसे आदमी को चुना गया जो बृजभूषण सिंह का बहुत करीबी है। इसके अलावा महासंघ के अन्य संस्थाओं में वही लोग लिये गये है जो बृजभूषण के अनन्य भक्त है। बृजभूषण सिंह इसे अपनी जीत प्रचारित कह रहे थे। मेरे दबदबा बना रहेगा। समस्या यह भी थी कि महासंघ और उसके अन्य संस्थाओं का संचालन पूर्व अध्यक्ष के निवास से ही चलता रहेगा। जहां महिलाओं ने अपने यौन उत्प्रीड़न का आरोप लगाया है। इसी टीम ने अन्डर 15 और 20 की राष्ट्रीय प्रतियोगिता कराने के लिये बृजभूषण के निर्वाचिन क्षेत्र गोण्डा को चुना गया। इसलिये महासंघ निर्वाचन में बृजभूषण के करीबियों का होना चिन्ता का विषय बन गया।

महिलायें जिसके खिलाफ धरना प्रदर्शन करती रही महीना भर सड़कों पर पड़ी रही बड़ी जद्दोजहद के बाद बृजभूषण के खिलाफ एफआईआर हुआ पर छह महीने हो गये कोई कार्यवाई आगे बढ़ती नही दिख रही थी। साक्षी और पुनिया ने निराशा में निर्णय लेते हुये साक्षी ने रोते हुये कुश्ती प्रतियोगिताओं से सन्यास लेने की घोषणा कर दी और पुनिया ने अपना प्रदमश्री लौटाने की घोषणा कर दी। अभी और खिलाड़ी शायद इस तरह की घोषणायें करते पर खेल मंत्रालय ने नव निर्वाचित महासंघ को निलम्बित कर दिया पहलवानों में आशा की किरन जागा दी।

अब ओलम्बिक संघ को कुश्ती से जुड़े मामलों को देखने के लिये व्यवस्था तो अस्थायी है। कुश्ती महासंघ का चुनाव फिर होगा। सुनिश्चित करना बेहतर होगा कि फिर बृजभूषण कम्पनी के लोगी ही न फिर काबिज हो जाये। अगर फिर वही कम्पनी वापसी करती है तो सारी कसरत बेकार होगी और भारतीय पहलवानों की आशा पर तुषारापात होगा। फिर वहीं कम्पनी आती है तो निश्चित ही महिला पहलवानों न जो मुकाम हासिल सख्त मेहनत करके जिस तरह से राष्ट्रीय अन्तरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं मेडल प्राप्त कर देश और लोगो को कार्यान्वित कर रही है उसमें भारी ब्रेक लग जायेगा। खेल मन्त्रालय और महासंघ को महिलाओं का विश्वास अर्जित करना होगा। उनमें भरोसा जगाये कि अब उनका शोषण नही हो पायेगा। उन्हें अपने खेलों को निखारने के लिये निश्चित वातावरण मिलेगा।

खेल संस्थायें जो चल रही है उनमें नेताओं का दखल अक्सर देखने को मिलता है। इनके अलावा कुछ शाक्तिशाली अवकाश प्राप्त ब्यूरो क्रेट भी घुसपैठ किये रहते है। खेलों के विकास के लिये यह प्रवृत्त घातक है। खेल संघों और ओलम्पिक संघो में उन्हीं व्यक्तियों को आना चाहिये जिन्होंने खेल को बढ़ाने में अपना योगदान दिया है। खेल के क्षेत्र में सराहनीय उपलब्धि पायी हो। जो खेल के चरित्र को समझते हो। जिन खेलो से महिलायें जुड़ी है उनके संघो में और कोचो पर अक्सर यौन शोषण के आरोप लगते रहते है। इस पर कड़ा नियन्त्रण रखना चाहिये जो लोग संदिग्ध या दोषी पाये जायें उन्हें हमेशा के लिये कानूनी तरीके से डीबार कर दिया जाना चाहिये। महिला पहलवानो को त्वरित न्याय दिलाने के लिये बृजभूषण के खिलाफ जो जांच चल रही है उसे तेजी से निपटाया जाना चाहिये वरना यही धारणा बनेगी कि नेताओं का दबदबा अपनी जगह है। एफआईआर के 6 महीने हो गये है। न्याय में देरी न्याय से मरहूम वाली कहावत चरितार्थ न की जाये। वीएफआई को स्पोर्ट मैनुवल का पालन करना चाहिये जो खेल महासंघो के लिये आवश्यक है। इन्हें शक्ति से जनता से पालन करना चाहिये जो खेल महासंघो के लिये आवश्यक है। इन्हें जनता से फन्ड मिलता है और वे जिम्मेदार होते है। पर बृजभूषण कम्पनी निजी व्यवस्थाय की तरह महासंघ को बृजभूषण के घर से चला रहा थे। बृजभूषण अपने निर्वाचन क्षेत्र के असरदार नेता है। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में उनका वर्चस्व है। इसी से बृजभूषण शक्तिशाली बने हुये है।

महासंघ का स्पोर्ट कोड के अनुसार भूमिका होती है पहलवानों के हितों की रक्षा करना। अब तक तीन पहलवानों ने अपने अवार्ड लौटाये है। विनेश ने भी पदक लौटाने की घोषणा की है। यह दर्दनाक स्थिति है। बृजभूषण ने कहा है वह कुश्ती महासंघ से अलग है अब कुश्ती ने उनका कोई नाता नहीं है। पर नये महासंघ की बैठक में वह गये थे। स्पष्टीकरण देते है वह पूर्व अध्यक्ष थे इस लिये गये थे। पर पूर्व अध्यक्ष का वहा क्या औचित्य था। वह गृहमंत्री से मिलने जा रहे है। संजय सिंह सरकार से इस विषय पर बात करने जा रहे है और न्यायालय में जाने की धमकी दे रहे है। अपने को सही करने में लगे है। पर सरकारी रवैये से लगता है उनके प्रयास व्यर्थ जायेगे। मोदी योगी राज में सरकारी योजनाओं को अनुसार पहलवानो को उचित, न्याय, सम्मान और वातावरण मिला रहा है। इन्ही से महिलाओं में ज्योति किरन जागी है। खुदा करें उनकी उम्मीद सफल हो और स्वतन्त्र रूप से महिला खेलो में भाग लेकर नाम कमाती रहे।

## प्रगतिशील शिक्षा ज्ञान का नया स्वरूप

संजीव ठाकुर

भारतीय समाज एक बहुभाषी, बहु सांस्कृतिक, बहुजातीय, बहु धार्मिक समाज है। एक नजर में इसकी प्रगाढ़ता और इसके विराट स्वरूप को समझना अत्यंत कठिन है। भारतीय समाज की गहरी और विशाल संरचना को, उसके विभिन्न आयामों को समझना हमारे लिए अत्यंत आवश्यक भी है और अनिवार्य भी। हमारा समाज एक विशिष्ट और उत्कृष्ट समाज है, जो अनेक संस्कृतियों, रीति-रिवाजों, धार्मिक विश्वासों और जीवनशैली में गुथा हुआ है। रोजमर्रा की जीवन शैली में भारतीय समाज की विशिष्ट पहचान दृष्टिगोचर होती है। यह समाज जहां अपनी पुरातन अंधविश्वासी रूढ़िवादिता की बेड़ियों में जकड़ा है, वहीं दूसरी तरफ आधुनिक विकास के साथ अग्रसर होने की चाह में आगे बढ़ रहा है। भारतीय समाज रूढ़िवादिता और आधुनिकता के विकास के बीच अंतर्द्वंद में फंसा हुआ है। एक ओर भारतीय समाज पश्चिम से प्रेरित होकर भौतिकता की चकाचौंध के पीछे भाग रहा है वहीं दूसरी तरफ अपनी पुरातन आध्यात्मिक परंपराओं का भी बखूबी निर्वाहन करने का प्रयास भी कर रहा है। किंतु समाज में यह अंतर्द्वंद बना हुआ है कि वह योग को अधिक महत्व दे अथवा भोग को, इससे इतर भारतीय समाज आश्चर्यजनक रूप से दोनों को अपनाते हुए आगे की ओर अग्रसर है। भारतीय महिलाएं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की नई परिभाषाएं लिख रहीं है वही देश में शिशु लिंगानुपात हर जनगणना में घटता जा रहा है। सामाजिक कुरीतियों में कमी तो आई है पर महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों और यौन अपराधों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। हमारे समाज में बेटियां नाम कमा कर माता-पिता का नाम रोशन तो तेजी से कर रही हैं पर भ्रूण हत्या की दरों में अनावश्यक तेजी भी चिंता का कारण बनी हुई है। यही अंतर्विरोध ही समाज को चिंतनीय भी बना रहा है। सबसे ताजा खबरों में हरनाज संधु ने मिस यूनिवर्स का खिताब जीता है, और देश का नाम ऊंचा कर गौरव हासिल किया है। भारतीय लड़कियों ने फैशन में एक नया मुकाम बनाया है आज आधुनिक पेंट, जींस पहन कर लड़कियां आगे बढ़ने को आतुर है। दूसरी तरफ खानपान में जहां भारतीय पारंपरिक व्यंजन डोसा, सांभर, इडली, पंजाबी ,मसालेदार भोजन ग्लोबल स्तर पर छा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हम पारंपरिक भोजन ही कर रहे हैं हमने पिज़्ज़ा, पास्ता, मैक्सिकन, इटालियन, चाइनीस और कॉन्टिनेंटल फूड को भी आमजन का खाद्य पदार्थ बनाया हुआ हैं। भारतीय समाज रूढ़िवादी संस्कारों को पूरी तरह निभाने का प्रयास कर रहा है दूसरी तरफ लिव इन रिलेशनशिप में युवक युवतियां महानगरों में बड़े आराम से जीवन जी रहे हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

साल 2014 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 90 सीटों में से 47 पर विजय हासिल कर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 40 सीटें जीती और दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी यानी जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। पिछले दस साल से बीजेपी की हरियाणा में सरकार है। जाट बहुल जनसंख्या वाले राज्य हरियाणा में बीजेपी की मजबूती और पकड़ कांग्रेस को अखर रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस ने किसी न किसी तरह मनोहर लाल की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की।

# कांग्रेस की जाट राजनीति का टूल हैं पहलवान



आशीष वशिष्ठ

किसान आंदोलन की समाप्ति के बाद से देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पहलवानों के जरिए अपनी जाट राजनीति को आगे बढ़ा रही है। कांग्रेस की इस राजनीति में अतिमहत्वकांक्षी पहलवान शामिल हैं। साक्षी मलिक की कुश्ती से संन्यास, बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट की सम्मान वापसी इसी ओर इशारा करती है कि, पहलवानों को न्याय व्यवस्था पर भरोसा नहीं है। नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी का पहुंचना पूरी तरह साफ करता है कि, पहलवान कांग्रेस के की जाट राजनीति के टूल हैं। पहलवान आंदोलन में हरियाणा के युवा जाट नेता और राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की सहभागिता और सक्रियता सार्वजनिक है। जंतर मंतर में पहलवानों के धरने के दौरान प्रियंका पहलवानों से मिलने गई थी। ऊपरी तौर पर लड़ाई भले ही पहलवानों और कुश्ती संघ के बीच दिखाई देती हो, लेकिन इसके जड़ में जाट वोटों की राजनीति है।

माना जाता है कि देश में जाट बिरादरी की आबादी कुल जनसंख्या का 6 फीसदी है। पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में जाटों की आबादी अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा है। दिल्ली और इससे सटे राज्यों की करीब 40 लोकसभा सीटों पर जाट वोटरों का सीधा प्रभाव है। हरियाणा में जाटों की आबादी 25 फीसदी है। पंजाब में भी जाटों की जनसंख्या 25 से 30 प्रतिशत आंकी जाती है। राजस्थान में 12 और दिल्ली में 12 फीसदी आबादी इसी बिरादरी की है। 22 करोड़ की जनसंख्या वाले यूपी में जाटों की आबादी महज दो फीसदी मानी जाती है, मगर पश्चिम उत्तर प्रदेश की 18 लोकसभा सीटों पर जाति का दबदबा है।

हरियाणा में पिछले दस साल से भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। किसान आंदोलन के बाद से कांग्रेस को हरियाणा में राजनीतिक संभावनाएं अपने पक्ष में दिखाई देती हैं। उसे लगता है कि किसान और पहलवानों के कंधों पर सवार होकर भाजपा को हरियाणा की सत्ता से बाहर किया जा सकता है। वहीं लोकसभा चुनाव में हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब के जाट वोटरों के प्रभाव वाली सीटों में भी उसे इसका फायदा मिलेगा। जाट बिरादरी के बड़े गढ़ हरियाणा में कांग्रेस पिछले दस साल से सत्ता से दूर है। हरियाणा से गांधी परिवार के करीबी कई बड़े जाट नेता हैं। जिनमें भूपेंद्र सिंह हुड्डा, रणदीप सिंह सुरजेवाल, दीपेंद्र हुड्डा प्रमुख हैं। लेकिन इन नेताओं के सारे यत्नों और प्रपंचों के बावजूद हरियाणा में उनकी दाल गल नहीं रही। 2019 के लोकसभा चुनाव में हरियाणा की दस सीटों पर मोदी की सुनामी के आगे किसी राजनीतिक दल की नहीं चली। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस भी धराशायी हो गई। भाजपा ने पिछले सभी रिकार्ड तोड़ते हुए यहां सभी दस सीटों पर विजय पताका फहराई थी। कांग्रेस के बड़े जाट नेता भूपेंद्र हुड्डा सोनीपत और उनके पुत्र दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से हार गए।



भूपेंद्र और दीपेंद्र के अलावा कांग्रेस के दिग्गज नेता कुमारी शैलजा, निर्मल सिंह, कांग्रेस के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर, कैप्टन अजय यादव और अवतार भड़ाना को भी हार का मुंह देखना पड़ा। 2014 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने कांग्रेस और इंडियन नेशनल लोकदल यानी इनेलो को हराकर हरियाणा में सात सीटें जीती थी। कांग्रेस नेता दीपेंद्र हुड्डा रोहतक से जीते थे। इनेलो ने हिसार व सिरसा की दो सीटें जीती थी।

साल 2014 में हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए कुल 90 सीटों में से 47 पर विजय हासिल कर कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 40 सीटें जीती और दुष्यंत चौटाला की जननायक जनता पार्टी यानी जजपा के साथ मिलकर सरकार बनाई। पिछले दस साल से बीजेपी की हरियाणा में सरकार है। जाट बहुल जनसंख्या वाले राज्य हरियाणा में बीजेपी की मजबूती और पकड़ कांग्रेस को अखर रही है। प्रदेश में बीजेपी सरकार बनने के बाद से कांग्रेस ने किसी न किसी तरह मनोहर लाल की सरकार को अस्थिर करने की कोशिश की। जाट आरक्षण, किसान आंदोलन और पहलवान आंदोलन में कांग्रेस की भूमिका सार्वजनिक है। देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में किसान आंदोलन की समाप्ति के बाद साल 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में योगी सरकार ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की। तमाम विरोधों और आंशकाओं के बाद भी 37 साल बाद उत्तर प्रदेश में ऐसा हुआ कि किसी दल ने लगातार दूसरी बार सरकार बनाई हो। चुनाव से पहले प्रदेश के पश्चिमी हिस्से यानी जाट बेल्ट में भाजपा को नुकसान की आशंका राजनीति के जानकार बता रहे थे। कांग्रेस ने यह चुनाव यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा के नेतृत्व में लड़ा। कांग्रेस की सारी रणनीति और पैंतरेबाजी की बावजूद पार्टी ने विधानसभा चुनाव में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन किया। उसे दो सीटों पर जीत मिली। जाट बेल्ट में तो उसका खाता ही नहीं खुला। वर्ष 2017 का विधानसभा चुनाव कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन करके लड़ा था, और उसे 7 सीटों पर जीत मिली थी। तब पश्चिम उत्तर प्रदेश से उसके दो विधायक बेहट ओर सहारनपुर सीट जीते थे। वर्तमान में यूपी में कांग्रेस दो विधायक हैं। जो प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र से हैं। सोनिया गांधी यूपी से एकमात्र कांग्रेस सांसद हैं। 100 सदस्यों की विधान परिषद में उसकी सदस्य संख्या शून्य है। साल 2022 में पंजाब विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस को सत्ता से बुरी तरह बेदखल किया। 117 सीटों में से 92 सीटें आप ने जीती तो कांग्रेस के हिस्से में मात्र 18 सीटें आई। भाजपा और शिरोमणि दल का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा। पंजाब में भी जाट वोटर हार जीत में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। राजस्थान में भी जाट वोटों की बड़ी अहमयित है। हालिया विधानसभा चुनाव में राजस्थान में भाजपा ने कांग्रेस को बड़ी शिकस्त देकर सत्ता से बेदखल किया है। राजस्थान में बिश्नोई बहुल 27 सीटों में से 24 पर भाजपा की जीत हुई है। हरियाणा से सटे राजस्थान की अधिकतर सीटों पर भाजपा उम्मीदवार विजयी हुए हैं। इनके जाट बहुल होने के बावजूद जननायक जनता पार्टी और कांग्रेस का प्रदर्शन फीका रहा।

हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस की सरकारों ने लंबे समय तक राज किया है। आंकड़ों के आलोक में बात की जाए तो जाट वोटरों के प्रभाव वाले राज्यों में कांग्रेस की ताकत लगातार कमजोर हुई है। कांग्रेस के अलावा जाट वोटों की राजनीति करने वाले इंडियन नेशनल लोकदल, जननायक जनता पार्टी, राष्ट्रीय लोकदल और अन्य दल भी बीजेपी के सामने कमजोर दिखाई देते हैं। दिल्ली, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कांग्रेस को जाट वोटरों के हिसाब से उम्मीद की रोशनी हरियाणा में सबसे ज्यादा दिखाई देती है। अगले साल आम चुनाव के बाद साल के आखिरी महीनों में हरियाणा विधानसभा के चुनाव होंगे। ऐसे में उसका फोकस लोकसभा चुनाव में जाट वोटरों का समर्थन पाने और हरियाणा की सत्ता की हासिल करने पर है। अपने मंसूबे पूरे करने के लिए किसान आंदोलन के बाद अब कांग्रेस पहलवानों के जरिए जाट वोटरों को अपने पाले में लाने और बीजेपी की जाट बिरादरी में नेगेटिव छवि बनाने की कोशिशों में जुटी है।

# विकसित भारत की संकल्प यात्रा में किसान

प्रधानमंत्री जी ने अमृत काल में एक-एक पल की कीमत समझाते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने को कहा। इस संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक विकसित भारत, सशक्त भारत की योजना का खाका खींचा। इस विकसित भारत की संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने शिक्षण संस्थानों के छात्रों से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया और राष्ट्र निर्माण का उत्तरदायित्व शिक्षकों और विद्यार्थियों पर सौंपते हुए युवाओं को राष्ट्र के विकास के पुनीत कार्य से जोड़ा।



डॉ रामेश्वर मिश्र

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी विकसित राष्ट्र के नव निर्माण के लिए अनेक महत्वपूर्ण कार्य योजनाओं की आधारशिला रखी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव से विकसित भारत की संकल्प यात्रा को हरी झंडी दिखाते हुए 2047 तक विकसित भारत की रूपरेखा का खाका खींचा। विकसित भारत की संकल्प यात्रा के संवाद कार्यक्रम में देश भर से लाखो लाभार्थी आनलाइन हिस्सा लिया, इसके साथ ही साथ देशभर से दो हजार से अधिक वीबीएसवाई (विकसित भारत संकल्प यात्रा) वैन के साथ अनेक सेवा केन्द्र खोले जा रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी के इस विकसित भारत संकल्प यात्रा का लक्ष्य अन्तिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सम्पूर्ण योजना का लाभ सुनिश्चित करना। प्रधानमंत्री जी ने देश की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी सरकार कोई माई-बाप सरकार नहीं है वरन यह माता-पिताओं के सेवा करने वाली सरकार हैं। इसके आगे बोलते हुए देश के आम जनमानस को आश्वस्त करने का प्रयास किया कि देश का हर गरीब मेरे लिए वीआईपी हैं, हर माता-बहन, बेटी मेरे लिए वीआईपी है, देश का हर युवा मेरे लिए वीआईपी हैं। विकसित भारत की संकल्प यात्रा का रथ निकालकर देश के नागरिकों को उनसे जुड़ी महत्वपूर्ण सरकारी योजनओं से जुड़ने का अवसर मिल रहा है जिससे देश का हर युवा जुड़ रहा है। विकसित भारत के संकल्प के साथ मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देश के कोने-कोने में पहुंच रही है। इस यात्रा को प्रारंभ हुए एक महीना पूरा हो चुका है, इस एक महीने में यह यात्रा हजारों गावों के साथ-साथ हजारों शहरों में पहुंच चुकी है।



प्रधानमंत्री जी ने अपने भाषण के माध्यम से वीआईपी व्यवस्था के कल्चर पर प्रहार करने का कार्य किया। मोदी जी ने जनमानस के विश्वास को मजबूत करते हुए कहा कि मोदी की गारंटी का मतलब, पूरी होने की गारंटी है। मई 2014 में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का संकल्प लिया उन्होंने अन्तिम पंक्ति में खड़े हर व्यक्ति की समानता, स्वतंत्रता, स्वास्थ्य, सम्मान और अस्मिता की रक्षा का संकल्प लिया जिसके लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं तब से लेकर अब तक संचालित की जा रही हैं।

प्रधानमंत्री जी ने अमृत काल में एक-एक पल की कीमत समझाते हुए राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने को कहा। इस संबोधन के माध्यम से प्रधानमंत्री जी ने 2047 तक विकसित भारत, सशक्त भारत की योजना का खाका खींचा। इस विकसित भारत की संकल्प यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री जी ने शिक्षण संस्थानों के छात्रों से सम्पर्क स्थापित करने का प्रयास किया और राष्ट्र निर्माण का उत्तरदायित्व शिक्षकों और विद्यार्थियों पर सौंपते हुए युवाओं को राष्ट्र के विकास के पुनीत कार्य से जोड़ा।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत के निर्माण में युवाओं, महिलाओं, किसानों, बालिकाओं, रेहड़ी पटरी वालो, दिहाड़ी मजदूरों एवं आम जनमानस के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित करने का कार्य किया। हाल ही में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत के लिए अनेकों तथ्य उत्तरदायी हैं परन्तु जिस एक विषय ने सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया वह लाडली बहना योजना थी, दूसरा सबसे महत्वपूर्ण विषय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का करिश्माई व्यक्तित्व है जिस पर आम जनमानस पूर्ण विश्वास कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी जी ने विकसित भारत की संकल्प यात्रा में किसानों के कल्याण के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं कार्यान्वित की जिसमें कुसुम योजना के तहत किसानों को सोलर पंप लगवाने पर 90 प्रतिशत तक सब्सिडी का ऑफर है, राज्य के जिन किसानों के पास 2 हेक्टेयर तक जमीन है ऐसे किसान कुसुम योजना का लाभ उठा सकते हैं। कुसुम योजना के अंतर्गत बंजर भूमि को उपयोगी बनाने पर जोर दिया गया है। इसके साथ ही प्रधानमंत्री जी ने मानधन योजना का शुभारंभ 12 सितंबर 2019 को झारखंड के रांची में की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की वृद्धा अवस्था को सुखद बनाने के लिए किसानों को पेंशन देने के लिए मानधन योजना का शुभारंभ किया है। इस योजना के अंतर्गत छोटी जोत के हर किसान 20 वर्ष से लेकर 40 वर्ष तक 55 रुपये मासिक से लेकर 200 रुपये मासिक अंशदान करके 60 वर्ष की आयु के पश्चात उन्हें 3 हजार की मासिक पेंशन पायेंगें। मानधन योजना से जहां किसानों की वृद्धावस्था को सुखमय बनाने का प्रयास किया गया वही फसल बीमा योजना ने किसानों के फसलों की आकस्मिक दुर्घटनाओं के पश्चात उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संकट से उबारने का कार्य किया। फसल बीमा योजना की घोषणा 18 फरवरी 2016 को हुई थी। यह योजना सभी खाद्य, तिलहन फसलों और वार्षिक वाणिज्यिक बागवानी फसलों को सुरक्षा प्रदान करने की गारंटी देती है। इस योजना के साथ ही साथ 2015-2016 में प्रारंभ हुई कृषि सिंचाई योजना ने किसानों की खेत पर पानी की भौतिक पहुंच को बढाना था। इन योजनाओं के इतर प्रधानमंत्री मोदी जी ने किसानों के सम्मान के लिए अनेक निष्ठापूर्ण समर्पित योजनाओं का क्रियान्वयन किया। किसान आत्म सम्मान योजना के तहत किसानों को सालाना 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। किसानों के खाते में ये राशि हर चार महीने के अन्तराल पर तीन किस्तों में 2 हजार रुपये भेज दिये जाते हैं, अब तक किसान सम्मान निधि योजना की 15 किस्तें किसानों को प्राप्त हो चुकीं है।

इन सबके अतिरिक्त साइल हेल्थ कार्ड योजना, नीम कोटेड यूरिया योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना आदि का क्रियान्वयन किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की यशस्वी योजनाएं किसानों के आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में सहायक हुई है। प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हितों और आत्मसम्मान की रक्षा के लिए न केवल अनेक योजनाओं का क्रियान्वयन किया है अपितु समय-समय पर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया कि इन योजनाओं का लाभ किसानों तक पहुंच रहा है कि नहीं, इसके लिए समय-समय पर किसानों के साथ प्रधानमंत्री मोदी जी ने संवाद स्थापित किया है।

# कुश्ती को बहुत नुकसान पंहुचाया विवाद ने

चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे। इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तै करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई। न उन्हें ट्रायल की तारीख तै होने की जानकारी है।



अशोक मधुप

पिछले लगभग एक साल के भारतीय कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती को बहुत नुकसान पहुंचाया। यह नुकसान दीख नही रहा किंतु इसकी भारपायी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा। खेल मंत्रालय ने नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ को निलंबित कर इस खेल को बचाने के लिए बड़ा संदेश दिया है। खेल मंत्रालय ने भारतीय ओलंपिक एसोसिएशन (आईओए) से फेडरेशन का कामकाज चलाने के लिए एक तदर्थ समिति बनाने को कहा है।खेल मंत्रालय ने भारतीय कुश्ती संघ का संचालन राष्ट्रीय खेल विकास संहिता में दिए राष्ट्रीय खेल फडरेशन के कामकाज की तरह करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह व्यवस्था अगले आदेश तक जारी रहेगी।

भारतीय कुश्ती संघ के बीते गुरुवार को चुनाव कराए गए थे। इसमें संघ के पूर्व प्रमुख और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह अध्यक्ष चुने गए थे।चुने जाते ही संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह के अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा की थी। यह क्षेत्र सांसद बृजभूषण शरण सिंह का गृह जनपद है। वर्तमान में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे यहां से विधायक हैं।सरकार ने इस ट्रायल को ही रद्द कर दिया है। इस चुनाव का अंतरराष्ट्रीय पहलवान विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया ने विरोध किया था। बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ पहलवानों की इस लड़ाई में ये तीनों पहलवान प्रमुख रूप से शामिल थे. कुछ महिला पहलवानों ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन शोषण के आरोप लगाए थे।संजय सिंह के चुनाव के बाद ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास लेने की घोषणा की थी। वहीं बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री लौटा दिया था। हरियाणा के पैरा एथलीट वीरेंद्र सिंह ने पद्म श्री लौटाने का एलान किया था। दरअस्ल इस चुनाव को रद्द करने का कारण सरकार का सांसद बृजभूषण शरण सिंह को झटका देना था । इनके बेटे और नजदीकियों ने अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा के बाद क्षेत्र में बड़े हार्डिंग लगवाए थे कि दबदबा तो है, दबदबा रहेगा...ये भगवान की देन है। ये वही पोस्टर हैं जिनका प्रदर्शन सांसद के विधायक बेटे प्रतीक भूषण शरण सिंह ने भी खुलेआम किया था। चुनाव के रद्द होने के बाद गाड़ियों से भी दबदबा वाले स्टीकर और चौराहों पर लगे हार्डिंग भी हटा दिए गए। चुनाव के बाद नए अध्यक्ष की अंडर-15 और अंडर-18 का ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में आयोजित कराने की घोषणा और ये पोस्टर सांसद बृजभूषण शरण सिंह और उनके नजदीकियों के इरादे बताने के लिए काफी था। वरन स्टेडियम तो पूरे देश में बने हैं। कहीं और भी ट्रायल हो सकते थे। ये ट्रायल गोण्डा के नंदिनी नगर में ट्रायल कर विरोध करने वाले पहलवानों को अपना प्रभाव और दबदबा बताना चाहते थे।इससे बडी बात क्या होगी कि इन ट्रायल की तारीख तै करते समय एसोसिएशन के सचिव की सहमति भी नहीं ली गई । न उन्हें ट्रायल की तारीख तै होने की जानकारी है। जबकि एसोससिएशन के संविधान के अनुसार ये होना चाहिए था। एसासिएशन के नवनिर्वाचित प्रधान सचिव प्रेम चंद लोचब ने इस निर्णय पर आपत्ति जताते हुए भारतीय ओलिंपिक संघ को पत्र लिख कर बताया था कि सचिव की जानकारी के बिना ये निर्णय लिए गए हैं जबकि कुश्ती संघ का संविधान कहता है कि सचिव की अनुपस्थिति में न तो निर्णय लिए जा सकते हैं और न ही कोई और अधिकारी इन निर्णयों की जानकारी प्रसारित कर सकता है।



छह माह से ज्यादा पहले पहलवानों के विरोध के बाद भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को कुश्ती संघ के अध्यक्ष के पद से हटा दिया था। नवनिर्वाचित भारतीय कुश्ती संघ के निलंबन के बाद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि अब उनका कुश्ती से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि कुश्ती को लेकर क्या करना है, इसका फैसला नए चुए गए पदाधिकारियों को करना है। उन्होंने कहा कि उनके पास कई और भी काम हैं। उन्होंने कहा कि वो इस खेल की राजनीति से दूर रहेंगे।ये घोषणा उन्होंने भाजपा के अध्यक्ष जेपी नडडा से मिलने के बाद की। लगता है कि पार्टी अध्यक्ष जेपी नडडा ने उन्हें समझा दिया कि टिकट बचाना है तो कुश्ती से दूर रहें। हालाकि उन्होंने कह दिया कि कुश्ती से उनका कोई लेना ङ्क देना नही है जबकि सच्चाई यह है पद से हटने के छह माह बाद भी कुश्ती संघ का कार्यालय उनके घर पर चल रहा है।

कुश्ती संघ को निलंबित किए जाने के बाद आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले अनुभवी पहलवान बजरंग पूनिया ने कहा, यह सही निर्णय लिया गया है। जो हमारी बहन-बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है उसके खिलाफ संबंधित लोगों को पूरी तरह से हटाया जाना चाहिए। हमारे ऊपर कई इल्जाम लगाए गए। राजनीति की गई। जब हम पदक जीतते हैं तो देश के होते हैं। हम खिलाड़ी कभी भी जात-पात नहीं देखते। एक साथ एक थाली में खाते हैं। हम अपने तिरंगे के लिए खून-पसीना बहाते हैं। वहीं इस पर ओलंपिक पदक विजेता साक्षी मलिक ने कहा है कि यह उनका (बृजभूषण सिंह) राजनीतिक एजेंडा है, उस पर उन्हें कुछ नहीं कहना है।साक्षी ने कहा कि उनकी लड़ाई सरकार से नहीं बल्कि एक व्यक्ति से है। कुश्ती खिलाड़ी विनेश फोगाट ने एक निजी चैनल से बात करते हुए कहा, ये अच्छी ख़बर है. हम चाहेंगे कि इस पद पर कोई महिला आनी चाहिए ताकि ये संदेश जाए कि महिलाएं आगे बढ़ें. जो भी हो कोई अच्छा आदमी आना चाहिए। पिछले एक साल से चले आ रहे कुश्ती संघ के विवाद ने कुश्ती का बहुत नुकसान पहुंचाया है। कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृजभूषण सिंह पर महिला पहलवानों के आरोप लगने के बाद से ही सरकार को उन्हें हटा देना चाहिए था, किंतु ऐसा नही हुआ। इसका परिणाम यह है कि आज अभिभावक खेल में अपनी बेटी का भेजते कई बार सोचेंगे।वे पहले ही अपनी बेटी की सुरक्षा और सम्मान को लेकर चिंतित रहते हैं, इस प्रकरण ने उनकी चिंता और बढ़ायी है। अब वे बेटी को खेल विशेषकर कुश्ती में भेजते कई बार सोंचेंगे।सरकार ने नए चुनाव का भले ही रद्द कर दिया हो किंतु लंबे समय से कुश्ती संघ में दबदबा कायम रखे बृजभूषण सिंह और उनके नजदीकी चुप नही बैठने वालें नही हैं।वे सरकार के इस निर्णय के विरूद्ध कोर्ट जाएंगे।इनका प्रयास होगा कि कुश्ती संघ उनके हाथ से न जा पाए। सरकार ने नए चुनाव को रद्द करके यह संदेश देने का प्रयास किया है कि निश्चित रूप से कुश्ती संघ को नियमों का पालन करना होगा और किसी तरह की कोई कोताही बरतने से परहेज़ रखना होगा। खेल संघ से राजनैतिक लोगों को दूर रखने के लिए सरकार को काम करना चाहिए।

# विद्युत उपकेंद्र लाटघाट के 60 गांवों को मिली अतिरिक्त ऊर्जा

- 33/11 केवी बिजली घर की क्षमता बढ़ाई गयी
- उपभोक्ताओं में ख़ुशी का माहौल, ऊर्जा मंत्री को दिया धन्यवाद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा जी के प्रयासों से सूबे की विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा। सभी क्षेत्रों में विद्युत की निर्बाध आपूर्ति की जा रही। प्रदेश में विद्युत मांग को पूरा करने के लिए तथा गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति हेतु विद्युत के वर्षों पुराने ढ़ाचें में सुधार के लिए केन्द्र की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत सभी डिस्कॉम में 17 हजार करोड़ रूपये के लागत से कार्य कराये जा रहे। इसमें जर्जर तारों व खम्भों को बदला जा रहा। खुली तारों के स्थान पर एबी केवल लगाई जा रही। ट्रांसफार्मर, फीडर और उपकेन्द्रों की क्षमता भी बढ़ाई जा रही है। बिजनेस प्लान के तहत भी 05 हजार करोड़ रूपये की लागत से विद्युत व्यवस्था में सुधार के कार्य किये जा रहे हैं।

इसी क्रम में आजमगढ़ जनपद में 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र, लाटघाट के अंतर्गत 05 एमवीए के पावर परिवर्तक की क्षमता को बढ़ाकर 10एमवीए कर दिया गया है। जिससे इस उपकेन्द्र के अंतर्गत लगभग 60 गांव की बिजली आपूर्ति में सुधार होगा और लो-वोल्टेज की समस्या से भी लोगों को मुक्ति मिलेगी। उपकेन्द्र की क्षमता वृद्धि से इस क्षेत्र के सभी गॉवों के विद्युत उपभोक्ताओं में ख़ुशी का माहोल है और वे ऊर्जा मंत्री सहित विद्युत कार्मिकों की प्रशंसा कर उन्हें शुभकामनायें दे रहे।आजमगढ़ जनपद के लाटघाट विद्युत उपकेन्द्र के निवासी डॉ अजय कुमार शर्मा ने ऊर्जा मंत्री को उनके कैम्प कार्यालय में फोन कर इस कार्य के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। ककभर के संजय राय भी आजमगढ़ में विद्युत अपूर्ती को बेहतर बनाने के लिए किये जा रहे प्रयासों को लेकर ऊर्जा मंत्री की तारीफ़ की है। लुचुई के अधिवक्ता राजेश राय भी ग्रामीणों की ओर से मंत्री जी को धन्यवाद दिया और कहा कि मंत्री जी के प्रयासों से क्षेत्र में नये खम्बे लगाए जा रहे हैं, जर्जर तार बदले जा रहे हैं। ट्रांसफार्मर का लोड बढ़ाना तो सपना जैसे था, उसे आज आसानी से किया जा रहा। उन्होंने कहा कि पहले ट्रांसफार्मर ख़राब हो जाने पर बिजली घरों के महीनों चक्कर काटने पड़ते थे आज शहरों में 24 घंटे में तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 48 घंटे में बदले जा रहे, जो कि बहुत ही सराहनीय है। सभी ग्रामवासियों ने ऊर्जा मंत्री के साथ ही विद्युतकर्मियों को भी धन्यवाद और शुभकामनायें दी।

# सोशल मीडिया पर सड़क सुरक्षा स्लोगन लगाने हेतु प्रेरित करे अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उ0प्र0 के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री दयाशंकर सिंह ने बताया कि प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गम्भीर चिंता का विषय है।जिसमें कमी लाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में सम्मिलित है। जन-सामान्य को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति समय-समय पर विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह, पखवाड़ा एवं माह का आयोजन करते हुए प्रचार-प्रसार कर यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया जाता है, परन्तु फिर भी विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु किया गया प्रचार-प्रसार प्रत्येक व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाता है। इसी के दृष्टिगत उन्होंने प्रदेश के प्रत्येक व्यक्ति को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु हर सफर में सड़क सुरक्षा स्लोगन वाले किएटिव को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन दिवस 31 दिसम्बर, 2023 को व्हाट्सऐप सहित अन्य सभी सोशल मीडिया एकाउंट पर स्टेटस के रूप मे लगाये जाने हेतु आग्रह किया है।

परिवहन आयुक्त श्री चन्द्रभूषण सिंह ने बताया कि शासन ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से हर घर तिरंगा की भांति ही हर सफर में सड़क सुरक्षा% स्लोगन वाले किएटिव को सड़क सुरक्षा पखवाड़े के समापन दिवस पर सोशल मीडिया एकाउंट पर स्टेटस के रूप में लगाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। उन्होने सभी संभागीय/उप संभागीय परिवहन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इस संबंध में लोगों को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियम के प्रति जागरूक करें एवं लोगों को सड़क सुरक्षा स्लोगन वाले क्रियेटिव को अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट पर लगाने हेतु भी प्रेरित करे। जिससे की सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनक्षति को कम से कम किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जी एवं परिवहन मंत्री सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के प्रति बहुत संवेदनशील है।

# 16 फीसदी मौजूदगी रखने वाला पसमांदा समाज सबसे पीछे क्यों : वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** पसमांदा मुसलमान को एक बात तो तय करनी ही होगी कि एन चुनाव के वक़्त या फैसले की घड़ी में बजाय किसी को हराने जिताने पर माथापच्ची करने के ध्यान इस पर देना होगा कि कौन सा दल पसमांदा समाज को संगठन में भागीदारी व सदन में हिस्सेदारी पर खरा उतर रहा है। सियासत की उठापटक समझनी होगी और सम्भल कर कदम उठाना होगा वरना राजनीतिक दल इस्तेमाल करना बेहतर जानते हैं।

यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही है। उन्होंने कहा कि कई दल कद व जनाधार कम होने के बावजूद सियासी हलके में मजबूत पकड़ रखते हैं वजह यह कि वह मौका हालात के मुताबिक ढल जाना जानते हैं सियासत की बेहतर समझ है तो फिर 16 फीसदी मौजूदगी रखने वाला पसमांदा समाज सबसे पीछे क्यों। उन्होंने अपनी बात समझाते हुए कहा कि बिहार में औसत 4 से 6 फीसद तक वोटों वाले कुशवाहा, निषाद या पासवान यूपीए एनडीए से अपनी आबादी के अनुपात से भी ज्यादा सीटें पा जाते हैं और वहीं जैसा कि चर्चा है कि उप्र में 3-4 फीसदी तक वोट बैंक वाले चौधरी जयंत सिंह को इंडिया गठबंधन 3 सीटें देगी, जबकि उन्हीं की स्वाजातीय अनुप्रिया पटेल का भी पहले से ही भाजपा से गठबंधन है। वजह बिल्कुल साफ है कि ये लोग या इनकी बिरादरी पसमांदा मुसलमानों की तरह चुनाव के पहले ही किसी एक खास पार्टी को हराने या जिताने के लिये ना तो कभी खुलकर लामबंद होते हैं और ना ही किसी खास सियासी पार्टी या गठबंधन के बंधुआ गुलाम बनना इन्हें पसंद है।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि दोनों ही राज्यों में औसत 15 से 16 फीसद वोटों की हैसियत रखने वाले पसमांदा मुसलमानों को सियासत क्या होती है, नही पता। पासवान, कुशवाहा, जयंत सिंह चौधरी, संजय निषाद, अनुप्रिया पटेल, ओमप्रकाश राजभर जैसों से सीखने की जरुरत है कि पसमांदा मुसलमानों से एक तिहाई से भी कम वोट होने के बाद भी अपनी और अपने समाज की अहमियत, हैसियत और सियासी हिस्सेदारी कैसे बरकरार रखनी है। उन्होंने कहा कि तथाकथित फर्जी सेकुलर्स वाला कोई भी गठबंधन, पार्टी या भाजपा अगर पसमांदा मुसलमानों को उनकी आबादी के अनुपात में अपने-2 संगठनों और टिकटों में हिस्सेदारी देती है तो खुलकर उसकी मदद करिये। नहीं तो आपके वोट ना देने से कौन हारेगा या जीत जायेगा।

# जयपुरिया के वार्षिकोत्सव दि फिएस्टा में कई प्रतियोगिताएं आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**गाजियाबाद।** जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट, गाजियाबाद ने गर्व के साथ आज वार्षिक कार्यक्रम 'मर्केटो : द फिएस्टा 2023' की मेजबानी की। इस इवेंट में 2000 से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं और कलात्मक प्रदर्शनों का योगदान दिया गया। मर्केटो में विभिन्न क्षेत्रों में कुल 200 टीमों के साथ एक के बाद एक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें वाद-विवाद प्रतियोगिता शामिल थी, जहाँ तीव्र बुद्धि वाले प्रतियोगी आधुनिक विषयों पर बहस करते थे; नृत्य प्रतियोगिता, जिसमें प्रतिभाशाली कलाकारों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई; फैशन शो, जिसमें रचनात्मक पोशाक और रुझान प्रदर्शित किए गए; और बैंड्स की लड़ाई, जहां संगीत समूहों ने अपनी लयात्मक क्षमता से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए, पोस्टर बनाने की प्रतियोगिता में आकर्षक दृश्य अभिव्यक्तियाँ देखी गई, जबकि बिजनेस प्लान प्रतियोगिता में नवीन उद्यमशीलता विचारों का प्रदर्शन किया गया।

# राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला आयोजित

## प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** राज्य स्तरीय शैक्षिक नवाचार कार्यशाला का आयोजन अम्बर होटल लखनऊ में किया गया, जिसमें प्रदेश शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के शिक्षकों ने व्यावसायिक शिक्षा के कार्यो को उत्कृष्ट तरीके से प्रस्तुत किया।

कार्यशाला का शुभारम्भ अतिथियों ने मॉ सरस्वती के चित्र समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया । सरस्वती वंदना,स्वागत गीत, शिक्षा गीत आदि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। इसके अलावा प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आये शिक्षक शिक्षिकाओं ने व्यावसायिक शिक्षा विषय के अपने-अपने कार्यों का पी. पी. टी. के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया । कार्यशाला को सम्बोधित करते हुए संयुक्त निदेशक व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज कुमार यादव ने कहा कि शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन द्वारा विषयगत कार्यशालाओं का आयोजन सराहनीय है। व्यावसायिक शिक्षा विषय में आपके द्वारा किये गये कार्य बहुत ही अच्छे है। सफल कार्यशाला आयोजन हेतु शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मनोज सिंह व उनकी टीम बधाई के पात्र हैं। कार्यशाला में शिक्षकों द्वारा प्रस्तुत किये गये व्यावसायिक शिक्षा के कार्यो को शिक्षण में लागू करें ताकि बच्चों को उनका लाभ मिले। प्राचार्य आईटीआई अमेठी अजय सिंह ने व्यावसायिक शिक्षा विषय के बारे में विस्तार से जानकारी दी । डायरेक्टर भूमि आईएएस विवेक रुद्रा ने शिक्षकों के प्रस्तुतीकरण की सराहना की।

अन्त में शिक्षक शिक्षिकाओं को प्रशस्ति पत्र व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यशाला आयोजक प्रदेश अध्यक्ष शैक्षिक नवाचार एसोसिएशन मनोज कुमार सिंह ने सभी अतिथियों व नवाचारी शिक्षक शिक्षिकाओं का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का कुशल संचालन गरिमा यादव अमेठी ने किया । कार्यशाला में शरद चौहान, समीक्षा वर्मा, समीक्षा मिश्रा,अकबर अली, स्वीटी मथुरिया,मोहन लाल, प्रज्ञा त्रिवेदी, श्रुति त्रिपाठी, अविनाश शुक्ला, दीपा गुप्ता, रेनू सिंह,राम मोहिनी वर्मा, अरुण, मीरा रविकुल, मुनव्वर मिर्जा, मुकेश कुमारआदि शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# राजधानी की सात महिला रचनाधर्मियों को गहमरी सम्मान



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी की महिला साहित्यकार व कलाकार ज्योति किरन रतन श्रीमती सरोज सिंह साहित्य सरोज सम्मान-23 और कनक वर्मा, डा.अपूर्वा अवस्थी, गीतिका श्रीवास्तव, निशा मोहन, रीता श्रीवास्तव व जाह्नवी अवस्थी को गोपालराम गहमरी सम्मान से गहमर गाजीपुर में सम्मानित होकर लौटी हैं। इन रचनाकारों ने बताया कि से गहमर वेलफेयर सोसायटी और साहित्य सरोज पत्रिका पिछले आठ सालों से हर वर्ष दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में त्रिदिवसीय साहित्यिक महोत्सव करती आ रही है।

सम्मानित रचनाकारों ने बताया कि दो सौ से अधिक उपन्यास, सैकड़ों कहानियां व गीत हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में लिखने वाले पहले हिन्दी जासूसी उपन्यासकार व पत्रकार गोपालराम गहमरी की स्मृति में उनके पौत्र अखण्ड गहमरी के संयोजन में होने वाले इस नवें समारोह में आठ प्रदेशों के साहित्यकर्मी उपस्थित थे।

# सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति करने की मांग

- इससे प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत में होगी बढोतरी और उत्तर प्रदेश देश के दूसरे राज्यों के बराबरी पर पहुचेगा : उपभोक्ता परिषद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता अधिकार नियम 2020 जहां पूरे देश में केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से 31 दिसंबर 2020 से लागू है जिसकी धारा 10 सभी प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र में हो या शहरी क्षेत्र में सभी को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति देने का अधिकार देता है और ऐसा न करने पर उपभोक्ताओं को मुआवजा मिलने का प्रावधान है जिसके मद्दे नजर देश के ज्यादातर राज्यों में अब ग्रामीण और शहरी का रोस्टर 24 घण्टे का हो गया है ऐसे में उत्तर प्रदेश सरकार को भी अब ग्रामीण और शहरी का रोस्टर एक करके सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति शुरू करने की योजना लागू करना चाहिए जहां एक तरफ उत्तर प्रदेश पीक आवर्स में अधिकतम विद्युत आपूर्ति करने का कीर्तमान बना रहा है वहीं अब जरूरी हो गया है प्रति व्यक्ति ऊर्जा की खपत उत्तर प्रदेश में दूसरे राज्यों की तुलना में बहुत कम है वह बढ इसलिए सभी विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति किया जाना जनहित में जरूरी है उपभोक्ता परिषद उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग करता है कि आने वाले नए वर्ष 2024 में सभी के लिए 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का संकल्प लेते हुए इस कार्य योजना को आगे बढना चाहिए। और इसका ऐलान किया जाना चाहिए।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में अब लगातार उत्पादन के क्षेत्र में भी अच्छी पहल हो रही है ऐसे में प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं को 24 घंटे विद्युत आपूर्ति दिए जाने की कार्य योजना पर तुरंत कार्रवाई शुरू किया जाना चाहिए जहां तक सवाल है रोस्टर का तो अब रोस्टर व्यवस्था पूरे देश से गायब हो रही है इसलिए उत्तर प्रदेश को भी इस दिशा में आगे आकर उचित कदम उठाना चाहिए। उत्तर प्रदेश में ट्रांसमिशन सिस्टम में भी काफी कुछ सुधार हुआ है ऐसे में अब सिस्टम में अपग्रेडेशन के मद्दे नजर 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के लिए कमर कसना चाहिए वर्ष 2024 प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं के लिए वरदान साबित हो इसलिए उपभोक्ता परिषद उत्तर प्रदेश सरकार से यह मांग करती है कि वर्ष 2024 में सबको 24 घंटे विद्युत आपूर्ति का लाभ मिले इस दिशा में निर्णय लेना चाहिए।

# श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन



**लखनऊ (अवधनामा संवाददाता)।** सर्वोदय नगर स्थित विंध्यवासिनी होटल में आज से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ. सुबह कलश यात्रा निकाली गई जिसमें महिलाओं ने पीले परिधानों में अपने सिरों के ऊपर। कलश रखकर कथास्थल तक की शोभा यात्रा निकाली . तत्पश्चात कथा आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने कथा का शुभारंभ करते हुए सर्वप्रथम भागवत की महिमा पर प्रकाश डाला. आचार्य प्रवर ने बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि कलयुग में श्रीमद् भागवत की कथा ही जीवों का कल्याण करने में सक्षम है . कथा 3 जनवरी तक नित्य शाम 3:00 से 7:00 बजे तक होगी. कथा का आयोजन रिसिया बहराइच के मित्तल परिवार द्वारा किया गया है .मुख्य आयोजक आलोक कुमार अग्रवाल ,केनरा बैंक के महाप्रबंधक है।

# सेमी कंडक्टर्स से डिवाइसेज़ के निर्माण जल्द

## सेमी कंडक्टर्स और उनके उपकरणों पर अधिक कार्य की दरकार : डॉ. मीना मिश्रा

- मैटेरियल्स सभी उपकरणों की बैकबॉन : प्रो. पंकज

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा, कॉन्फ्रेंसज़ किसी भी यूनिवर्सिटी की ग्रोथ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नेशनल और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस में बहुत से महत्वपूर्ण आइडियाज़ साझा किए जाते हैं। यदि प्रतिभागी एक बिन्दु भी आत्मसात कर ले तो कॉन्फ्रेंस सार्थक हो जाती है। श्री जैन अपने अनुभवों को साझा करते हुए बोले, मैंने देश-विदेश की कई टॉप यूनिवर्सिटीज़ को नजदीक से देखा और सुना है और वहीं से सीखकर टीएमयू को डवलप करने का संकल्प लिया है। सेमी कंडक्टर्स पर बोलते हुए कहा, आधुनिक उपकरणों के निर्माण में सेमी कंडक्टर्स की बड़ी भूमिका है। भारत में भी सेमी कंडक्टर्स डिवाइसेज का निर्माण हो रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई, टीएमयू में भी जल्द ही सेमी कंडक्टर्स डिवाइसेज़ का निर्माण कार्य शुरू करेंगे। श्री जैन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के भौतिक विज्ञान विभाग में मैटेरियल्स एंड डिवाइसेज पर आयोजित चौथी दो दिनी राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस- एनसीएमडी-2023 में ऑफलाइन बोल रहे थे। इससे पहले एसएसपीएल, डीआरडीओ, दिल्ली की निदेशक डॉ. मीना मिश्रा ने बतौर मुख्य अतिथि, बतौर विशिष्ट अतिथि-आईआईटी, दिल्ली के फिजिक्स विभाग के एचओडी प्रो. पंकज श्रीवास्तव, एडवांस्ड सेंसर रिसर्च ऑर्गेनाइजेशन के निदेशक डॉ. श्याम सुदंर तिवारी, टीएमयू के रजिस्ट्रार डॉ. आदित्य शर्मा, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डायरेक्टर एवं कॉन्फ्रेंस जनरल चेयर प्रो. राकेश कुमार द्विवेदी, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के वाइस प्रिंसिपल प्रो. पंकज कुमार गोस्वामी आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके नेशनल कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ किया। इस मौके पर सभी अतिथियों का बुके देकर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने अब्स्ट्रेक्ट बुक का विमोचन भी किया। अंत में मेहमानों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। तकनीकी सत्र में 22 रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। पहले दिन संचालन फैकल्टी मिस इंदु त्रिपाठी ने किया।

डीआरडीओ, दिल्ली की सॉलिड स्टेट फिजिक्स लैबोरेट्री की निदेशक डॉ. मीना मिश्रा ने कहा, हमें सेमी कंडक्टर्स और उनसे बने उपकरणों पर अधिक कार्य करने की दरकार है। इनके आयात पर देश का बहुत धन खर्च होता है। डीआरडीओ की उपयोगिता के बारे में बताते हुए बोलीं, रक्षा क्षेत्र में डीआरडीओ नई-नई तकनीकों की खोज में लगा हुआ है। पहले रडार में गैलियम आर्सेनिक तकनीक का प्रयोग होता था, लेकिन अब गैलियम नाइट्राइड तकनीक का उपयोग करके रडार की क्षमता को बढ़ाया है। लेजर डायोड तकनीक एनर्जी गाइडेड वेपंस बनाने और पानी के अंदर कम्युनिकेशन में बेहद उपयोगी सिद्ध हो रही है।

# बच्चों को अच्छा संसार देने की शुरूआत घर से करनी चाहिए

- सीएमएस गोमती नगर द्वारा 'वार्षिक समारोह' का भव्य आयोजन

अवधनामा संवाददाता







**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस द्वारा आयोजित 'वार्षिक समारोह' में नाचते-गाते बच्चों की बहुमुखी एवं बाल सुलभ प्रतिभा को देखकर अभिभावक गदगद हो गये। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित अभिभावकों ने अपने नन्हें-मुन्हों की खूब हौसलाअफ्जाई की और बच्चों ने भी बड़े उत्साह से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

वार्षिक समारोह का आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारी सुश्री अपर्णा कुमार, आई.पी.एस., इन्सपेक्टर जनरल ऑफपुलिस, पीएसी, सेन्ट्रल जोन, ने दीप प्रज्जवलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए सुश्री अपर्णा कुमार ने कहा कि बच्चों को अच्छा संसार देने की शुरूआत घर-परिवार से करनी चाहिए, क्योंकि प्रेममय व ईश्वरमय वातावरण में बच्चों का संतुलित विकास बहुत तेजी से होता है। यही बच्चे आगे चलकर समाज के अच्छे नागरिक सिद्ध होंगे।

इससे पहले, समारोह का शुभारम्भ बच्चों द्वारा प्रस्तुत सर्व-धर्म प्रार्थना से हुआ जिसने सभी के हृदयों को प्रभु प्रेम से भर दिया। विश्व शान्ति प्रार्थना में बच्चों ने विभिन्न देशों के राष्ट्रीय ध्वज हाथों में लेकर 'सारे विश्व में शान्ति हो' का जयघोष बड़े ही प्रभावशाली ढंग से किया। विभिन्न प्रान्तों के लोक नृत्यों के प्रस्तुतीकरण द्वारा अनेकता में एकता, सहयोग, सहकार एवं सामूहिकता का अभूतपूर्व एवं विराट दृश्य प्रस्तुत करके सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। छात्रों द्वारा प्रस्तुत स्वागत गान, लघु नाटिका, आर्केस्ट्रा, ड्रिल, कव्वाली, इण्टरनेशनल डांस, समूह गान आदि विभिन्न शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों को सभी ने खूब सराहा। इस अवसर पर छात्रों ने वर्ल्ड पार्लियामेन्ट की शानदार प्रस्तुति से अन्तर्राष्ट्रीय न्यायिक व्यवस्था की स्थापना एवं उसके प्रति सम्मान हेतु 'विश्व संसद' बनाने की आवश्यकता की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो.नि.वि., बहराइच

पत्रांक : 3698 /1ए-11 दिनांक : 26.12.2023

**अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेण्ट नोटिस (द्वितीय आमंत्रण)**

1. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच द्वारा महामहिम राज्यपाल, उत्तर प्रदेश की ओर से उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग में ए, बी, सी व डी श्रेणी के पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से जनपद बहराइच के निम्न वर्णन के अनुसार मार्ग निर्माण हेतु कार्य की निविदा प्रतिशत दरो के आधार पर आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | जनपद | कार्य का नाम | निविदा की लागत (बिना जी.एस.टी.) (रू. लाख में) | बिड सिक्योरिटी (रू. लाख में) | निविदा शुल्क+ स्टेशनरी शुल्क + जी.एस.टी. (रू. में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | बहराइच | टेण्डवा-बसन्तपुर सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (विधानसभा-महसी)। | 15.54 | 1.55 | 945.00 | 02 माह |
| 2 | बहराइच | बेहट चूड़ामणि सम्पर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य (विधानसभा-महसी)। | 13.34 | 1.33 | 945.00 | 02 माह |

2. ई-प्रोक्योरमेन्ट के माध्यम से निविदायें प्रकाशित होने की तिथि 30-12-2023 से पूर्व।
3. बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता एवं बिड-सबमिट करने का माध्यम-
   (क) बिड डाक्यूमेन्ट आनलाइन दिनांक 30-12-2023 से 06-01-2024 तक उपलब्ध रहेगी, जो आनलाइन http://etender.up.nic.in पर ही सबमिट किया जायेगा।
   (ख) निविदा डालने हेतु निविदादाता को उपरोक्त वेबसाइट पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। निविदायें आनलाइन डालने हेतु निविदादाता के पास किसी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट सर्टिफाइंग अथोरिटी द्वारा जारी डिजिटेल सिग्नेचर सार्टिफिकेट होना अनिवार्य है।
   (ग) ई-प्रोक्योरमेण्ट के माध्यम से निविदायें डालने की अन्तिम तिथि 06-01-2024 दोपहर 12.00 बजे तक एवं टेक्निकल क्वालिफिकेशन पार्ट-1 दिनांक 06-01-2024 अपराह्न 12.30 बजे से कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, बहराइच में खोली जायेगी। विस्तृत विवरण http://etender.up.nic.in देखा जा सकता है।
   (घ) तकनीकी निविदा खोलने के 03 कार्य दिवस बाद वित्तीय निविदा खोली जायेगी।

सहायक अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

अधिशासी अभियन्ता, प्रा.ख., लो.नि.वि., बहराइच

UPID-199685 Dated-27-12-2023

विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

# बेटियों की शिक्षा समाज की जागरुकता के लिए अहम

■ कुसना में आयोजित हुई भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारतीय मंसूरी वेलफेयर एसोसिएशन की कार्यकारिणी की बैठक ग्राम कुसना (भरथना)में आयोजित की गई। बैठक में जनपद के तमाम पदाधिकारियों ने उपस्थित होकर समाज को जागरुक करने एवं पूर्व में लिए गए निर्णयों को पर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता एसोसिएशन के अध्यक्ष हाजी मुईनुद्दीन (गुड्डू)मंसूरी ने की। उन्होंने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व में लिए गए निर्णयों पर हमारी एसोसिएशन लगातार काम कर रही है और मंसूरी समाज को जागरुक करने का निरन्तर प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज को शिक्षित होने की अति आवश्यकता है, बिना शिक्षा के किसी भी समाज का विकास संभव नहीं है। उन्होंने समाज के विभिन्न क्षत्रों से उपस्थितजनों से अपील की कि वह अपने घर में दीनी व समाजी शिक्षा पर ध्यान दें और खासकर बेटियों की शिक्षा पर जोर दें, क्योंकि एक बेटी के शिक्षित होने से दो घरों के शिक्षित और विकसित होने की संभावनाएं प्रबल रहती हैं। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि पूर्व में समाज द्वारा शादी में बैंण्डबाजों व डीजे का प्रयोग न किए जाने की जो पहल की गई उस पर समाज के लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक करें। साथ ही एसोसिएशन द्वारा समाज की गणना के लिए जो फार्म दिए गए उसको अतिशीघ्र पूर्ण कर हमें उपलब्ध कराएं ताकि उससे प्राप्त डाटा को एक



बुकलेट में तब्दील कर प्रकाशित किया जा सके। बैठक का संचालन करते हुए एसोसिएशन के महासचिव शफी अहमद मंसूरी (बालक) ने बताया कि हमारी एसोसिएशन निरंतर मंसूरी समाज के लिए काम कर रही है और लोगों की परेशानियों में शामिल होकर उनके कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है। उन्होंने सभी से अनुरोध किया आपसी छोटे मोटे विवाद के लिए कोर्ट कचहरी से बचें, एसोसिएशन के माध्यम से आपसी विवाद को मिल बैठकर निपटाने का प्रयास करें ताकि समय और धन दोनों बचें। अंत में बैठक के आयोजक मजीत मंसूरी (मंसूरी टेंट हाउस)ने आए हुए सभी लोगों को स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। बैठक में हाजी हबीब मंसूरी सरपरस्त, हाजी लड्डुन अहमद, हाजी फईमुद्दीन वारसी उर्फ गुड्डु गुड्डु, शाहनवाज आलम, डा.शमशुद्दीन सईदी, नूरुद्दीन मंसूरी, मुन्ना मंसूरी देवा ट्रांसपोर्ट, सतीक मंसूरी, शमशुद्दीन मंसूरी, तसलीम मंसूरी एडवोकेट, पापे मंसूरी, राजू मंसूरी, अजीज मंसूरी, परवेज मंसूरी (मुन्नू चैधरी), इमामुद्दीन मंसूरी, मुन्ना मंसूरी उझैदी, जहीर मंसूरी, अजीम मंसूरी, आसिफ मंसूरी, रहीस मंसूरी, आरिफ मंसूरी इकदिल आदि मौजूद रहे।

# समय रहते प्रशासन नहीं जागा तो बरसाना भी बन जाएगा जवाहर बाग

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** तमाम प्रयास और जतन के बाद भी बरसाना स्थित राधारानी मंदिर की राह अतिक्रमण मुक्त नहीं हो सकीं है। माफिया डाल डाल और प्रशासन पात पात की भूमिका में हैं। स्थानीय उद्यान विभाग के अधिकारी प्रशासन को समय-समय पर अवैध अतिक्रमण के बारे में अवगत कराते रहे हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ एक्शन ऊंट के मूंह में जीरे की तरह रहा है। हाल यह है कि राधारानी के मंदिर से लेकर गहबर पहाड़ी तक अतिक्रमण की बाढ़ आ गई है। स्थानीय निवासी अचंभित और आश्चर्यचकित हैं। नगर पंचायत बरसाना में उद्यान विभाग की लगभग 11 एकड़ भूमि है, जिस पर पांच दर्जन से अधिक भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा जमा लिया है। कुछ स्थानीय लोग एवं पुलिस के सहयोग से वाह्य लोगों से जबरन वसूली भी करते हैं। जिससे भूमाफियाओं का मनोबल बढ़ा हुआ है। बताया गया है कि कुछ अतिक्रमणकारी स्थाई कब्जा जमा कर बैठे हैं। लेकिन भविष्य में यही अवैध अतिक्रमण स्थाई हो गए तो प्रशासन के लिए सर दर्द होगा। जवाहर बाग मथुरा की घटना अभी लोगों के जेहन से उतर नहीं पाई है। बरसाना स्थित उद्यान विभाग की भूमि पर समय रहते कार्यवाई कार्रवाई नहीं हुई तो किसी भी अप्रिय घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। इस सम्बंध में उद्यान विभाग के अधिकारियों द्वारा चिंता भी व्यक्त की गई थी। यदि समय पर प्रशासन कुंभकर्णी नींद से नहीं जागा तो गहर वन की पहाड़ियां घुटन की सांसे ले रही होंगी। हालांकि अवैध कब्जेदारों की सूची उपजिलाधिकारी के हवाले की गई है।

# जैविक कृषि आधारित पोस्टर एंव भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** प्रदर्शनी पंडाल में गुरुवार को जैविक कृषि आधारित पोस्टर प्रतियोगिता एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर एसएसपी संजय कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर विक्रम राघव मौजूद रहे। मुख्य वक्ता के रूप में जिला कृषि अधिकारी आर एन सिंह नें जैविक कृषि के लाभ के बारे में विस्तार से बताया, विभिन्न स्कूलों के बच्चों की जैविक कृषि आधारित भाषण प्रतियोगिता में अभय प्रताप सैविन हिल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टी एम एस स्कूल के प्रिंस यादव, एंव आशीष यादव ने क्रमशः दितीय एंव तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम की संयोजक सुशीला राजावत एवं रेंनशा ऐकेडमी के प्रबंधक उदयवीर सिंह राजावत सहसंयोजक श्रीमती वर्षा दुबे ने आये हुए अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सर्वेश चौहान , जिलाध्यक्ष व्यापार मंडल आलोक दीक्षित, महामंत्री रिषी पोरवाल, शहर अध्यक्ष संजय वर्मा, व्यापार मंडल महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, उपाध्यक्ष हाजी शेख आफताब, युवा जिलाध्यक्ष रियाज अब्बासी, धर्मेंद्र यादव सहित किसान संघ के जिला अध्यक्ष नारायण तिवारी, विपिन दुबे एवं निर्णायक मंडल की भूमिका में आई हुई बरखा चौहान जी अंतर्राष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी एवं नीना भदौरिया समाजसेवी, जितेंद्र भदौरिया एवं कई बच्चों ने भाग लिया। पोस्टर प्रतियोगिता में राकेश त्रिपाठी नें प्रथम स्थान प्राप्त किया, कार्यक्रम का संचालन चित्रा परिहार ने किया।

# कदम्ब विहार रिफाइनरी नगर पहुंचे पूजित अक्षत

**अवधनामा संवाददाता**

■ जयश्रीराम के जयकारों संग हुआ स्वागत

**मथुरा।** श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति महानगर मथुरा द्वारा अयोध्या से आए अक्षत कलश नगर समितियों को वितरित कर दिए हैं। बृहस्पतिवार को रिफाइनरी नगर के कदम्ब विहार में पूजित अक्षत श्रद्धापूर्वक लाए गए, जहां सभी ने जयश्रीराम के जयकारों के साथ भावपूर्ण स्वागत किया।

श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति महानगर मथुरा के सदस्य किशोर इसरानी ने बताया कि 22 जनवरी को भगवान श्री राम जी को मंदिर के ग्रभ गृह में स्थापित किया जाएगा उसके उपलक्ष्य में सभी नगर वासियों को अक्षत द्वारा निमंत्रण देने को पूजित अक्षत एवं श्रीराम जी का चित्र एवं आमंत्रण पत्र महानगर मथुरा के नगर एवं मौहल्लों में वितरित कर दिए गए हैं। जो कि 1 जनवरी से 15 जनवरी तक घर घर में पहुंचाये जाएंगे। कदम्ब विहार में पूजित अक्षत जैसे ही पहुंचे सभी में उत्साह का संचार हुआ। इस मौके पर रिफाइनरी नगर संघचालक ब्रजमोहन अग्रवाल, नगर व्यवस्था प्रमुख प्रमोद अग्रवाल, बस्ती प्रमुख संजय सारस्वत, दयानंद शाखा के मुख्य शिक्षक अंशुल खंडेलवाल, कदम्ब विहार संयोजक भगतसिंह पटेल, रामभक्त मनोज कुमार तथा श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव समिति महानगर मथुरा के सदस्य किशोर इसरानी ने राम लला हम आयेंगे दर्शन तेरे पायेंगे, श्रीराम का नाम लेकर अक्षत घर घर पहुंचायेंगे आदि नारे लगाए और सबको उत्साहित किया।

# सिम्स हॉस्पिटल में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल ने की स्वास्थ्य वार्ता

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-19 स्थित सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस सिम्स हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों के साथ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के सदस्यों ने स्वास्थ्य वार्ता की गई। जिसका शुभारम्भ सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज एवं उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के महानगर अध्यक्ष जितेंद्र प्रजापति के द्वारा राधाकृष्ण की छवि पर माल्यर्पण कर दीप प्रज्वलित कर हुआ। वरिष्ठ किडनी विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा, वरिष्ठ न्यूरोसर्जन डॉ. एस.के.गुप्ता एवं डॉ. प्रेम भाटी, छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. लव गुप्ता, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्पित अग्रवाल, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अपूर्व नारायण एवं मनोचिकित्सक डॉ. सुनीत उपाध्याय ने सिम्स हॉस्पिटल की विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों को वरिष्ठ चिकित्सकों द्वारा सिम्स हेल्थ कार्ड वितरित कर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ किडनी विशेषज्ञ डॉ. आशीष शर्मा ने समाज में बढ़ रही किडनी की बीमारी के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि जो स्वास्थ्य सुविधाएं दिल्ली एनसीआर के बड़े अस्पतालों में उपलब्ध हैं वो सभी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएँ सिम्स हॉस्पिटल मथुरा में भी उपलब्ध है। मुख्य अतिथि उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल उत्तर प्रदेश में व्यापारियों के हितों को देखते हुए सभी स्वास्थ्य सुविधाओं से सुसज्जित सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयासों से मथुरा जिले में एक बहुत बड़ी पहल के साथ व्यापारियों के लिए सिम्स स्वास्थ्य कार्ड वितरित किये गये। सिम्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. गौरव भारद्वाज ने कहा कि हम ब्रजवासियों को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है।यहां सिम्स में अब कैथलेब, सीटी स्कैन, एक्स-रे, अल्ट्रासाउण्ड, एडवांस्ड सर्जिकल माइक्रोस्कोप, ई.ई.जी. एनसीवी., पैथ-लैबोरेट्री तथा सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध है। इस अवसर पर डॉ. पंकज शर्मा, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विष्णु शर्मा, पंकज चौधरी, रितेश शर्मा, आशीष शर्मा, प्रतिनिधि मण्डल के महामंत्री जगत बहादुर अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप अरोड़ा, गुलशन, महिला मोर्चा की अध्यक्ष शालू अग्रवाल, राजेश अदानी, मोनू पार्षद, राधाबल्लभ पचौरी, राधाबल्लभ शर्मा, चंदन आहूजा पार्षद, प्रदीप अरोरा, पवन, राम शर्मा, शंकर लाल अग्रवाल, पप्पू लाल गोला आदि उपस्थित थे।

# जीएस इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने मारी बाजी

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** श्री सिद्धिविनायक महाविद्यालय जमुनावता गोवर्धन रोड मथुरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में जनपद के दर्जन व विद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया 20 दिसंबर को कबड्डी प्रतियोगिता में जीएस इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने दर्जनों विद्यालयों की टीम को पछाड़ते हुए फाइनल प्रतियोगिता को हासिल कर लिया है ।आज तकनीकी पढ़ाई के साथ-साथ विद्यार्थियों को खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं के लिए भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए । ताकि स्वास्थ्य दिमाग के साथ-साथ शारीरिक व्यायाम भी होता रहे। विजेता टीम को आशीर्वाद व बधाई देते हुए जीएस इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल के अध्यक्ष मुरली मनोहर सिंह एवं डायरेक्टर गिरधर गोपाल ने सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस प्रकार से आयोजित प्रतियोगिताओं में बच्चे प्रतिभा कर न केवल अपने माता-पिता का बल्कि विद्यालय और गुरुजनों का नाम रोशन करते हैं ।यह परंपरा आज से नहीं हजारों साल पूर्व से चली आ रही है। और जिसे आगे चलाने के लिए भी सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

# केएम की उच्चकोटि शिक्षा पाकर ब्रज की बेटियां होंगी आत्मनिर्भर

**अवधनामा संवाददाता**

■ मेरा उद्देश्य कोई मरीज बिना ईलाज के ना रहे : किशन चौधरी

**मथुरा।** कृष्णा मोहन मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पाली डूंगरा में चिकित्सा के क्षेत्र में अपनी बेहतरीन सुविधाओं प्रदान कर रहा है हॉस्पिटल में दी जा रही सुविधाओं को लेकर रोजाना मरीजो की भीड़ उमड़ रही है। ज्यादातर मरीज ठंड के प्रकोप के कारण बीमार हुए है, इनके अलावा स्त्री रोग, हड्डी और आंख विभाग में सैकड़ों की संख्या में मरीज पहुंच रहे है।

जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चौधरी ने बताया कि निःशुल्क इलाज़ प्रत्येक ब्रजवासी और निःशुल्क शिक्षा प्रत्येक बेटी को उपलब्ध करवाना मेरी प्राथमिकता है। उनका कहना है कि अब मुझे मेरा उद्देश्य पूरा होता दिख रहा है क्योंकि मथुरा जिले के हर गांव का मरीज उनके अस्पताल में आता है और अपना सरकारी दरों से भी कम दरों पर इलाज करवा रहा है। वहीं ब्रज की बेटियां शिक्षा मुफ्त में पाकर स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने को प्रयासरत है। केएम की सबसे सस्ती और निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं को लेने के लिए इन दिनों मरीजों की कतार हॉस्पिटल में लग रही है, जिनमें ओपीडी, आईपीडी के मरीज रोजाना निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

केएम हास्पिटल के एडिशनल मेडीकल सुपरीटेंडेंट डा. आरपी गुप्ता ने बताया कि इन दिनों सर्दी के कारण मरीजों की संख्या बढ़ी है, ज्यादातर मरीज मेडीसन, आंख रोग, हड्डी-सर्जरी रोग, बच्चा रोग के साथ-साथ पेट में दर्द के है। उन्होंने बताया कि मात्र दवाईयों के खर्चे पर यहां पथरी, हर्निया अपेंडिक्स गांठ, बच्चेदानी का ऑपरेशन नॉर्मल डिलीवरी, सिजेरियन डिलीवरी आंख कान नाक गले के ऑपरेशन हड्डी संबंधित सभी ऑपरेशन दवाईयों के खर्चे पर किये जा रहे है। मेडीसन विभाग के डा. जेपी उपाध्याय, डा. गौरव सिंह, डा. अतुल ठाकुर ने बताया कि ठंड के चलते बच्चों के साथ साथ बुजुर्ग भी मलेरिया, डेंगू, सर्दी, निमोनिया, कान व गले में संक्रमण, जोडों में दर्द की समस्याओं को लेकर यहां पहुंच रहे है। चिकित्सा परामर्श के साथ साथ उन्हें सर्दी से बचाव के उपाय भी मरीजों को दे रहे है।

बच्चा रोग विशेषज्ञ डा. जोसिता और डा. रूबी ने बताया कि इन दिनों बच्चे ज्यादातर पेट की परेशानी के आ रहे है, सर्दी के कारण बच्चे पानी का सेवन नहीं करते है, उनके शरीर में पानी की कमी हो रही, जिससे पेट में दर्द, दस्त एवं इंफेक्शन की समस्या हो रही है।

# संस्कृति विवि और आर्टेमिस अस्पताल के मध्य हुआ समझौता

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय और आर्टेमिस हास्पिटल गुड़गांव के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौते (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जानकारी के अनुसार यह समझौता दोनों संस्थानों के मध्य प्रगति के नए द्वार खोलेगा और विद्यार्थियों की शिक्षा, अनुसंधान और प्रशिक्षण के लिए सर्वोत्तम मंच तैयार करेगा। संस्कृति विश्विविद्यालय में निष्पादित हुए इस महत्वपूर्ण समझौते पर आर्टेमिस अस्पताल की ओर से अस्पताल के प्रतिनिधि फरीद खान और मनोज अरोड़ा व संस्कृति विश्वविद्यालय की ओर से असिस्टेंट रजिस्ट्रीर रवि त्रिवेदी ने हस्ताक्षण किए। संस्कृति स्कूल आफ मेडिकल एवं एलाइड साइंस के विभागाध्यक्ष डा. आरपी जायसवाल ने बताया कि वर्ष 2007 में स्थापित आर्टेमिस अस्पताल, 9 एकड़ में फैला हुआ, 550 से अधिक बिस्तरों वाला अस्पताल है। गुड़गांव में स्थित अत्याधुनिक मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल पहला जेसीआई और एनएबीएच मान्यता प्राप्त अस्पताल है। भारत में सबसे उन्नत अस्पतालों में से एक के रूप में डिज़ाइन किया गया।

# ट्रक चालकों को नियमों का पालन करने के लिए किया जागरूक

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति आम जनमानस को जागरूक करने के उद्देश्य से द्वितीप सड़क सुरक्षा पखवाडा दिनांक दिनांक 15 दिसंबर 2013 से 31 दिसंबर 2023 तक मनाया जा रहा है। बृजेश सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) ने उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुरक्षा पखवाड़ा के चौदहवें दिन गुरुवार को ह्य। 19 पर ट्रक चालकों को सड़क यातायात नियमों को पालन करने के लिए जागरूक किया गया तथा मों.या.अधि.के प्राविधानों के नहीं पालन करने पर कुल 87 वाहनों का



ओवर स्पीड, हेलमेट सीट बेल्ट का प्रयोग नहीं करने के अभियोग के अतिरिक स्कूली बसो की चेकिंग के साथ दो सवारी वाहनो की चेकिंग की गयी तथा एक बस में परमिट नहीं पाये जाने पर थाना फ्रेन्डस कालोनी मे निरुद्ध करने केअतिरिक्त 07 वाहनो का चालान किया गया तथा ओवर स्पीड के अभियोग में कुल 23 चालान किये गये। प्रवर्तन कार्यवाही में कुल 427000/- की शास्ति अधिरोपित की गई।

# कानपुर ने प्रयागराज को 100 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया

**वहाज अली निहाल**

**इटावा।** राजकीय इंटर कॉलेज के ग्राउंड पर जनपद प्रदर्शनी एवं इटावा महोत्सव के तत्वाधान में आयोजित ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में सौरभ सिंह के ऑल राउंड प्रदर्शन की बदौलत कानपुर ने प्रयागराज को 100 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। गुरुवार को खेले गए उद्घाटन मैच में टॉस कानपुर के कप्तान अमन यादव ने जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया कानपुर की टीम ने निर्धारित 25 ओवरों में 9 विकेट पर 216 रन बनाए। जिसमें अमन यादव ने 70 सुमित ने 52 और सुधांशु ने 34 सौरभ ने 29 रन बनाए गेंदबाजी में



प्रयागराज की ओर से अनूप ने तीन विकेट लिए जवाब में उतरी प्रयागराज की टीम की शुरुआत धीमी रही और 116 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई जिसमें आदर्श ने 42 अभय 24 रनों का योगदान दिया गेंदबाजी में कानपुर की ओर से सौरभ सिंह ने चार विकेट लिए जिसके लिए सौरभ सिंह मैन ऑफ द मैच चुने गए। इससे पूर्व टूर्नामेंट के उद्घाटन अवसर पर विक्रम सिंह राघव उप जिलाधिकारी का स्वागत ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान ने बेज माल्यार्पण एवं पगड़ी पहनकर स्वागत किया इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा जिस तरह से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हो रहा है ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजन इसी प्रकार होना चाहिए इसके लिए उन्होंने ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान व उनकी पूरी टीम की सराहना की।

इसके उपरांत मुख्य अतिथि ने दोनों टीमों से परिचय प्राप्त किया इसके बाद मैच की पहली बॉल खेलकर टूर्नामेंट का विधिवत उद्घाटन किया इस अवसर पर बरखा चौहान अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी, ईसीए चेयरमैन इरशाद मेव, सचिव राज कपूर राणा कोशाध्यक्ष शफीक खान, सुशीला राजावत क्षेत्रपाल सिंह तोमर अक्षय प्रताप सिंह अर्चना कुशवाहा, चित्र परिहार, रीना राठौर जितेंद्र भदोरिया, गोल्डी प्रधान, राहुल तोमर, उर्मिला भदोरिया, वर्षा दुबे, तरूण बाजपेई, राजकुमार चौहान, ताबीज़ खान, सलीम हुसैन, कोच शशांक पाठक, अमित यादव आदि उपस्थित रहे। मैच की अंपायरिंग एह अब्बास और इमरान खान व स्कोरिंग राहुल वर्मा ने व कमेंट्री गुलजार अहमद ने की। टूर्नामेंट आयोजक ने बताया आज शुक्रवार को 10:00 बजे से यूथ क्रिकेट अकादमी, इटावा व मोती झील क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला जाएगा।

## शिक्षकों की देश के नवनिर्माण में अहम भूमिकाः नरदेव

**नंदगांव (मथुरा)।** देश में आज मानव जो भी है वह अच्छे शिक्षक के संस्कार देने के कारण ही है उक्त विचार नंदगांव में आयोजित टेबलेट वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बतौर आए केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि चौधरी नरदेव सिंह ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजना में शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति को देखते हुए विभिन्न क्षेत्रों में टेबलेट वितरण कार्यक्रम चल रहे हैं। शिक्षक विधालयों में समयानुसार आवागमन में समाज में बदनामी सहन कर रहे हैं।इस बदनामी से बचाने का कार्य माननीय योगी जी के नेतृत्व में शासन ने किया है। अब टेबलेट वितरण के बाद शिक्षक अपने विधालय समय से आवागमन करते हैं। यही सिद्ध अब होगी। विशिष्ट अतिथि बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला ने बताया कि अब तक समस्त विधालयों में 148 टेबलेट वितरण किए गए हैं।अंत में उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रधानाध्यापकों का आभार व्यक्त करते हुए अभिनंदन वंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केबिनेट मंत्री प्रतिनिधि चौधरी नरदेव सिंह ने एवं संचालन नोडल एआरपी राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों में बीईओ कैलाश प्रसाद शुक्ला, वरिष्ठ एआरपी नवीन कुमार शर्मा, नोडल एआरपी राजेश कुमार, योगेश कुमार, दिनेश कुमार, डाक्टर प्रांशु शर्मा, वीरेंद्र प्रधान, भोला बौहरे, लोकपाल सिंह, महावीर, रामप्रसाद, कैलाश चंद्र, नंदकुमार, गजेन्द्र, जीतपाल, कान्हा, प्रेमसिंह आदि के अलावा ब्लाक के समस्त 84 बेसिक विधालयों में कार्यरत प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ सहायक अध्यापक थे।

# ब्लाकों पर जनप्रतिनिधियों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग किया

**अवधनामा संवाददाता**

**हरदोई।** विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यकम विकास खण्ड टडियावां के ग्राम आशा में नितिन अग्रवाल, राज्य मंत्री आबकारी एवं मघ निषेध विभाग (स्वतंत्र प्रभार) द्वारा यात्रा कार्यकम का शुभारम्भ किया गया। मंत्री द्वारा कार्यकम स्थल पर कृषि, आगनवाडी, स्वास्थ्य विभाग के स्टालो का निरीक्षण किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता है। उन्होने जनधन खाता खुलवाकर लाभ सीधे लाभार्थी के खाते में पहुंचाने का कार्य किया गया है। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। इसको ध्यान में रखते हुये प्रधानमंत्री द्वारा कई योजनाये संचालित की गई। पी0एम0 किसान योजना देकर किसानो का सम्मान बढाया है। तो वहीं उज्जवला योजना के अन्तर्गत गैस कनेक्शन व सिलेण्डर देकर महिलाओं का भी सम्मान बढाया गया है तो वही आयुष्मान कार्ड योजना से गरीबो का निशुल्क उपचार हो रहा है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयी। यात्रा कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। उनके द्वारा केन्द्र व राज्य सरकर द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी दी गई। विकास खण्ड बावन के ग्राम सकतपुर व काशीपुर में सांसद जय प्रकाश रवत द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। सांसद द्वारा बताया गया कि यह कार्यकम समस्त योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने के उद्देश



से चलाया जा रहा है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा। किसान आधारित प्रदेश में जब किसान खुशहाल होगा तब देश खुशहाल होगा।

इस हेतु समस्त अधिकारी/कर्मचारी पूर्ण मनोयोग से कार्य कर समस्त पात्र व्यक्तियो को समस्त योजनाओं से लाभान्वित करे। उन्होने कहा कि विगत कई दशकों से जो कार्य नहीं हुये थे। वो कार्य प्रधानमंत्री द्वारा कराये गये है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित कराया गया है। मिशन शक्ति के तहत देश की आधी आबादी के जीवन स्तर में सुधार लाने हेतु उज्ज्लवा योजना, बेटी पढ़ाओं, कन्या सुमंगल, आयुष्मान भारत व अन्य योजनाए संचालित की गई है। प्रधानमंत्री द्वारा फसल बीमा योजना चलाई गई जिसमें प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानो को उनकी फसल खराब होने की दशा में 72 घंण्टे में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्राप्त होती है। कार्यकम में समस्त लोगो को विकसित भारत की शपथ भी दिलाई गयीं। कार्यकम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड पिहानी के ग्राम शाहपुर सैदान में विधायक श्याम प्रकाश द्वारा यात्रा कार्यकम में प्रतिभाग किया गया। उनके द्वारा ग्राम वासियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि समाज के अन्तिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को स-समय योजनाओं का लाभ देकर विकास की मुख्य धारा में जोडना है। महिला, किसान, नौजवान के सशक्तीकरण होने पर ही विकसित राष्ट्र का संकल्प पूरा होगा।

कार्यक्रम स्थल पर ग्राम प्रधान, प्रभारी कृषि विज्ञान केन्द्र, खण्ड विकास अधिकारी, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, भाजपा के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे। विकास खण्ड बेहन्दर के ग्राम इनायतपुर व खेरवा में विधायक रामपाल वर्मा द्वारा यात्रा कार्यकम का स्वागत किया गया। विकास खण्ड सुरसा के ग्राम अडगापुर व ललौली में, विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम बाजिदपुर व महमूदपुर बहादुर में विकास खण्ड टडियावां के ही ग्राम उनौती में, विकास खण्ड सण्डीला के ग्राम टिकरा कला व बेगमगंज में, विकास खण्ड भरावन के ग्राम कोयली व हडहा, विकास खण्ड बिलग्राम के ग्राम पसनेर व बेहटा बुजुर्ग में, विकास खण्ड हरपालपुर के ग्राम ककरा व इकनौरा में, विकास खण्ड माधौगंज के ग्राम सहजना व दौलतियारपुर में, विकास खण्ड भरखनी के ग्राम जलपापुर व मानपारा में, विकास खण्ड पिहानी के ग्राम अब्दुल्लानगर में, विकास खण्ड शाहाबद के ग्राम हरौली कुतुब नगर व भदासी में, विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम आयोजित किये गये। जन प्रतिनिधियों / मुख्य अतिथियों द्वारा कृषि, स्वास्थय, ग्राम्य विकास, आगनबाडी एवं अन्य विभागो द्वारा लगाये गये स्टालो का निरीक्षण किया गया। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टाल कार्यकम के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहे, जिसमें ग्राम वासियों की एनीमिया की जांच, शुगर की जांच, बी0पी0 की जांच और अन्य चिकित्सा स्वास्थ्य की जांच निशुल्क की गयी और निशुल्क दवा भी वितरित की गयीं। मुख्य अतिथि जन प्रतिनिधियों द्वारा पीएम कुसुम योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभार्थी कृषको को प्रमाण पत्र/स्वीकृत पत्र वितरित किये गये। कृषको को प्रमाणित बीजो के बारे में जानकारी दी गई उपरोक्त कार्यकम में आज कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं खाद्य आदि विभागों के कर्मचारी/अधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले के दौरान हसन अली का भांगड़ा, क्राउड को सिखा रहे थे डांस

मिचेल मार्श और स्टीव स्मिथ ने मिलकर स्कोर 169 रनों तक पहुंचाकर पाकिस्तान को वापस बैकफुट पर ढकेल दिया। मिचेल मार्श 96 रन बनाकर आउट हुए थे और एलेक्स कैरी स्टीव स्मिथ का साथ देने क्रीज पर आए ही थे, जिसके कुछ देर बाद बाउंड्री लाइन पर खड़े हसन अली ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में मौजूद क्राउड के साथ डांस किया।

पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में 6 विकेट पर 187 रन बना लिए हैं और इसके साथ ही उनकी बढ़त 241 रनों की हो चुकी है। मैच के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को पहली पारी में 264 रनों पर समेट दिया। पाकिस्तान ने जवाब में ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 16 रनों तक चार झटके दे दिए थे। इसके बाद मिचेल मार्श और स्टीव




स्मिथ ने मिलकर स्कोर 169 रनों तक पहुंचाकर पाकिस्तान को वापस बैकफुट पर ढकेल दिया। मिचेल मार्श 96 रन बनाकर आउट हुए थे और एलेक्स कैरी स्टीव स्मिथ का साथ देने क्रीज पर आए ही थे, जिसके कुछ देर बाद बाउंड्री लाइन पर खड़े हसन अली ने मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में मौजूद क्राउड के साथ डांस किया। वहीं इसका वीडियो सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है। हसन अली ने क्राउड के साथ जमकर मजे किए। वो बाउंड्री लाइन पर खड़े होकर जो डांस मूव कर रहे थे, उनके पीछे स्टेडियम में खड़े लोग भी वैसा ही कर रहे थे। एक बार को तो ऐसा लगा कि हसन अली भांगड़ा स्टेप्स भी सिखा रहे हैं। इसके इतर मैच की बात करें तो ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 318 रन बनाए, जवाब में पाकिस्तान की टीम 264 रनों पर सिमट गई। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया टीम ने 16 रनों तक उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन डेविड वॉर्नर और ट्रैविस हेड के विकेट गंवा दिए थे। मिचेल मार्श 96 और स्टीव स्मिथ 50 रन बनाकर आउट हो गए। दिन का खेल खत्म होने के समय एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर खेल रहे थे।

## पैट कमिंस के पांच विकेट, आस्ट्रेलिया को पाकिस्तान पर 54 रन की बढत

पाकिस्तान के लिये दोनों विकेट तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने लिये और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने कैच लपका। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 318 रन के जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 264 रन बनाये। कप्तान पैट कमिंस के पांच विकेट की मदद से आस्ट्रेलिया ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन पाकिस्तान पर पहली पारी में 54 रन की बढत ले ली। कमिंस ने दसवीं बार टेस्ट क्रिकेट में पारी के पांच विकेट लिये हैं। पाकिस्तान ने हालांकि पारी के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए उस्मान ख्वाजा (0) और मार्नस लाबुशेन (पांच) के विकेट लिये। लंच के समय तक उसके पास 60 रन की बढत थी। पाकिस्तान के लिये दोनों विकेट तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी ने लिये और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान ने कैच लपका। आस्ट्रेलिया के पहली पारी के 318 रन के जवाब में पाकिस्तान ने पहली पारी में 264 रन बनाये।

# सुनील गावस्कर ने की टीम इंडिया की आलोचना, कहा टीम इंडिया को जागना होगा

भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद खराब है। वहीं पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा एंड टीम की आलोचना की है। गावस्कर तीसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय गेंदबाजी से निराश दिखे। उन्होंने टीम इंडिया से जाग जाने की गुजारिश की है।

संचुरियन में खेले जा रहे भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट मैच में भारतीय टीम का प्रदर्शन बेहद खराब है। वहीं पूर्व भारतीय दिग्गज सुनील गावस्कर ने रोहित शर्मा एंड टीम की आलोचना की है। गावस्कर तीसरे दिन की शुरुआत में ही भारतीय गेंदबाजी से निराश दिखे। उन्होंने टीम इंडिया से जाग जाने की गुजारिश की है।

डीन एल्गर ने भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजों को परेशान कर



रखा है। उन्होंने 150 रन बना लिए हैं। टीम इंडिया मार्को जॉनसन को आउट करने में भी नाकामयाब रही है। दोनों ही बल्लेबाजों ने बेहतरीन साझेदारी हुई है। लागातार खराब फील्डिंग और जोश की कमी के कारण गावस्कर ने कमेंट्री बॉक्स से ही रोहित शर्मा और उनके खिलाड़ियों की आलोचना की है।

सुनील गावस्कर ने अपनी कमेंट्री के दौरान कहा कि, भारत को जागना होगा। वे निराश लग रहे हैं। मैं गर्म दिन होने के कारण, चाय के एक घंटे बाद समझ सकता हूं लेकिन दिन के पहले घंटे में नहीं।

बाद में रवि शास्त्री ने भी कहा कि, भारत को ये सोचना बंद करना होगा कि चीजें उनके लिए होंगी। उन्हें खेल में अपने आप को वापस लाने की जरूरत है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद साउथ अफ्रीका ने पांच विकेट गंवाकर 256 रन बनाए। तीसरे दिन मार्को यान्सन और डीन एल्गर ने स्कोर को आगे बढ़ाया और एल्गर ने 150 रनों का आंकड़ा भी पूरा किया।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारतीय महिला टीम का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला, साइका इशाक का डेब्यू




हरमनप्रीत कौर ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की महिला एक दिवसीय क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बीमारी होने के कारण नहीं खेल रही है। बायें हाथ की स्पिनर साइका इशाक वनडे क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला है।

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की महिला एक दिवसीय क्रिकेट सीरीज के पहले मैच में टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारतीय उपकप्तान स्मृति मंधाना बीमारी होने के कारण नहीं खेल रही है। बायें हाथ की स्पिनर साइका इशाक वनडे क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला है।

वहीं इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे में भारतीय महिला टीम अपना रिकॉर्ड सुधारना चाहेगी। इसके साथ ही भारतीय टीम इस समय बेहतरीन फॉर्म में चल रही है। उसने नवी मुंबई में इंग्लैंड को एकमात्र टेस्ट में रिकॉर्ड 347 रन से हराने के बाद वानखेड़े स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले जाएंगे।

साइका इशाक को डेब्यू का मौका मिला है। दीप्ति शर्मा ने उन्हें डेब्यू कैप सौंपी। साइका भारतीय महिला टीम की ओर से वनडे डेब्यू करने वाली 140वीं खिलाड़ी बनीं। इससे पहले उन्होंने इसी महीने की 6 तारीख को इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टी20 क्रिकेट करियर का आगाज किया था। साइका ने अब तक खेले गए अपने 3 टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों में 5 विकेट झटके हैं। इस दौरान उनकी औसत 16.20 की और इकॉनमी 8.10 की रही है। 3/22 इस फॉर्मेट में उनका अभी तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## शतक जड़ने के बाद केएल राहुल का छलका दर्द

केएल राहुल ने भारत के लिए शानदार शतक बनाया। उन्होंने इस दौरान पहली पारी में 101 रन जड़े। उनकी इस पारी के बाद हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। लेकिन मैच के बाद राहुल का दर्द छलका है। भारत बनाम साउथ अफ्रीका के बीच सेंचुरियन में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं इस मैच में केएल राहुल ने भारत के लिए शानदार शतक बनाया। उन्होंने इस दौरान पहली पारी में 101 रन जड़े। उनकी इस पारी के बाद हर कोई उनकी तारीफ कर रहा है। लेकिन मैच के बाद राहुल का दर्द छलका है। दरअसल, राहुल ने कहा कि आज लोग मेरी तारीफ कर रहे हैं लेकिन तीन महीने पहले तक हर कोई मुझे गाली दे रहा था। राहुल के लिए साल 2023 काफी खराब रहा। साल की शुरुआत में उन्हें टी20 टीम से खराब फॉर्म के कारण ड्रॉप किया गया। इसके बाद आईपीएल 2923 के दौरान वह चोटिल हो गए जिस कारण से उन्हें वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल समेत कई मैच मिस किए। इस दौरान सोशल मीडिया पर राहुल को काफी कुछ सुनना पड़ा था।

# इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने अकेले दम पर किया पाकिस्तानी गेंदबाजों को परेशान, ऑस्ट्रेलिया की बचाई लाज

जहां डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन जैसे टॉप ऑर्डर के दिग्गज पहले ही पवेलियन लौट गए। 16 रन के कुल स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया ने अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद दिग्गज ऑलराउंडर ने मोर्चा संभाला।

पाकिस्तान के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के टॉप ऑर्डर के बल्लेबाज फ्लॉप रहे। जहां डेविड वॉर्नर, उस्मान ख्वाजा और मार्नस लाबुशेन जैसे टॉप ऑर्डर के दिग्गज पहले ही पवेलियन लौट गए। 16 रन के कुल स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया ने अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद दिग्गज ऑलराउंडर ने मोर्चा संभाला। बेशक ये खिलाड़ी 4 रन से अपना चौथा टेस्ट शतक चूक गया लेकि आउट होने से पहले उसने अपनी टीम की बढ़त को 200 के पार पहुंचाने में अहम रोल निभाया।

युवा तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी और मीर हमजा ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया बल्लेबाजों को एक के बाद एक पवेलियन भेजा, 16 के कुल स्कोर पर 4 विकेट गंवाने के बाद ऑस्ट्रेलिया की टीम मुश्किल में थी। पाक गेंदबाजों ने मेजबान टीम को बैकफुट पर धकेल दिया था लेकिन मिचेल मार्श अपनी टीम के लिए संकटमोचन बन कर आए और अपनी सूझबूझ से बेहतरीन पारी खेली। इस



दौरान उन्होंने अपना अर्धशतक भी पूरा किया। वहीं उनकी पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया टीम पहली पारी में 54 रन की बढ़त मिली थी।

मिचेल मार्श ने 130 गेंदों पर 13 चौकों की मदद से 96 रन बनाए, उन्होंने अनुभवी स्टीव स्मिथ के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए शतकीय पारी खेली। मार्श ने 70 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया वहीं मार्श ने पहली पारी में 41 रन बनाए थे। मार्श और स्मिथ ने पांचवें विकेट के लिए 53 रन की साझेदारी की। मार्श को मीर हमजा ने अगा सलमान के हाथों कैच आउट कराया।

# आदिपुरुष डायलॉग, दीपिका की भगवा बिकनी से लेकर डीपफेक वीडियो तक, 2023 में हुई सिमेना जगत में बड़ी कंट्रोवर्सी



बेशरम रंग गाने पर बहस से लेकर रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो तक, हर चीज ने ऑनलाइन चर्चा पैदा की। यहां साल के कुछ शीर्ष विवादों पर एक नजर डाली गई है-

इस साल सिनेमा को लेकर जश्न मनाने के लिए बहुत कुछ है। लेकिन ब्लॉकबस्टर रिलीज़ और भारत की ऑस्कर जीत के अलावा, जिस चीज़ ने लोगों का ध्यान खींचा वह कई विवाद थे। बेशरम रंग गाने पर बहस से लेकर रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो तक, हर चीज ने ऑनलाइन चर्चा पैदा की। यहां साल के कुछ शीर्ष विवादों पर एक नजर डाली गई है।

शाहरुख खान ने अपनी ब्लॉकबस्टर पठान से वापसी की। दिलचस्प एक्शन दृश्यों और कहानी के अलावा, जिस चीज़ ने ऑनलाइन बहस छेड़ दी, वह था पठान गाना, बेशरम रंग। जबकि कुछ ऐसे भी थे जिन्होंने दीपिका की स्क्रीन उपस्थिति और शानदार डांस मूव्स की प्रशंसा की, वहीं दर्शकों का एक समूह उनकी एक पोशाक से खुश नहीं था। पोशाक के रंग को लेकर पूरे देश में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। हंगामे के बाद, सेंसर बोर्ड ने संशोधन की सिफारिश की और अंतिम संस्करण में, गाने के बाद एक दृश्य में विवादास्पद पोशाक दिखाई दी।

### *आदिपुरुष डायलॉग विवाद*

ओम राउत के पौराणिक नाटक आदिपुरुष ने भी प्रशंसकों द्वारा फिल्म के संवादों की भारी आलोचना के बाद ऑनलाइन चर्चा का विषय बना दिया। यह महाकाव्य रामायण का रूपांतरण था। इसमें प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान मुख्य भूमिका में थे। मनोज मुंतशिर द्वारा लिखे गए संवादों के अलावा, फिल्म की कमजोर प्रदर्शन, खराब पटकथा और वीएफएक्स के लिए आलोचना की गई थी।

फिल्म ने एक मीम उत्सव भी शुरू किया जिसमें संवादों पर कटाक्ष किया गया। विरोध के बाद, मनोज मुंतशिर ने दर्शकों की चिंताओं और व्यापक आलोचना को दूर करने के लिए संशोधन की घोषणा की, जिससे बॉक्स ऑफिस की कमाई प्रभावित हुई।

### *आलिया भट्ट की लिपस्टिक टिप्पणी*

आलिया भट्ट के अभिनेता-पति रणबीर कपूर को एक साक्षात्कार के दौरान उनकी पत्नी की टिप्पणियों के बाद ट्रोल किया गया था। अगस्त 2023 में, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता ने वोग के लिए लिपस्टिक लगाने के ट्यूटोरियल के दौरान उल्लेख किया था कि उनके पति रणबीर कपूर को उनकी प्राकृतिक लिप शेड पसंद है और उन्होंने पहले उनसे लिपस्टिक को पोंछने के लिए कहा था।

वीडियो में, आलिया को यह कहते हुए सुना जा सकता है, एक बात मेरे पति [जब वह मेरे पति नहीं थे, जब वह मेरे बॉयफ्रेंड भी थे] कहते थे, जब हम रात में बाहर जाते थे, तो वह कहते थे उसे [लिपस्टिक पोंछ लो] बंद करो। उसे मिटा दो। क्योंकि उसे मेरे होठों का प्राकृतिक रंग पसंद है।

भट्ट द्वारा की गई टिप्पणी ने सोशल मीडिया पर तूफान ला दिया, उपयोगकर्ताओं ने रणबीर को उनकी टिप्पणी के लिए बेरहमी से ट्रोल किया। कई लोगों ने तो रणबीर को टॉक्सिक पार्टनर तक कह डाला। एनिमल अभिनेता ने ज़ूम के माध्यम से प्रशंसकों के साथ बातचीत के दौरान ट्रोलिंग पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा, हाल ही में, मैं विषाक्त होने और मेरे द्वारा दिए गए कुछ बयान से संबंधित कुछ लेख पढ़ रहा था और मैं इसे समझता हूं। और मैं पक्ष में हूं उन लोगों में से जो जहरीली मर्दानगी के लिए लड़ रहे हैं। अगर वे मुझे इसके चेहरे के रूप में इस्तेमाल करते हैं, तो यह ठीक है क्योंकि उनकी लड़ाई सिर्फ मेरे द्वारा कही गई बातों के बारे में उनकी राय रखने से दुखी होने से बड़ी है। मैं बड़ी तस्वीर देखता हूं।

### *रश्मिका मंदाना का डीपफेक वीडियो*

इस साल फिल्मों से जुड़े विवादों के अलावा टेक्नोलॉजी का एक बदसूरत पक्ष भी सामने आया। कई मशहूर हस्तियों के वायरल एआई डीपफेक वीडियो ने प्रशंसकों और सितारों को समान रूप से हिलाकर रख दिया। टेक्नोलॉजी की चपेट में आने वाला फिल्म इंडस्ट्री का पहला सबसे बड़ा नाम था रश्मिका मंदाना।

इसके बाद खतरा बढ़ गया और कई अन्य बॉलीवुड ए-लिस्टर्स भी इसके शिकार हो गए, जिनमें कैटरीना कैफ, प्रियंका चोपड़ा, आलिया भट्ट और काजोल भी शामिल थीं। प्रशंसकों के अलावा, उद्योग के बड़े नाम जैसे अमिताभ बच्चन, विजय देवरकोंडा और अन्य ने इस मुद्दे पर प्रकाश डाला और निवारक और सुधारात्मक कार्रवाई का आह्वान किया।

# धोखाधड़ी मामले में रजनीकांत की पत्नी को कोर्ट ने सशर्त जमानत दी, लता रजनीकांत ने सफाई देते हुए कहा सेलिब्रिटी होने की कीमत चुकानी पड़ती है

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत ने मंगलवार को बेंगलुरु की एक अदालत से जमानत मिलने के बाद तमिल फिल्म कोचादैइयां के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले के खिलाफ बात की है।

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत को तमिल फिल्म कोचादाइयां के संबंध में धोखाधड़ी के एक मामले में बेंगलुरु की एक अदालत ने जमानत दे दी।

तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की पत्नी लता रजनीकांत ने मंगलवार को बेंगलुरु की एक अदालत से जमानत मिलने के बाद तमिल फिल्म कोचादैइयां के संबंध में उनके खिलाफ दर्ज धोखाधड़ी के मामले के खिलाफ बात की है। लता ने आरोपों से इनकार करते हुए दावा किया कि यह सेलिब्रिटी होने के लिए हमें चुकाई जाने वाली कीमत है।

लता रजनीकांत ने अपने खिलाफ दायर धोखाधड़ी के मामले पर बात की। लता रजनीकांत ने एएनआई को बताया मेरे लिए, यह एक लोकप्रिय व्यक्ति के अपमान और उत्पीड़न और शोषण का मामला है। यह वह कीमत है जो हम सेलिब्रिटी होने के लिए चुकाते हैं। तो मामला भले ही बड़ा न हो, लेकिन खबर बहुत बड़ी हो जाती है. कोई



धोखाधड़ी नहीं है। चेन्नई स्थित एड ब्यूरो एडवरटाइजिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 2014 की फिल्म के अधिकारों को लेकर उनके खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसने फिल्म के निर्माताओं में से एक, मीडिया वन को? 10 करोड़ उधार दिए थे, और आरोप लगाया है कि लता रजनीकांत ने गारंटर के रूप में हस्ताक्षर किए थे। जिस पैसे की बात बताई जा रही है, उससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। यह मीडिया वन और संबंधित लोगों के बीच है। वे पहले ही समझौता कर चुके हैं और विषय उनके बीच है। गारंटर के रूप में मैंने यह सुनिश्चित किया कि उन्हें भुगतान कर दिया गया है।

डेक्कन हेराल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को एक अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट अदालत ने उन्हें ?1 लाख के निजी मुचलके और? 25,000 नकद जमा करने पर जमानत दे दी। अक्टूबर में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में लता रजनीकांत के खिलाफ आरोप बहाल कर दिए।

अदालत ने कहा तदनुसार, एसएलपी (सीआरएल) संख्या 9818/2022 और एसएलपी (सीआरएल) संख्या 8327/2022 का निपटान दायर की गई अंतिम रिपोर्ट को बहाल करके किया जाता है। हालांकि, एसएलपी (सीआरएल) में याचिकाकर्ताओं को स्वतंत्रता दी गई है।) संख्या 8327/2022 एक उचित आवेदन दायर करने के लिए, यदि ऐसी सलाह दी जाती है, तो आरोप मुक्त करने की मांग करें।

अदालत ने कहा, हम यह स्पष्ट करते हैं कि यदि याचिकाकर्ताओं की ओर से ऐसा आवेदन दायर किया जाता है, तो विवादित आदेश के तहत दिए गए निष्कर्ष रास्ते में नहीं आएंगे और ट्रायल कोर्ट को निर्देश दिया जाता है। अदालत ने कहा, आगे की गई दलीलों को ध्यान में रखते हुए, याचिकाकर्ता-अभियुक्त की भौतिक उपस्थिति तब तक समाप्त रहेगी जब तक कि ट्रायल कोर्ट द्वारा इसकी आवश्यकता न हो। अदालत ने कहा, हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि हमने मामले की योग्यता पर कोई राय व्यक्त नहीं की है और पक्ष मध्यस्थता के माध्यम से भी इस मुद्दे को सुलझाने के लिए स्वतंत्र हैं।

# शर्मिला टैगोर का वो बिकनी फोटोस, जिसने मचा दिया था संसद में हंगामा, कैमरामैन भी हो गया था शर्मिंदा, सालों बाद एक्ट्रेस का आया रिएक्शन

कॉफी विद करण 8 के नवीनतम एपिसोड में सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर मेहमान थे। मां-बेटे की जोड़ी ने कई खुलासे किए, जिसमें यह तथ्य भी शामिल था कि शर्मिला टैगोर को कैंसर हो गया था और उन्हें रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को अस्वीकार करना पड़ा था।

कॉफी विद करण 8 के नवीनतम एपिसोड में सैफ अली खान और शर्मिला टैगोर मेहमान थे। मां-बेटे की जोड़ी ने कई खुलासे किए, जिसमें यह तथ्य भी शामिल था कि शर्मिला टैगोर को कैंसर हो गया था और उन्हें रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को अस्वीकार करना पड़ा था, और कई व्यक्तिगत विवरणों पर चर्चा की। टैगोर ने बिकनी में अपने प्रसिद्ध कवर शॉट के बारे में भी खुलासा किया, इस फोटो शूट ने जिसने उन दिन बड़े पैमाने पर हंगामा मचाया था।

### *शर्मिला टैगोर कवर पेज पर बिकनी में नजर आईं*

होस्ट करण जौहर निश्चित रूप से जानते हैं कि सेलेब्स से कैसे बात करनी है। कॉफ़ी विद करण 8 का आखिरी एपिसोड भी कुछ अलग नहीं था। उन्होंने शर्मिला टैगोर से बिकनी में उनके मशहूर मैगजीन कवर शॉट के बारे में पूछा, जो उस समय शहर में चर्चा का विषय बन गया था। उन्होंने दिग्गज अभिनेता से पूछा, आपका प्रसिद्ध बिकनी शॉट आप जानते हैं कि मैं किस शॉट के बारे में बात कर रहा हूं। कोई और नहीं चाहता था कि ऐसा हो। यहां तक कि फ़ोटोग्राफ़र के मन में भी ऐसा करने को लेकर कुछ चिंताएं थीं।

सैफ अली खान ने तुरंत कहा, मेरे बोर्डिंग स्कूल में लोग मुझसे पूछते थे, क्या वह तुम्हारी मां हैं?



मुझे इस पर बहुत गर्व था। शर्मिला टैगोर ने खुलासा किया, हां, फोटोग्राफर थोड़ा चिंतित था और मुझे लगा कि मैं बहुत अच्छी लग रही हूं। बाद में मुझे वास्तव में दुख हुआ क्योंकि हर किसी ने इसकी व्याख्या इस तरह से की थी कि मैं ऊपर की ओर गतिशील थी, मैं लोगों का ध्यान खींचने की कोशिश कर रही थी। मैंने ऐसा नहीं किया। ऐसा महसूस नहीं होता। जब यह फिल्मफेयर में आई, मैं लंदन में था और मुझे तब तक पता नहीं था जब तक शक्ति (सामंत, निर्देशक) जी ने मुझे फोन नहीं किया और कहा, क्या तुम जल्दी वापस आओगे? यहां भयानक चीजें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि अगर आप लोगों की नज़रों में रहना चाहते हैं, यह रास्ता नहीं है।

### *संसद में पूछे गए सवाल*

जब करण जौहर ने प्रतिक्रिया की तुलना आधुनिक सोशल मीडिया ट्रोलिंग से की तो शर्मिला टैगोर ने भी सिर हिलाया और कहा, मैं आपको नहीं बता सकती मेरा मानना है कि संसद में प्रश्न पूछे गए थे। यह मेरे लिए सुखद नहीं था। उसके बाद, मैं बहुत सावधान हो गया और मैंने आराधना को चुना। यह हमारे समय का आरआरआर था।

# संघ के गढ़ में कांग्रेस भरेगी हुंकार

## हैं तैयार हम महारैली से बजेगा 2024 का बिगुल

**नागपुर।** कांग्रेस पार्टी आज अपना 139वां स्थापना दिवस मना रही है। इस मौके पर पार्टी नागपुर में एक बड़ा आयोजन करने जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के गढ़ में %हैं तैयार हम% नाम की महारैली के साथ कांग्रेस 2024 लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करेगी। इस रैली को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी संबोधित करेंगे।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी रैली में हिस्सा लेने के लिए नागपुर पहुंच गए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा, स्थापना दिवस पर हम सब मिलकर देश को एक संदेश देना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी अपने विचारधारा से कभी भी नहीं झुकने वाली है और अपने विचारधारा से आगे बढ़ेगी और यही संदेश हम नागपुर से देना चाहते हैं।

हैं तैयार हम रैली पर कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि नागपुर एक ऐतिहासिक जगह है। कांग्रेस की जड़ें यहीं से मजबूत हुई, यहीं से उत्पन्न हुई



और यहीं से आगे बढ़ी। कांग्रेस के संगठन में महाराष्ट्र और नागपुर का बहुत बड़ा योगदान है।

कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह अच्छा है और कभी-कभी यह होना चाहिए। खासकर मुंबई में हमारे यहां प्रतिष्ठा थी, इसलिए महाराष्ट्र के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं। कांग्रेस सांसद मनिकम टैगोर ने कहा, %एक संगठन जो नफरत पैदा करता है और फैलाता है, वह नागपुर में स्थित है। आरएसएस नामक एक संगठन का मुख्यालय यहां है। कांग्रेस पार्टी यह दिखाएगी कि भारत में नफरत खत्म होनी चाहिए और हमें प्रत्येक भारतीय के लिए प्यार और स्नेह फैलाना चाहिए, यही संदेश है। आज कांग्रेस पार्टी का 139वां स्थापना दिवस है। कल, कांग्रेस ने घोषणा की कि भारत न्याय यात्रा जो 14 जनवरी से इंफाल से शुरू होने जा रही है वो अगले साल होने वाले चुनाव में कांग्रेस के पक्ष को बदल देगा। 2024 में दिल्ली में इंडिया गठबंधन की जीत होगी।

यह महारैली इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नागपुर में की जा रही है, जहां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुख्यालय और ऐतिहासिक दीक्षाभूमि स्थित हैं। दीक्षाभूमि में डॉ. भीमराव आंबेडकर ने बौद्ध धर्म को अपनाया था। इससे पहले महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने बुधवार को कार्यक्रम स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा था कि यह देश के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। पार्टी केंद्र की सत्ता से भाजपा को हराने के लिए बदलाव का संदेश देगी।

उन्होंने कहा था कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संविधान और लोकतंत्र के चारों स्तंभ खतरे में हैं। इन व्यवस्थाओं को अक्षुण्ण रखना कांग्रेस पार्टी की जिम्मेदारी है। आपातकाल के बाद (तत्कालीन प्रधानमंत्री) इंदिरा गांधी ने नागपुर में एक जनसभा की थी और तब कांग्रेस ने विदर्भ से सभी सीटें जीती थीं।

### डीएमडीके नेता विजयकांत कोरोना पॉजिटिव

**चेन्नई।** तमिलनाडु में देसिया मुरपोक्कू द्रविड़ कड़गम (डीएमडीके) नेता विजयकांत का गुरुवार तड़के निधन हो गया। वे कोरोना की चपेट में आ गए थे। पार्टी ने बयान जारी कर बताया था कि सांस लेने में तकलीफ के कारण विजयकांत को वेंटिलेटर पर रखा गया है। विजयकांत लंबे समय से अस्वस्थ थे और उनकी पत्नी प्रेमलता ने कुछ दिन पहले ही पार्टी की कमान संभाली है।

इससे पहले देश में कोरोना के जेएन.1 उपस्वरूप के 40 नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही संक्रमण के इस स्वरूप के मामले बढ़कर 109 हो गए हैं। गुजरात में 36, कर्नाटक में 34, गोवा में 14, महाराष्ट्र में नौ, केरल में छह, राजस्थान और तमिलनाडु में चार-चार और तेलंगाना में दो मामले सामने आए हैं। उन्होंने ज्यादातर मरीज फिलहाल घर में आइसोलेशन में हैं। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ) डॉ. वीके पॉल ने पिछले सप्ताह कहा था कि नए उपस्वरूप पर करीब से नजर रखी जा रही है।


## ठाणे में महिला के साथ धोखाधड़ी मामले में चार के खिलाफ केस दर्ज, असम के बटाद्रव मार्केट में लगी आग

**नई दिल्ली।** ठाणे जिले में पुलिस ने दो डॉक्टर समेत चार लोगों के खिलाफ एक महिला डॉक्टर के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अस्पताल बनाने के लिए फंड जमा करने के नाम पर चारों ने महिला डॉक्टर से 1.54 करोड़ ठग लिए।

पीड़िता और आरोपी दोनों ही एक हेल्थकेयर कंपनी में साझेदार थे। मई 2021 में आरोपी ने पीड़िता को बताया कि भिवंडी में उनकी कंपनी द्वारा चलाया जा रहा अस्पताल घाटे में चल रहा है। उसने पीड़िता से अपने पति के नाम पर लोन लेने के लिए कहा। महिला ने अपने पति के नाम पर 1,94,23,180 रुपये का लोन ले लिया और हेल्थकेयर फर्म के अकाउंट में पैसे जमा कर दी।

आरोपियों ने कथित तौर पर महिला को बताए बिना उस पैसे का गलत इस्तेमाल किया। शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 06, 420 और 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है।

पुणे के घोड़बंदर रोड में गुरुवार की सुबह एक तेल का टैंकर पलट गया। इस हादसे में टैंकर चालक




घायल हो गया और कुछ देर के लिए यातायात बाधित रहा। यह घटना पाटलीपाड़ा पुल के पास सुबह के 6ः12 बजे घटी जब तेल से भरा टैंकर कोल्हापुर से वापी की तरफ जा रहा था।

टैंकर चालक को मामूली चोट आई है, फिलहाल अस्पताल में उसका इलाज जारी है। टैंकर के पलटने से तेल सड़क में फैल गया। हादसे की जानकारी पाकर स्थानीय दमकलकर्मी और आपदा प्रबंधन सेल मौके पर पहुंची।

असम के नागांव जिले के बटाद्रवा मार्केट में बुधवार की रात को भीषण आग लग गई। आग में लाखों का सामान जल कर राख हो गया गया। हालांकि, कुछ देर बाद ही आग पर काबू पा लिया गया था। इस हादसे में कई दुकाने जल गई, लेकिन किसी के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। आग लगने का कारणों का भी अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## कन्नड़ भाषा के विवाद पर कर्नाटक सरकार सख्त, डिप्टी सीएम बोले- संपत्तियों का नुकसान बर्दाश्त नहीं



**बंगलूरू।** डीके शिवकुमार ने कहा कि हमें कन्नड़ भाषा को बचाने को बचाना है और हम इसके लिए लड़ने वाले लोगों का सम्मान भी करते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इसके नाम पर जो तोड़फोड़ हो रही है, सरकार उसकी तरफ से आंखें मूंद ले। कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने गुरुवार को कहा कि सरकार कन्नड़ भाषा के विवाद में किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं देगी। बता दें कि कर्नाटक रक्षण वेदिके (नारायण गौड़ा गुट) के कार्यकर्ता बंगलूरू में दुकानों पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड लगाने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में कार्यकर्ताओं ने इसे लेकर उन दुकानों में तोड़फोड़ भी की, जिन पर कन्नड़ भाषा में साइनबोर्ड नहीं थे। इस पर डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने सख्त रुख अपनाया है। शिवकुमार ने कहा कि हम कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं के खिलाफ नहीं हैं लेकिन उन्हें कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए। हम बंगलूरू में संपत्तियों के नुकसान को बर्दाश्त नहीं करेंगे। हमें कन्नड़ भाषा को बचाने को बचाना है और हम इसके लिए लड़ने वाले लोगों का सम्मान भी करते हैं लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि इसके नाम पर जो तोड़फोड़ हो रही है, सरकार उसकी तरफ से आंखें मूंद ले।

## जेएन.1 से घबराने की कोई जरूरत नहीं

### वेंकटेश्वर मंदिर का दौरा कर बोले केंद्रीय मंत्री बघेल

**त्रिरुपति।** देश में कोविड-19 एक बार फिर तेजी से पैर पसार रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य महकमा लगातार चौंकन्ना है। इस बीच, केंद्रीय कानून और न्याय राज्य मंत्री सत्यपाल सिंह बघेल ने गुरुवार सुबह आंध्र प्रदेश के तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने सभी राज्य सरकारों से कोविड-19 के उप स्वरूप जेएन.1 को काबू में करने के लिए अधिक निगरानी बढ़ाने की अपील की है।

मंत्री अपने परिवार के सदस्यों के साथ तिरुमाला पहुंचे और भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में पूजा-अर्चना की। तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के अधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री और उनके परिवार के सदस्यों को तीर्थ और प्रसाद भेंट किया।

बघेल ने कहा, आज वैकुंठ द्वार से मुझे अपने परिवार के सदस्यों के साथ भगवान बालाजी के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। हमने देश में शांति और हर नागरिक के जीवन में समृद्धि के लिए प्रार्थना की। हमें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश



का विकास होगा और हम विश्व गुरु बनेंगे।

उन्होंने आगे कहा, ओमीक्रॉन स्ट्रेन के जेएन.1 से घबराने की कोई जरूरत नहीं है। यह वायरस खतरनाक नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सभी राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। मैं राज्य सरकारों से अधिक से अधिक निगरानी बढ़ाने की अपील करता हूं।

उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि रोकथाम हमेशा इलाज से बेहतर होता है। इसलिए सभी लोग सावधानियां बरतें। केंद्र सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें।

गौरतलब है, भारत में पिछले 24 घंटे में कोविड-19 के 692 नए मामले सामने आए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, कुल सक्रिय मामलों में चार की वृद्धि हुई है, जो 4,097 तक पहुंच गई है।

### जबरदस्ती शराब पिलाकर पत्नी को किया बेहोश, फिर शॉल से गला घोंटकर की हत्या

**कोच्चि।** केरल में एक महिला की हत्या करने का मामला पुलिस ने सुलझा लिया है। हत्यारा कोई और नहीं बल्कि महिला का पति ही निकला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। ये घटना केरल के छोटानिक्कारा की है। जहां एक महिला की उसके पति ने गला घोंटकर हत्या कर दी।

पुलिस के अनुसार, 25 दिसंबर को 37 साल का शाइजू अपनी पत्नी शारी को अस्पताल लाया था। उसने डॉक्टरों को बताया था कि वह बेहोश हो गई है। जब डॉक्टरों ने शारी की जांच की तो वो मर चुकी थी। ऐसे में डॉक्टरों को शाइजू पर कुछ शक हुआ। उन्होंने तुरंत पुलिस को इसकी जानकारी दी।

शुरुआती जांच में शाइजू ने बताया कि शारी ने खुद की जान लेने की कोशिश की थी। इसके लिए उसने पंखे से लटकने की कोशिश की।

## शिक्षक भर्ती घोटाले मामले में कोलकाता के नौ इलाकों में छापेमारी, ईडी की कार्रवाई




**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच के तहत कोलकाता के नौ अलग-अलग इलाकों में छापेमारी की। ईडी की नौ टीमों ने शहर के व्यस्त इलाके बड़ाबजार, काकुरगाछी और ईएम बाइपास में नौ लोगों के दफ्तर और आवास छापा मारा।

इस छापेमारी पर एक अधिकारी ने कहा, प्राथमिक विद्यालय नौकरी घोटाले मामले में यह छापेमारी हमारे जांच का हिस्सा है। ये सभी लोग इस घोटाले में शामिल थे। हम बैंक और अन्य दस्तावेजों की तलाश कर रहे हैं। बता दें कि गौ तस्करी घोटाले में गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति से मिली खुफिया जानकारी के बाद यह तलाशी अभियान गुरुवार की सुबह चलाया गया।

हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने शिक्षक भर्ती घोटाला मामले में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में जेल में बंद टीएमसी विधायक माणिक भट्टाचार्य की जमानत की मांग वाली याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय से जवाब मांगा है। ईडी ने पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष मानिक भट्टाचार्य को पिछले साल 11 अक्तूबर के दिन कथित तौर पर जांच में सहयोग नहीं करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। वह नादिया जिले की पलाशीपारा सीट से सत्तारूढ़ टीएमसी विधायक हैं। शीर्ष अदालत ने पहले पश्चिम बंगाल में प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों की भर्ती में कथित अनियमितताओं के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ भट्टाचार्य की याचिका को खारिज कर दिया था, यह देखते हुए कि ईडी की कार्रवाई अवैध नहीं थी।

## भारत ने पाकिस्तान से की हाफिज सईद के प्रत्यर्पण की मांग, मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है आतंकी

**इस्लामाबाद।** भारत ने पाकिस्तान से लश्कर ए तैयबा के संस्थापक और खूंखार आतंकी हाफिज सईदी को सौंपने की मांग की है। पाकिस्तानी मीडिया के हवाले



से ये खबर आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत ने हाफिज सईद के प्रत्यर्पण के लिए पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से औपचारिक मांग की है। बता दें कि हाफिज सईद पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड है। भारत सरकार ने पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय से हाफिज सईद को भारत प्रत्यर्पित करने की कानूनी कार्रवाई शुरू करने की अपील की है। हालांकि पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई एक्शन नहीं लिया है। बता दें कि हाफिज सईद एक पाकिस्तानी आतंकी और आतंकी संगठन लश्कर ए तैयबा का संस्थापक है और जम्मू कश्मीर में कई आतंकी घटनाओं में हाफिज सईद शामिल रहा है। भारत में वह मोस्ट वॉन्टेड आतंकियों की लिस्ट में शामिल है। साल 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले और पुलवामा हमले का मास्टरमाइंड भी हाफिज सईद ही है। कुछ साल पहले तक हाफिज सईद पाकिस्तान में खुला घूम रहा था और अपने संगठन के लिए चंदा जुटा रहा था लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ने के बाद साल 2019 में हाफिज सईद को पाकिस्तान में गिरफ्तार किया गया और आतंक के वित्त पोषण के आरोप में उसे 15 साल जेल की सजा सुनाई गई। बीते साल भी पाकिस्तान की अदालत ने हाफिज सईद को आतंकी घटनाओं के लिए पैसे जुटाने के आरोप में 31 साल जेल की सजा सुनाई थी। अमेरिका ने भी हाफिज सईद को आतंकी घोषित किया हुआ है और उस पर एक करोड़ डॉलर का इनाम घोषित किया हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हाफिज सईद भले ही कथित तौर पर जेल में बंद है लेकिन पाकिस्तान में अगले साल होने वाले आम चुनाव में उसकी पार्टी पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग सभी सीटों पर अपने उम्मीदवार उतार रही है। हाफिज सईद का बेटा तल्हा सईद भी लाहौर सीट से पार्टी का उम्मीदवार है।

### नेतन्याहू हिटलर से अलग नहीं, गाजा पर हमले तेज होने पर भड़के एर्दोगन

**यरुशलम।** हमास और इस्राइल के बीच दो माह से अधिक समय से जंग जारी है। युद्ध में अब तक दोनों पक्षों के हजारों लोगों की मौत हो गई है। जहां इस्राइल ने हमास को पूरी तरह खत्म करने का संकल्प लिया है। वहीं, अब आतंकी समूह भी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। फिलहाल न तो जंग की रफ्तार कम हो रही है और न ही लोगों की जान की परवाह की जा रही है। एक तरफ, इस्राइली सेना लगातार गाजा पट्टी में अपने जमीनी हमले का विस्तार कर रही है। बताया जा रहा है कि इस्राइल के रक्षा बलों ने वेस्ट बैंक में स्थित एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें कम से कम छह फलस्तीन मारे गए। वहीं दूसरी ओर, लेबनान की ओर से दागे गए रॉकेटों के कारण बुधवार को उत्तरी इस्राइल में बार-बार सायरन बजने लगे। इससे जंग और बढ़ गई।

## बातचीत की आड़ में कबायली इलाकों पर कब्जे की फिराक में था अफगान, पाकिस्तान के शीर्ष अधिकारी का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के एक शीर्ष अधिकारी ने अफगानिस्तान के अंतरिम विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी के उन दावों का जोरदार खंडन किया है, जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान अंतिम समय में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के साथ समझौते से पीछे हट गया। साथ ही दावा किया कि आतंकवादी संगठन की अनुचित और असंवैधानिक मांगों के कारण वार्ता असफल हुई थी।

एक रिपोर्ट के अनुसार, शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बातचीत की आड़ में प्रतिबंधित टीटीपी आतंकवादी समूह अफगान तालिबान के मौन समर्थन के साथ पूर्व जनजातीय क्षेत्रों के भीतर अपना साम्राज्य स्थापित करने का लक्ष्य बना रहा था।

पिछले हफ्ते तेहरान में फलस्तीन सम्मेलन में अफगान अंतरिम विदेश मंत्री मुत्ताकी और पाकिस्तान के सीनेटर मुशाहिद हुसैन सैयद के

**अंतिम रूप**

> मुत्ताकी के अनुसार, पाकिस्तान तब पीछे हट गया जब दोनों पक्ष एक समझौते को अंतिम रूप देने के कगार पर थे।

बीच एक अनौपचारिक आदान-प्रदान के दौरान, तालिबान नेता ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान और टीटीपी के बीच अधिकांश मुद्दों को 2022 में हल कर लिया गया था। उन्होंने तर्क दिया कि विवाद का एकमात्र मुद्दा पूर्व संघीय प्रशासित जनजातीय क्षेत्रों (एफएटीए) के विलय के बारे में था।

मुत्ताकी के अनुसार, पाकिस्तान तब पीछे हट गया जब दोनों पक्ष एक समझौते को अंतिम रूप देने के कगार पर थे। हालांकि, इस



मामले से परिचित इस शीर्ष रैंकिंग पाकिस्तानी अधिकारी ने मुत्ताकी के बयान को बेतुका बताते हुए खारिज कर दिया और कहा कि अफगान राजनयिक की बात में सच्चाई की कमी है। अधिकारी ने इस विषय की संवेदनशीलता के कारण नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि टीटीपी की अनुचित और असंवैधानिक मांगों के कारण बातचीत सफल नहीं हुई। साथ ही उन्होंने दावा किया कि बातचीत की आड़ में आतंकवादी समूह कबायली इलाकों के कुछ हिस्सों को नियंत्रित करने की कोशिश में लग गया था। द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा गतिरोध के लिए अफगान तालिबान सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए अधिकारी ने कहा कि क्या हमें अपना क्षेत्र इन आतंकवादियों को सौंप देना चाहिए, बिल्कुल नहीं।

### भुखमरी के कगार पर गाजा की जनसंख्या

**गाजा।** युद्ध की विभिषिका झेल रही गाजा पट्टी की जनसंख्या भुखमरी के कगार पर पहुंच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही युद्धविराम नहीं हुआ तो हालात बद से बदतर हो जाएंगे। विश्व स्वास्थ्य संगठन का दावा है कि गाजा में हालात इस कदर खराब हैं कि वहां के 36 अस्पतालों में से महज 15 ही आधी-अधूरी सुविधाओं के साथ काम कर रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के चीफ टेड्रोस गैब्रेसिस ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील की है कि गाजा में युद्धविराम के लिए तुरंत कदम उठाए जाएं वरना गाजा में गंभीर मानवीय संकट पैदा हो सकता है। फिलहाल गाजा में भुखमरी और गंभीर बीमारियां फैलने का खतरा मंडरा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि गाजा में लोग उनके राहत सामग्री के काफिले को लूट रहे हैं।

## इंडोनेशिया में रोहिंग्याओं को शरण देने पर भड़के छात्र बोले- ये लोग बिन बुलाए आए, तुरंत वापस भेजो

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में म्यांमार के रोहिंग्या शरणार्थियों का जमकर विरोध हो रहा है। इंडोनेशिया

**दुर्व्यवहार**

> पश्चिमी म्यांमार में रहने वाले रोहिंग्या भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना कर रहे हैं।

यूनिवर्सिटी के छात्रों की भीड़ ने पश्चिमी शहर बांदा आचे में रोहिंग्याओं के एक अस्थाई आश्रय पर धावा बोल दिया। उन्होंने इन शरणार्थियों के निर्वासन की मांग की। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि पुलिस ने बहुत मुश्किल से इन लोगों से रोहिंग्या शरणार्थियों को बचा पाया। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आ रहा है, जिसमें देखा जा सकता है कि कई छात्र हरे रंग की जैकेट पहने हुए हैं और एक इमारत के बड़े बेसमेंट में भाग रहे हैं। वहीं रोहिंग्या पुरुषों, महिलाओं और बच्चों



की भीड़ फर्श पर बैठी है और डर के मारे रो रही है। फिलहाल, इस घटना पर शहर की पुलिस का कोई बयान नहीं आया है।

बुधवार की घटना में शरणार्थियों को बाहर ले जाते और उन्हें ट्रकों में लादते देखा जा सकता है। कुछ निवासी अपना सामान प्लास्टिक की थैलियों में अपने साथ ले जाते दिखे। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने हमले पर चिंता जताई। उन्होंने बेहतर सुरक्षा का आह्वान किया। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि भीड़ ने पुलिस घेरा तोड़कर 137 शरणार्थियों को जबरन दो ट्रकों में भरा और उन्हें दूसरे स्थान पर ले गए। इस घटना ने शरणार्थियों में खौफ भर दिया है।

छात्रों ने मांग की कि शरणार्थियों को स्थानीय आव्रजन (इमीग्रेशन) ऑफिस ले जाया जाए और फिर उन्हें निर्वासित किया जाए। प्रदर्शनकारी छात्र इन्हें बाहर निकालने के नारे लगा रहे थे। एजेंसी ने कहा कि यह घटना ऑनलाइन गलत जानकारी और हेट स्पीच के बाद हुई है। लेकिन आखिर रोहिंग्या इंडोनेशिया में कहां से आ गए।

पश्चिमी म्यांमार में रहने वाले रोहिंग्या भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना कर रहे हैं। इस कारण वह अपना देश छोड़ने को मजबूर हैं। रोहिंग्या आसपास के देशों में शरण ले रहे हैं। मुस्लिम बाहुल्य इंडोनेशिया और मलेशिया के अलावा फिलिपींस, बांग्लादेश और भारत में भी रोहिंग्या मुस्लिम रहते हैं। यह समुद्री मार्ग से भी दूसरे देशों में पहुंचते हैं। अप्रैल से नवंबर में जब समुद्र शांत रहता है, तब यह नाव से यात्रा करते हैं।

रोहिंग्या की वृद्धि के लिए इंडोनेशिया के वर्तमान राष्ट्रपति जोको विडोडो ने मानव तस्करी को जिम्मेदार बताया। वहीं, एजेंसी के आंकड़े के मुताबिक नवंबर से अब तक 1,500 से ज्यादा रोहिंग्या इंडोनेशिया में आ चुके हैं, जो वर्षों में सबसे बड़ी संख्या मानी जा रही है।

## निज्जर हत्याकांड में दो संदिग्धों को जल्द गिरफ्तार कर सकती है कनाडा पुलिस, रिपोर्ट में बड़ा दावा

**ओटावा।** भारत और कनाडा के बीच विवाद का विषय बने हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि कनाडा पुलिस हफ्ते भर में निज्जर हत्याकांड से जुड़े दो संदिग्धों को गिरफ्तार कर सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि दोनों कथित संदिग्ध फिलहाल पुलिस सर्विलांस पर हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है।

कनाडा के मीडिया ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि दोनों संदिग्धों ने निज्जर की हत्या के बाद से ही कनाडा नहीं छोड़ा है और उसके बाद से ही पुलिस उन पर नजर रखे हुए है। जांच टीम ने मीडिया रिपोर्ट्स की जानकारी होने की बात कही लेकिन इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। बता दें कि बीते जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया



प्रांत में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने सितंबर में कनाडा की संसद में बयान जारी कर आरोप लगाया था कि निज्जर की हत्या में भारत के एजेंट्स का हाथ है। भारत ने कनाडा के आरोपों को बेबुनियाद बताकर खारिज कर दिया था। इस घटना के बाद दोनों देशों के रिश्तों में भी तनाव आ गया है। बुधवार को कनाडा की पुलिस ने बताया कि जब आरोप तय हो जाएंगे, उसके बाद निज्जर हत्याकांड में कथित संदिग्धों की संलिप्तता के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। निज्जर हत्याकांड पर बीते दिनों भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने राज्यसभा को बताया कि कनाडा ने अभी तक कोई पुख्ता सबूत नहीं दिए हैं।

# सपा कार्यकर्ता मिलकर भाजपा को हटायेंगे: राकेश मौर्या

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** बृहस्पतिवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या का जिले में प्रथम आगमन पर सपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा कई जगह पर जोरदार स्वागत हुआ। पार्टी जिला कार्यालय पर पहुंचे भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम निवर्तमान जिला अध्यक्ष डॉ अवधनाथ पाल ने जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या को माल्यार्पण, समाजवादी टोपी पहनाकर एवं पार्टी का झंडा देकर पद ग्रहण कराया। स्वागत समारोह को संम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या ने कहा कि जिस आशा उम्मीद से समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने हमारे जैसे छोटे से कार्यकर्ता को जिले की कमान सौपी है मै उसे पूरी निष्ठा ईमानदारी से अपने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पूरा करने का काम करेंगे । समाजवादी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जिसमें कार्यकर्ताओं का सबसे ज्यादा सम्मान है मेरी प्रथम प्राथमिकता कार्यकर्ता हैं उनके मान सम्मान के खिलाफ कोई खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं करेंगे , मेरे लिए बूथ का कार्यकर्ता ही सबसे बड़ा नेता है कार्यकर्ताओं के बदौलत ही कठिन से कठिन चुनाव को जीता जा सकता है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए हम सभी कार्यकर्ता मिलकर भाजपा को हटायेंगे। देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। उत्तर प्रदेश में महिलाएं और बच्चियां दुष्कर्म की शिकार सबसे ज्यादा हो रही है। किसान, व्यापारी, नौजवान, छात्र, मजदूर सभी परेशान है। भाजपा सरकार की नीतियां पूंजीपरस्त है।

मौर्य ने कहा कि पीडीए ही भाजपा के एनडीए को हरायेगा। पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक भाजपा सरकार में सबसे ज्यादा उपेक्षित और प्रताड़ित है। अन्याय और अत्याचार भी इसी पीडीए पर हो रहा है। भाजपा सरकार द्वारा नौकरी में आरक्षण खत्म करने की नीयत से आउटसोर्सिंग से भर्ती की जा रही है। रोजगार छीना जा रहा है। समाजवादी पार्टी जातीय जनगणना कराने की मांग हमेशा से करती आ रही है परन्तु भाजपा सरकार जातीय जनगणना नहीं कराना चाहती है। जातीय जनगणना से सबको समानुपातिक हक और सम्मान मिलेगा स्वागत समारोह में मुख्य रूप से विधायक तूफानी सरोज, लकी यादव, पूर्व विधायक लल्लन प्रसाद यादव, शैलेंद्र यादव ललई, लालबहादुर यादव, राजनरायण बिन्द, दीपचंद सोनकर, राजबहादुर यादव, यशवंता यादव, डा0शरफराज, संजय सरोज, हिसामुद्दीन शाह, राजन यादव, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, राहुल त्रिपाठी, रुक्सार अहमद, डा0 जितेन्द्र यादव, श्याम बहादुर पाल, प्रभाकर मौर्या दीपचंद राम, राजेन्द्र यादव, नीरज पहलवान, विरेन्द्र यादव, कमाल आजमी गप्पू मौर्या, मनोज मौर्या भानुप्रताप यादव, गुड्डू सोनकर,दीलिप प्रजापति, दिनेश फौजी, राजवीर यादव ऋषि यादव, गौरी सोनकर, पंकज मिश्रा, भारत यादव, अनील दूबे, निजामुद्दीन अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी, कलीम अहमद, तारा त्रिपाठी, शबनम नाज,र ना यादव, अमित यादव आदि स्वागत समारोह की अध्यक्षता डा0अवधनाथ पाल ने किया संचालन आरीफ हबीब ने किया।

# परिषदीय विद्यालयों भी हो गए आधुनिकः डॉ. हरेंद्र

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (जफराबाद)।** परिषदीय विद्यालयों को अब आधुनिक बना दिया गया है।बच्चो को लगता है वह भी प्राइवेट स्कूल में शिक्षा ले रहे है। यह बदलाव दिख भी रहा है। यह बातें गुरुवार को सिरकोनी ब्लॉक के कम्पोजिट पी एम श्री विद्यालय नाथुपुर के वार्षिकोत्सव के मौके पर बोलते हुए पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह ने कही।

उन्होंने कहा कि अब परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान सरकार ने कायाकल्प करने का काम किया है। आज शिक्षा के साथ साथ बच्चों को सभी व्यवस्था दी जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ गोरखनाथ पटेल ने कहा कि पी एम श्री विद्यालय के तहत इस विद्यालय के भवन के लिए धन मिलेगा।यहां कि व्यवस्था आधुनिक होगी। इंटर तक कि कक्षाएं चलेंगी।

सरकार ने जिले के सभी ब्लॉकों में एक पी एम श्री विद्यालय बनाने का आदेश दिया है।यह विद्यालय सिरकोनी ब्लॉक में चयनित हुआ है।कार्यक्रम को लेखाधिकारी दीपक कुमार सिंह,जितेंद कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ गोरखनाथ पटेल तथा संचालन रामदुलार यादव ने किया। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चो की खोखो प्रतियोगिता हुई तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये।इसके पूर्व कार्यकम की शुरुआत में अतिथियों ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वल्लित किया।उसके उपरांत अतिथियों का अरविंद शुक्ला, लक्ष्मीकांत सिंह,शिवेंद्र सिंह रानू,लाल साहब यादव,संतोष सिंह, राकेश पांडेय आदि ने माल्यर्पण किया। इस मौके पर बीईओ अमरेश सिंह,राजेश सिंह,जयप्रकाश यादव,दुष्यंत मिश्रा, प्रशांत मिश्र आदि मौजूद रहे।

# प्रशस्ति पत्र पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**सीएसडी स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता का समापन**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** सीएसडी इंटरनेशनल स्कूल में तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा 12 तक के बच्चों ने विभिन्न खेलों में हिस्सा लिया। कबड्डी, खो-खो, रस्साकशी, क्रिकेट ,दौड़, वॉलीबॉल व गोला फेंक आदि खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि थाना प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने प्रशस्ति पत्र ,शील्ड व मेडल देकर सम्मानित किया।दौड़ में अनामिका ,संध्या ,आर्या व बालकों में आदित्य अनुज कुलदीप सिंह अपने अपने वर्ग में जीत हासिल की।बेस्ट प्लेयर अवॉर्ड अनुज पटेल, परिधि ,अंजलि राजा बिन्द व प्रियांशु को दिया गया। सीनियर कबड्डी बालिका बालिकाओं में येलो हाउस, रस्साकशी में रेड हाउस, खो खो में रानी लक्ष्मीबाई, गोला फेक में विकास पाल की टीम विजेता रही। खिलाड़ियों को मैनेजिंग डायरेक्टर सुषमा कुशवाहा ने सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में अनुज प्रजापति, ऋषि राज, आशीष,स्पर्श, सारांश, कोमल, खुशी ,प्रिया, रागिनी, एकता ,साक्षी, अनामिका, संध्या व अनुष्का को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर मौर्या तथा संचालन संदीप व सुशील पांडेय ने किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य धनंजय दुबे, अभिषेक मिश्रा, सुभाष चंद्र, काजल मौर्य, रितिका गुप्ता, प्रिया शर्मा, स्वती मिश्रा, रश्मि त्रिपाठी, व खुशबू सिंह आदि लोगों ने खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने में सहयोग किया।

## निजामाबाद में छात्र-छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**आजमगढ़।** निजामाबाद स्थानीय कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय जनता इंटर कॉलेज निजामाबाद में जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो कस्बे के विभिन्न मार्गो से होते हुए विद्यालय प्रांगण में खत्म हुई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने ष्प्रजातंत्र से नाता है भारत के मतदाता हैं के नारो के साथ तथाष्उम्र 18 पूरी है मत देना बहुत जरूरी है ष्का नारा लगाते रहे। रैली का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य शौकत अली सिद्दीकी ने किया। तथा रैली की अगुवाई नोडल अधिकारी गणेश राम सोनकर ने किया। रैली के समापन के बाद बच्चों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रवक्ता एवं उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय कुमार सिंह ने कहा कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है तथा सभी छात्र छात्राएं जिनकी उम्र 18 वर्ष है उन्हें मतदाता अवश्य बनना चाहिए।

# डायलसिस सिस्टम व भूकंप माडल में किया प्रभावित

**मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी सिकरारा में आयोजित विज्ञान, प्रदर्शनी में छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का मनवाया लोहा**

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (सिकरारा)** मां शारदा इंटरमीडिएट बालिका विद्यालय खानापट्टी पर गुरुवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्राओं ने विज्ञान से संबंधित एक से बढ़कर एक माडल प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। छात्राओं द्वारा बनाया गया चंद्रयान टू, रक्त डायलसिस, सोलर सिस्टम, पर्यावरण संरक्षण, यातायात जागरूकता से संबंधित माडल के माध्यम से लोगो को जागरूक किया।

प्रतियोगिता में आठ दर्जन से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्वतारोही जितेंद्र प्रताप, महेंद्र प्रताप, गोविंदानंद व अवध बिहारी पाल के साथ थानाध्यक्ष राजाराम द्विवेदी ने छात्राओं के हुनर को जमकर सराहा। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि छात्राओं के वैज्ञानिक सोच का विकास वक्त की जरूरत है। इसके लिए विद्यालयों में इस तरह का आयोजन बहुत जरूरी है। माउंट एवरेस्ट पर रिकार्ड बनाने वाले पर्वतारोही अतिथियों ने कार्यक्रम की जमकर सराहना करते हुए पर्यावरण प्रदूषण व ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक किया। विशिष्ट अतिथि होमियोपैथी के प्रख्यात चिकित्सक डा. दुष्यंत कुमार सिंह ने कहा कि छात्राओं में अगर विज्ञान के प्रति लगाव होगा तो आगे चलकर वह अपनी इस प्रतिभा से समाज के लिए बहुत कुछ कर सकते है। विद्यालय के प्रबंधक जगदीश नारायण सिंह ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह, शाल व बुके देकर स्वागत किया।

इस अवसर पर रामचंद्र सिंह, श्रवण यादव, दिलीप सिंह, सुशील सिंह, अजय जायसवाल, राजकुमार जायसवाल, कार्तिकेय प्रजापति, राहुल यादव, बृजेश यादव, अंजनी उपाध्याय, जितेंद्र सिंह, कविता सिंह, अर्चना सिंह, दामिनी सिंह, विवेक मिश्र, मो. असलम, अतुल गौड़, यशवंत यादव, सौरभ सिंह, प्रवीन सिंह ने सक्रिय भूमिका निभाई। संचालन प्रधानाचार्य शरद सिंह व आभार प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अमित सिंह ने ज्ञापित किया।

# कुंभ नगरी में सेतुओं का जाल बिछा रही डबल इंजन की सरकार

**काशी को प्रयागराज से जोड़ने के लिए गंगा नदी पर 337 करोड़ की लागत से बन रहा रेलवे पुल तैयार**

**नए साल में कुंभ नगरी के रेल यात्रियों के लिए मिली एक और सौगात**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुम्भ के आयोजन को दिव्य और भव्य बनाने के लिए योगी सरकार की तरफ से की जा रही तैयारियां जोरों पर हैं। प्रशासन का अनुमान है कि इस बार महाकुम्भ में 43 करोड़ से अधिक लोग कुंभ नगरी आएंगे । देश भर के कोने-कोने से आने वाले इन श्रद्धालुओ और पर्यटकों को पहुचने में असुविधा न हो इसके लिए सरकार सड़क और रेल परिवहन की सर्वोत्तम व्यवस्था करने में जुटी है। आवागमन सुगम करने के लिए जिले में सेतुओं का जाल बिछाया जा रहा है। प्रयागराज जिले में रेलमार्ग को सुगम बनाने के लिए सेतु निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है। प्रयागराज - वाराणसी रेल मार्ग में गंगा नदी पर पुल का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। रेल विकास निगम लिमिटेड इसका निर्माण कर रही है। रेल विकास निगम लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर विनय अग्रवाल के मुताबिक सेतु में कुल 24 स्पैन स्थापित किए जाने हैं जिसमें 23 स्पैन लगाने का काम का पूरा हो चुका है। उन्होंने यह भी बताया कि बचे हुए कार्य को इसी साल दिसंबर में पूरे कर लिया जाएंगे। नए साल में यह रेल परिवहन के लिए तैयार हो जाएगा। गौरतलब है कि प्रयागराज रामबाग-वाराणसी रेल खंड के दोहरीकरण कार्य में इस गंगा पुल का अहम योगदान है जिसकी यह हम कड़ी है। इसमें 337 करोड़ के आसपास की लागत आएगी।

## स्थानीय लोगों के आवास के बचाव के साथ सुविधा को तरजीह

**प्रयागराज।** प्रयागराज को वाराणसी से रेल मार्ग से जोड़ने के लिए वर्ष 1909 में झूंसी और दारागंज के बीच गंगा नदी में पुराना पुल बनवाया गया था। अंग्रेज अफसर आइजेट की देखरेख में इस पुल का निर्माण हुआ था जिसकी वजह से इस पुल को आइजेट पुल के नाम से भी जाना जाता है। पहले इस पुल पर मीटर गेज लाइन थी, बाद में इसे ब्रांड गेज में तब्दील किया गया। लेकिन योगी सरकार ने इसके दोहरीकरण को लेकर केंद्र सरकार से विमर्श किया जिसके बाद वाराणसी- प्रयागराज रूट का दोहरीकरण होने की वजह से इस पुल का निर्माण शुरू हुआ है। सरकार ने इसके निर्माण में भी दारागंज में वर्षों से रह रहे लोगों के आवास बचाने का पूरा प्रयास किया है। इसकी वजह से रेलवे ने बीच का रास्ता निकाला है जिसके अंतर्गत रेलवे द्वारा दारागंज साइड में पुराने रेल पुल से नए रेल पुल को तकरीबन 120 मीटर दूर बनाया जा रहा है।

यह नया पुल झूंसी साइड में पुराने रेल पुल से तकरीबन 55 मीटर दूर है, जबकि अब दारागंज साइड में यह पुल अब तकरीबन 120 मीटर दूर हो जाएगा। अगर दारागंज साइड में भी यह पुल 55 मीटर दूर होता तो वहां तमाम लोगों के आवास तोड़ने पड़ते। लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। ऐसा करने से वहां कई आवास ध्वस्त होने से बचाए जा सकेंगे। इस पुल से आने वाले रेल ट्रैक को परेड ग्राउंड से निकालते हुए दारागंज-प्रयागराज रामबाग लाइन में मिलाया जाएगा।

# मंडलायुक्त ने विभिन्न मत देय स्थलों का किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की**

**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत निर्वाचन नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जनपद प्रयागराज के विभिन्न मत देय स्थलों का आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। सर्वप्रथम मेरी लूकस स्कूल स्थित मत देय स्थल जा कर वहां भरे जा रहे फार्म 6,7 एवं 8 का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को नाम जोड़ने, हटाने तथा संशोधन की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान देते हुए उसका सत्यापन करने के निर्देश दिया। तत्पश्चात उन्होंने पब्लिक मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल 4th पीएसी बटालियन पर बनाए गए मत देय स्थल का भी निरीक्षण किया तथा वहां पर संबंधित अधिकारियों को किसी भी दशा में अधूरे फार्म न लेने के निर्देश दिए।

इसी क्रम में उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित संगम सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की जिसमें कुछ मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। मंडलायुक्त ने प्रतिनिधियों से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 में प्रयोग में लायी जाने वाली मतदाता सूची का अवलोकन कर उसमें अपेक्षित संशोधन करने में सहयोग करने को कहा।

## 6 साल के मासूम की सिर कूंच कर हत्या



**प्रयागराज।** यमुनानगर के औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र के बड़ी हल्दी गांव में एक मासूम का सिर कूंच कर हत्या कर दी गई। उसका शव घर के पीछे स्थित एक तालाब के किनारे मिला। वह बुधवार की शाम को घर के सामने खेलते हुए गायब हो गया था। घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र थाना के बड़ी हल्दी गांव निवासी कामरान का आठ वर्षीय बेटा तमीम उर्फ बाबू बुधवार शाम को घर के सामने खेलते-खेलते कहीं लापता हो गया था।

# श्री विश्वकर्मा पूजन एवं विशाल मिलन समारोह का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद के मुख्यालय स्थित प्राचीन श्री विश्वकर्मा मंदिर के सामने सिंहासिनी वाटिका में विश्वकर्मा पूजन एवं विशाल मिलन समारोह का आयोजन शिल्प अनुसंधान एवं विकास संस्थान, लखनऊ तथा आजमगढ़ एवं मऊ जनपद की मंदिर समितियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर अति विशिष्ठ अतिथियों में पूर्व मंत्री डा0 कष्णा मुरारी विश्वकर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष कष्णा पाल, लालगंज के जिलाध्यक्ष सूरज श्रीवास्तव, अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा0) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित राजेन्द्रनाथ त्रिपाठी, अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगवती प्रसाद शर्मा, भारतीय सबका दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर दयाल सिंह सेठ आदि लोगों ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक डा0राजेश विश्वकर्मा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के निर्वाण दिवस, पूर्व राष्ट्रपति ज्ञानी जैल सिंह के स्मष्ति दिवस एर्वं इंजी0रामनयन शर्मा के देवलोक गमन दिवस पर सन् 2020 प्रति वर्ष से 24 दिसम्बर को अनेकों शिविर लगाकर व भण्डारा आयोजित करके तीनों महान विभूतियों को याद किया जाता है। उक्त कार्यक्रम में प्रधानमन्त्री विश्वकर्मा योजना के जिला उद्योग विभाग के शिविर का उद्घाटन जिला विकास अधिकारी संजय सिंह एवं आक्सीजन मैन के नाम से प्रसिद्ध कोरोना काल में निःशुल्क आक्सीजन उपलब्ध कराकर लोगों की सहायता करने तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमन्त्री जी से सम्मानित फैक्ट्री के प्रबन्धक रामप्यारे विश्वकर्मा जी ने दीप प्रज्जवलन से किया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा का पूजन व हवन तथा प्रवचन राजेश्वराचार्य महाराज एवं आचार्य अमरनाथ शर्मा ने सम्पन्न कराया।

# बच्चों को साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर में साइबर अपराध पर संगोष्ठी का आयोजन को सेन्ट्रल पब्लिक स्कूल, जाफरपुर में ''साइबर अपराध'' पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में पुलिस विभाग की साइबर सेल शाखा की ओर से मोहम्मद अबुसाद अहमद (उपनिरीक्षक, साइबर प्रभारी), राहुल सिंह (साइबर कॉप) एवं मुकेष भारती (साइबर कॉप) की उपस्थिति में विद्यालय के प्रांगण में छात्र-छात्राओं को साइबर द्वारा हो रहे साइबर अपराध पर विस्तारपूर्वक प्रकाष डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार विभिन्न माध्यमों जैसे फेसबुक, व्हाट्सऐप, इंस्टाग्राम, ई-मेल, मीषो, अमेजन, फ्लिपकार्ट इत्यादि से साइबर ठगी के अपराधों को अंजाम दिया जाता है और किस प्रकार इन अपराधों के प्रति सचेत रह कर बचा जा सकता है। साथ ही साइबर अपराध हो जाने पर टोल फ्री नं0 1930 पर अथवा बलइमतबतपउमण्हवअण्पद पर सवहपद के माध्यम से अथवा पुलिस साइबर शाखा से सीधे सम्पर्क कर षिकायत दर्ज करायी जा सकती है से अवगत कराया तथा छात्र-छात्राओं को विषेष रूप से मोबाइल द्वारा उपर्युक्त ऐप प्रयोग न करने की और अति आवष्यकता होने पर बहुत ही सावधानी से प्रयोग करने की सलाह दी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक जनाब नवाज़ अहमद ख़ान ने सभी छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध के विभिन्न प्रारूपों को बताया और उससे बचने एवं सचेत रहने की सलाह दी ताकि भविष्य में होने वाले साइबर अपराध से बचा जा सके। इस संगोष्ठी में सभी अध्यापकगण भी उपस्थित रहे।

# पांच लाख के इनामी अरमान बिहारी का मकान कुर्क

**उमेश पाल हत्याकांड के बाद से चल रहा है फरार**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उमेश पाल हत्याकांड मामले में फरार चल रहे पांच लाख के इनामी शूटर अरमान के मकान को बृहस्पतिवार को पुलिस ने कुर्क कर दिया। सिविल लाइंस इलाके में स्थित अरमान के मकान को पुलिस ने मुनादी कराने के बाद कुर्क किया। पूरी कार्रवाई की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई। इस दौरान कई थानों की पुलिस के साथ ही अतिरिक्त फोर्स को तैनात किया गया था। मूल रूप से बिहार के गया का रहने वाला अरमान शहर के सिविल इलाके में पैलेस सिनेमा के पीछे अपनी बुआ के घर रहता था। वह अतीक अहमद का खास गुर्गा था। उमेश पाल की हत्या के दौरान वह ताबड़तोड़ गोलियां चलाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ था। घटना के बाद से ही वह फरार हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई सुराग न लगने पर उसके ऊपर पांच लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कई राज्यों में तलाश के बाद भी वह पुलिस के हाथ नहीं लग सका है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने उसके मकान को कुर्क कर दिया। ज्ञात हो कि 17 सितंबर 2017 को उसने नफीस के इशारे पर ही एक दुस्साहसिक वारदात की थी। उसने सिविल लाइंस में दिनदहाड़े हत्या की नीयत से सोडा पानी विक्रेता रंजीत कुमार सोनकर पर गोली चला दी थी। बहुगुणा मार्केट निवासी रंजीत दोपहर एक बजे के करीब कामधेनु स्वीट्स के पास अपनी दुकान पर था। आरोप है कि तभी वहां अरमान व 5-6 अन्य लोगों संग पहुंचे नफीस ने कट्टा सटाकर गालीगलौज करते हुए पहले उसे जमकर पीटा। इसके बाद अरमान ने गोली चला दी। दिनदहाड़े हुई इस घटना से सनसनी फैल गई थी। इस मामले में भुक्तभोगी की पत्नी प्रीति की तहरीर पर सिविल लाइंस पुलिस ने हत्या के प्रयास व एससी एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया। बाद में तत्कालीन सीओ सिविल लाइंस श्रीश चन्द्र ने इस मामले में दोनों के खिलाफ चार्जशीट भी लगाई। शूटर अरमान को नफीस ने ही अतीक गैंग में शामिल कराया। उसने ही उसे पहले अशरफ से मिलवाया। धीरे-धीरे वह अशरफ का भरोसा जीतकर उसका खास बन गया।

## तेजस्वनी व काजल का उत्तर प्रदेश स्कूल वॉलीबाल टीम में चयन

**प्रयागराज।** प्रयागराज महानगर की दो बालिकाओं का चयन उत्तर प्रदेश स्कूल की अंडर-17 व अंडर-14 वॉलीबाल टीम में हुआ है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन, प्रयागराज के महासचिव आर.पी. शुक्ला ने बताया कि जिला वॉलीबाल संघ की संबद्ध इकाई जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्रा तेजस्वनी शुक्ला का चयन उत्तर प्रदेश स्कूल की अंडर-17 बालिका वॉलीबाल टीम में किया गया है। जो कि तमिलनाडु में 26 से 30 दिसंबर 2023 तक आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय स्कूल बालिका वॉलीबाल चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा इंटर मीडिएट सन 1987 अनुक्रमांक संख्या 528259 है। जिसका अंक पत्र व मूल प्रमाण पत्र वास्तव में खो गया है।

**बृजेश नारायण सिंह**
**स्व जमादार सिंह**
**सुरहुरपुर सिरकोनी**
**जौनपुर (उ0 प्र 0)**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य अभियंता/कंक्रीट स्लीपर प्लांट, उत्तर रेलवे, खालिसपुर–वाराणसी द्वारा ई–टेंडर संख्या–सी.एस.पी.–के.एस.एफ._06_2023–24 दिनांक 28.12.2023 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा आमंत्रित किया जाता है जो दिनांक 22.01.2024 समय 15:00 बजे तक प्राप्त किए जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेंडर नं. | सी.एस.पी._के.एस.एफ._06_2023–24 दिनांक 28.12.2023 समय 15:36 बजे | | |
| कार्य का नाम | कंक्रीट स्लीपर प्लांट–उ०रे०, खालिसपुर–वाराणसी के अंतर्गत विशेष पी.एस.सी. स्लीपरों बी.जी. 60 के.जी. (यू.आई.सी.) एवं वाईडर बेस के लेविल क्रॉसिंग, गार्ड रेल, शार्प कर्व, स्कैटर्ड एवं नॉन स्टैंडर्ड टर्न आउट स्लीपरों के उत्पादन से संबंधित विभिन्न कार्य कलापों के संपादन का कार्य जिसमें स्ट्रेस बेंचों को तैयार करने, कॉस्टिंग, क्यूरिंग, टेस्टिंग, लीकिंग, डीलीकिंग, लोडिंग प्वाइंट तक ढुलाई और बी. एफ.आर./ट्रकों इत्यादि पर लदाई, जैसा कि निविदा में दिये कार्य–मानक में विवरण दिया गया है, का कार्य शामिल है, का कंक्रीट स्लीपर प्लांट–उ०रे०, खालिसपुर–वाराणसी संपादन कार्य। | | |
| मात्रा | शेड्यूल के अनुसार | टेंडर फॉर्म की लागत | 0.00 |
| टेंडर क्लोसिंग दिनांक/समय | 22.01.2024 को 15:00 बजे | | |
| अनुमानित लागत | ₹1,60,56,533.40 | धरोहर राशि | ₹2,30,300.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 24 माह | | |

नोटः ई–प्रोक्योरमेंट टेंडर से ऊपर के डॉक्यूमेंट की पूरी जानकारी के साथ वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

टेंडर नं.: सी.एस.पी._के.एस.एफ._06_2023–24 दिनांक 28.12.2023 4072/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# शेयर बाजार में ऑल टाइम हाई का सिलसिला बरकरार

# सेंसेक्स 371 अंक चढ़ा, निफ्टी 21750 के पार

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार के ऑल टाइम हाई पर पहुंचने का सिलसिला मंथली एक्सपायरी के दिन

**विकास**

**लाल सागर के मुद्दे पर सकारात्मक प्रगति और एफआईआई प्रवाह में बदलाव के कारण बाजार फिर नई ऊंचाई पर पहुंच गया।**

भी जारी रहा। हफ्ते के तीसरे करोबारी दिन सेंसेक्स 371.95 (0.51%) अंकों की बढ़त के साथ पहली बार 72,410.38 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 123.96 (0.57%) अंकों की मजबूती के साथ पहली बार 21,778.70 अंकों पर पहुंचकर बंद होने में सफल रहा। सोमवार को शेयर बाजार में क्रिसमस की छुट्टी के कारण कारोबार नहीं हुआ था। गुरुवार के



कारोबारी सेशन के दौरान सबसे ज्यादा खरीदारी ऑटो, एफएमसीजी, फार्मा, मेटल और पीएसयू बैंकिंग शेयरों में दिखा। वहीं आईटी सेक्टर के शेयरों में इस दौरान बिकवाली दिखी। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 701 अंकों की उछाल के साथ पहली बार 72,038 के स्तर पर पहुंचा था। अंतरबैंकिंग विदेशी मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया डॉलर के मुकाबले 17 पैसे की बढ़त के साथ 83.17 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट तथा विदेशी कोषों के ताजा निवेश से बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुए। कारोबारियों के अनुसार ऊर्जा, धातु और एफएमसीजी कंपनियों के शेयरों में भारी खरीदारी से बाजार में तेजी आई। गुरुवार के कारोबार के दौरान सेंसेक्स 445.91 अंक या 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,484.34 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का एनएसई निफ्टी कारोबार के दौरान यह 146.7 अंक या 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,801.45 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा। गुरुवार को बेंचमार्क सूचकांक ने अपनी बढ़त बनाए रखी। लाल सागर के मुद्दे पर सकारात्मक प्रगति और एफआईआई प्रवाह में बदलाव के कारण बाजार फिर नई ऊंचाई पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमत 80 डॉलर से नीचे आने से तेल और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में भी व्यापक खरीदारी दिखी। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, फेडरल रिजर्व द्वारा अगले साल ब्याज दरों में और अधिक कटौती की उम्मीद से एशियाई बाजार में भी तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, नेस्ले, टाटा मोटर्स, आईटीसी, भारती एयरटेल और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर लाभ में रहे। इसके विपरीत लार्सन एंड टुब्रो, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही। एशियाई बाजारों में सियोल, शंघाई और हांगकांग लाभ के साथ बंद हुए, जबकि टोक्यो गिरावट के साथ बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में मामूली गिरावट रही। अमेरिकी बाजार बुधवार को हरे निशान पर बंद हुए। इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.73 प्रतिशत गिरकर 79.07 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को लगातार बिकवाली के बाद 2,926.05 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। पिछले सत्र में सेंसेक्स 701.63 अंक या 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,038.43 अंक पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 213.40 अंक या एक प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,654.75 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर बंद हुआ था।

## सचिन के मास्टरस्ट्रोक ने किया मालामाल, कमाई में आईपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी भी पिछड़े

**नई दिल्ली।** मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने आईपीएल ऑक्शन के दौरान सबसे महंगे बिकने वाले आस्ट्रेलियाई पेसर माइकल स्टार्क को पीछे छोड़ दिया है। दरअसल माइकल स्टार्क के लिए आईपीएल ऑक्शन के दौरान 24.75 करोड़ रुपये की बोली लगी थी, पर अब क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने अपने महज एक फैसले से महज नौ महीनों में 26.5 करोड़ रुपये कमाकर उन्हें भी पीछे छोड़ दिया है। सचिन ने यह कारनामा हैदराबाद स्थित एक कंपनी में निवेश कर किया है।

सचिन तेंदुलकर ने हैदराबाद की कंपनी आजाद इंजीनियरिंग में नौ महीने पहले पांच करोड़ रुपये का निवेश किया था। गुरुवार को जब आजाद इंजीनियरिंग के शेयरों की आईपीओ के बाद शेयर बाजार में लिस्टिंग हुई तो तेंदुलकर को अपने निवेश पर करीब 531त्न का जबरदस्त मुनाफा हुआ। आईपीओ की लिस्टिंग के बाद सचिन तेंदुलकर को कुल 26.5 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ और इस तरह उन्होंने आईपीएल के ऑक्शन में सबसे महंगे 24.5 करोड़ रुपये में बिके खिलाड़ी माइकल स्टॉर्क को मात दे दी है।

एयरोस्पेस कंपोनेंट और टर्बाइन बनाने वाली कंपनी आजाद इंजीनियरिंग के शेयर गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर 35 फीसदी प्रीमियम के साथ 710 के भाव पर लिस्ट हुए। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज पर शेयरों की लिस्टिंग 37.40 फीसदी की प्रीमियम के साथ 720 रुपये के भाव पर हुई।

कंपनी ने आईपीओ खुलने के दौरान शेयरों के लिए 499-524 रुपये का प्राइस बैंड तय किया था। ग्रे-मार्केट कंपनी के शेयर 60 फीसदी से ज्यादा उछाल के साथ ट्रेड कर करते दिखे थे। जिसके बाद इसकी शानदार लिस्टिंग की उम्मीद की जा रही थी।

इस साल छह मार्च को मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर ने कंपनी में करीब पांच करोड़ रुपये की इक्विटी खरीदी थी। कंपनी के आईपीओ के पहले स्टॉक स्प्लिट और बोन इश्यू के जरिए भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान ने 4,38,210 शेयर हासिल किए थे। उनकी ओर से किए गए शेयरों के अधिग्रहण की औसत लागत 114.1 रुपये प्रति शेयर थी। आगे जब कंपनी का 740 करोड़ रुपये का आईपीओ आया तो तेंदुलकर ने शेयरों को बनाए रखने का फैसला किया। आईपीओ के बाद शेयर बाजार में कंपनी के शेयरों की लिस्टिंग के दौरान मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर का यह फैसला मास्टरस्ट्रोक साबित हुआ।

एनएसई पर आजाद इंजीनियरिंग के शेयर 720 रुपये के भाव पर लिस्ट हुए, इस तरह निवेशकों को इश्यू प्राइस 524 रुपये प्रति शेयर के मुकाबले 37.4% का बड़ा मुनाफा हुआ। इस बंपर लिस्टिंग के कारण पांच करोड़ रुपये के सचिन तेंदुलकर के निवेश का मूल्य अब बढ़कर 31.5 करोड़ रुपये हो गया है।

## बैंकों का एनपीए पिछले कई वर्षों के निचले स्तर पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक टिप्पणी की है। आरबीआई ने कहा है कि मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था और घरेलू वित्तीय प्रणाली लचीली बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़त की संभवना बनी हुई है। केंद्रीय बैंक ने गुरुवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि बैंकों की शुद्ध गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) का अनुपात सितंबर 2023 के अंत में घटकर कई साल के निचले स्तर 0.8 प्रतिशत पर आ गया और देश की घरेलू वित्तीय प्रणाली लचीली बनी हुई है।

आरबीआई ने वित्तीय स्थिरता रिपोर्ट (एफएसआर) में कहा है, सितंबर 2023 में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) क्षेत्र के लचीलापन में सुधार आया है। इनका सीआरएआर 27.6 प्रतिशत, जीएनपीए अनुपात 4.6 प्रतिशत और संपत्ति पर रिटर्न (आरओए) 2.9 प्रतिशत रहा है।

आरबीआई ने कहा है कि बैंकों की सकल गैर-निष्पादित आस्तियां (जीएनपीए) अनुपात भी कई साल के निचले स्तर 3.2 प्रतिशत पर आ गया। यह रिपोर्ट वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद (एफएसडीसी) की उप-समिति के वित्तीय स्थिरता और भारतीय वित्तीय प्रणाली के लचीलेपन के जोखिमों पर सामूहिक मूल्यांकन को दर्शाती है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों (एससीबीएस) का पूंजी से जोखिम भारित संपत्ति अनुपात (सीआरएआर) और सामान्य इक्विटी टियर 1 (सीईटी 1) अनुपात सितंबर 2023 में क्रमशः 16.8 प्रतिशत और 13.7 प्रतिशत रहा।

## टाटा मोटर्स ने 100 स्टारबस ईवी के साथ बेंगलुरु के शहरी यातायात को इलेक्ट्रिफाई किया

**बेंगलुरु।** कमर्शियल वाहन बनाने वाली, भारत की सबसे बड़ी कंपनी टाटा मोटर्स ने बेंगलुरु मेट्रोपोलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन (बीएमटीसी) को टेक्नोलॉजी के मामले में आधुनिक स्टारबस ईवी की आपूर्ति की है। इस तरह टाटा मोटर्स ने बेंगलुरु में इलेक्ट्रिफाइड सार्वजनिक परिवहन को तेजी दी है। टाटा मोटर्स की एक सहायक कंपनी टीएमएल स्मार्ट सिटी मोबिलिटी सॉल्यूशंस लि. और बीएमटीसी के बीच अनुबंध के मुताबिकएक बड़े ऑर्डर के तहत, यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस अनुबंध के तहत 921 अत्याधुनिक 12-मीटर लो-फ्लोर इलेक्ट्रिक बसों की आपूर्ति, परिचालन एवं रख-रखाव 12 वर्षों की अवधि तक होना है। टाटा स्टारबस ईवी एक घरेलू नवाचार है, जिसे बीएमटीसी की गाड़ियों के पोर्टफोलियो में शामिल किया गया



है। इसका डिजाइन बेहतरीन है और इसमें श्रेणी के सबसे बढ़िया फीचर्स हैं, जोकि पर्यावरण के अनुकूल यात्रा एवं आरामदायक अनुभव देते हैं। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की पहलों को देखते हुए, शून्य-उत्सर्जन वालीयह इलेक्ट्रिक बसें अगली पीढ़ी के आर्किटेक्चर पर विकसित हुई हैं। यह बेंगलुरु शहर में सुरक्षित, आरामदायक और सुविधाजनक अंतः शहरी यात्रा के लिये आधुनिक बैटरी सिस्टम्स से पावर्ड हैं। टाटा मोटर्स की स्मार्ट इलेक्ट्रिक बस का उद्घाटन कर्नाटक के माननीय मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया ने किया। उनके साथ कर्नाटक के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री डी.के. शिवकुमार, कर्नाटक सरकार में परिवहन एवं मुजाराई के माननीय मंत्री और बीएमटीसी के चेयरमैन श्री रामालिंगा रेड्डी, शिवाजीनगर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायक श्री रिजवान अरशद, सुश्री कला कृष्णस्वामी, आईपीएस, डायरेक्टर (एस एण्ड वी), बीएमटीसी और सुश्री जी. सत्यवती, आईएएस, प्रबंध निदेशक, बीएमटीसी मौजूद रहे।

इस घोषणा पर अपनी बात रखते हुए, सुश्री जी. सत्यवती, आईएएस, प्रबंध निदेशक, बीएमटीसी ने कहा, ''हम शहर में टाटा की इलेक्ट्रिक बसों के प्रोटोटाइप ट्रायल्स की सफलता के बाद टाटा मोटर्स की अत्याधुनिक बसों को लाकर बहुत खुश हैं। इन इलेक्ट्रिक बसों का शानदार प्रदर्शन अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम करने और अपने नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिये बीएमटीसी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। यह बसें न सिर्फ पर्यावरण के अनुकूल परिवहन में योगदान देंगी, बल्कि शहर के आम लोगों के लिये आवाज से रहित और आरामदायक यातायात की पेशकश भी करेंगी।''

## हमारे ऊपर जीएसटी की कोई देनदारी नहीं, 402 करोड़ रुपये के जीएसटी नोटिस के बाद कंपनी ने दिया जवाब

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी फर्म जोमैटो लिमिटेड को डिलीवरी शुल्क वसूलने के मामले में 401.7 करोड़ रुपये की जीएसटी देनदारी का शोकॉज नोटिस जारी किया गया है। हालांकि, जोमैटो ने जोर देकर कहा कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी चार्ज डिलीवरी पार्टनर्स की ओर से लिया जाता है।

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि उसे जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय, पुणे क्षेत्रीय इकाई से केंद्रीय माल व सेवा कर कानून, 2017 की धारा 74 (1) के तहत 26 दिसंबर, 2023 को कारण बताओ नोटिस (एससीएन) मिला है। नोटिस में कंपनी को यह बताने को कहा गया है कि 29 अक्टूबर, 2019 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के लिए ब्याज और जुर्माने के साथ 401.7 करोड़ रुपये की वसूली क्यों नहीं की जाए।

हालांकि, जोमैटो ने जोर देकर कहा कि वह राशि का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है, क्योंकि डिलीवरी पार्टनर्स की ओर से डिलीवरी चार्ज लिया जाता है। कंपनी ने इसकी वसूली नहीं है। कंपनी ने कहा है, एससीएन में जिस राशि का जिक्र किया गया है वह राशि भागीदारों की ओर से ग्राहकों से डिलीवरी शुल्क के रूप में एकत्र की गई राशि है। जोमैटो ने कहा कि उसका मानना है कि वह किसी भी कर का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं है क्योंकि डिलीवरी चार्ज कंपनी द्वारा डिलीवरी भागीदारों की ओर से एकत्र किया जाता है।

इसके अलावा, पारस्परिक रूप से सहमत अनुबंध के नियमों और शर्तों को ध्यान में रखते हुए, डिलीवरी भागीदारों ने ग्राहकों को डिलीवरी सेवाएं प्रदान की हैं, न कि कंपनी को। इस बात की पुष्टि हमारे बाहरी कानूनी और कर सलाहकारों ने भी अपनी राय में की है। जोमैटो ने कहा कि कंपनी एससीएन पर उचित जवाब दाखिल करेगी।

## ज़िप्पो ने इस विंटर में फैशन एक्सेसरीज़ के ट्रेंड को अनलॉक किया

**नई दिल्ली।** आइकोनिक विंडप्रूफ लाइटर ब्रांड, ज़िप्पो, जो अपने सिग्नेचर डिजाइन और लंबे समय तक चलने वाली लौ के लिए जाना जाता है, फैशन एक्सेसरीज में एक नए ट्रेंड को प्रज्वलित करने के लिए कार्यक्षमता



से परे जाता है। इस सर्दी में पहली बार ज़िप्पो लाइटर और इंडियन फ्यूज़न का अद्वितीय कॉम्बिनेशन देखने को मिलेगा। व्यक्तिगत स्टाइल और आत्मविश्वास को दूसरे स्तर पर ले जाते हुए, ब्रांड भारतीय एथनिसिटी के निर्विवाद रूप से शक्तिशाली स्थान से प्रेरणा लेता है, जो वैश्विक ट्रेंड्स को प्रभावित करता है। हाई-फ़ैशन और डिस्पोजेबल आय के बढते एक्सपोज़र के कारण उपभोक्ता व्यवहार और जीवनशैली में बदलाव आया है। प्रीमियमीकरण के कारण फैशन एक्सेसरीज़ का बाज़ार बढ़ रहा है, भारतीय ग्राहक, विशेष रूप से सहस्राब्दी पीढ़ी तेजी से महंगे ब्रैंड्स का स्वागत करती है और नई स्टाइल्स के साथ निवेश और प्रयोग करने के इच्छुक हैं, जो महिलाओं और पुरुषों दोनों के लिए सच है। युवा शहरी ग्राहकों के बीच अपनी विशिष्टता को व्यक्त करने की बढ़ती आवश्यकता और फैशन एक्सेसरीज के लिए तेजी से बढ़ते बाजार को पहचानते हुए, ज़िप्पो का लक्ष्य पूरे भारत में खरीदारों को एक विशाल चयन की पेशकश करते हुए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर अपनी उपस्थिति का विस्तार करना है।

लुकास जॉनसन, एसोसिएट वाइस प्रेसिडेंट, ज़िप्पो ग्लोबल मार्केटिंग के अनुसार, ÷जैसे-जैसे फैशन लोगों के दिमागों को प्रभावित करता जा रहा है, इसलिए बदलते समय के साथ नए ट्रेंड्स को सार्थक तरीके से अपनाना महत्वपूर्ण है। जैसा कि हम जानते हैं, फैशन एक्सेसरीज़ की दुनिया, ज़रूरत आधारित खरीदारी से हटकर व्यक्तिगत स्टाइल और व्यक्तित्व की अभिव्यक्ति की ओर बढ़ गई है। हम इसे ज़िप्पो को भारतीय फैशन के साथ मिश्रित करने, नई स्टाइल्स को पेश करने , अधिक सांस्कृतिक एकीकरण लाने और दर्शकों के साथ अपने जुड़ाव को गहरा करने के एक महान समय और अवसर के रूप में देखते हैं। नौ दशकों से अधिक की विरासत के साथ, ज़िप्पो लाइटर आज एक कार्यात्मक उपकरण से कहीं अधिक है, जो चुनने के लिए डिजाइन और फिनिश की विस्तृत पसंद तक फैला हुआ है। हर किसी के लिए कुछ न कुछ लेकर, स्लीक और आधुनिक से लेकर क्लासिक और विंटेज तक, ज़िप्पो लाइटर अत्यधिक अनुकूलन योग्य हैं। क्लासिक क्रोम, बोल्ड रंग, मिट्टी के टोन और जटिल पैटर्न को किसी भी फ्यूजन पहनावे के साथ सहजता से मैच किया जा सकता है, जैसे ब्लेज़र के साथ साड़ी या सेक्विन वर्क वाले वेस्टर्न सूट। डिज़ाइन, सौंदर्यशास्त्र और सरलता पर केंद्रित, ये विकल्प किसी भी पोशाक में एक विशिष्ट आकर्षण जोड़ने का वादा करते हैं।

## उड़द और तुअर दाल के लिए मुक्त आयात नीति की अवधि एक साल के लिए बढ़ी



**नई दिल्ली।** सरकार ने उड़द और तुअर दाल की मुक्त आयात नीति की अवधि को एक वर्ष के लिए यानी 31 मार्च, 2025 तक बढ़ा दिया है। गुरुवार 28 दिसंबर को वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की ओर से इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इससे पहले कुछ दिन पहले केंद्र सरकार ने खाद्य तेलों- रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर घटी हुई आयात शुल्क व्यवस्था को मार्च 2025 तक बढ़ाने का फैसला किया था। खाद्य तेलों के साथ ही मसूर दाल पर आयात शुल्क छूट भी 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दिया गया था। सरकार की ओर से उठाए गए इन कदमों का उद्देश्य खाद्य मुद्रास्फीति पर अंकुश लगाना है। वित्त मंत्रालय की एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि घटी हुई ड्यूटी मार्च 2024 में समाप्त होने वाली थी, लेकिन अब मार्च 2025 तक जारी रहेगी। इससे पहले सरकार ने रिफाइंड सोयाबीन तेल और रिफाइंड सूरजमुखी तेल पर मूल आयात शुल्क 17.5त्न से घटाकर 12.5त्न कर दिया गया था।

शुल्क में इस कटौती से इन तेलों की देश में आने की लागत कम हो जाएगी, जिससे घरेलू कीमतें कम होंगी और लोगों को राहत मिलेगी। बता दें कि नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति बढ़कर 8.70 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले महीने 6.61 प्रतिशत थी। कुल उपभोक्ता मूल्य बास्केट में खाद्य मुद्रास्फीति की हिस्सेदारी लगभग आधी है, जो कई परिवारों पर बोझ डाल रही है और 2024 में आम चुनावों को देखते हुए सरकार की चिंता का कारण है।

## हरिश्चंद्र वंशीय समाज की सम्मानित की गई विभूतियां

विविध कार्यक्रम के साथ दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन संपन्न

**लखनऊ।** हरिश्चन्द्र वंशीय समाज के तत्वावधान में बृहस्पतिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में विविध कार्यक्रमों के साथ अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सम्पन्न हो गया। इसमें हरिश्चन्द्र वंशीय समाज की विभूतियों को सम्मानित किया गया। दूसरे दिन सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में महाराज हरिश्चंद्र की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध रंगकर्मी व अभिनेता डॉ अनिल रस्तोगी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा, समाज उसी को याद करता है, जिसने समाज उत्थान के कार्य किया हो। सम्मान समारोह में लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज के अध्यक्ष राजन रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव रस्तोगी, उपाध्यक्ष परमेश और बृजेश रस्तोगी ने विभूतियों को सम्मानित किया। जिनमे उद्योगपति श्रीमती इंदिरा मोहन रस्तोगी, कोलकाता के समाजसेवी प्रदीप रस्तोगी, विश्व में सर्वाधिक संस्करणों मे पत्र प्रकाशित होने लिये हरिश्चन्द्र वंशीय समाज के श्री धर्मेन्द्र नाथ रस्तोगी साहित्य कार को सम्मानित किया गया। पूर्व स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ स्वतंत्र रस्तोगी, पर्वतारोही शिवम रस्तोगी, उद्योगपति प्रेम किशोर रस्तोगी, सतरंज चैंपियन प्रणव, कानपुर के उद्योगपति महेश रस्तोगी, समाजसेवी कैलाश नाथ रस्तोगी, साहित्यकार पूनम माटिया आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा नीति पर आयोजित गोष्ठी में डा विदुषी रस्तोगी, दिव्यांशी, आई डी रस्तोगी, डा इन्द्र मोहन रोहतगी, डा अरिंदम एवं डा मनोज कुमार रस्तोगी के पैनेल ने विचार विमर्श किया।




संयोजन असीम जी ने किया। समाज के संरक्षक हरि जीवन रस्तोगी ने बताया कि, सम्मेलन के दौरान लखनऊ की भावी योजना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वृद्धा आश्रम, श्री नाथ जी का मन्दिर आदि योजनाओं को जल्द ही साकार रूप देने पर सहमति बनी है। समारोह में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लिया।

## आईकू 12 अमेजन पर स्मार्टफोन की सभी कैटेगरी में सबसे ज्यादा रेटिंग वाला स्मार्टफोन बन गया



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हाल ही में लॉन्च किए गए फ्लैगशिप आईकू 12 को कस्टमर का जबरदस्त रिस्पांस मिला और इसी के साथ 4.6 की रेटिंग के साथ वह सभी प्राइज सेगमेंट में भारत में सबसे ज्यादा रेटिंग वाला स्मार्टफोन बन गया है। इस रेटिंग ने इंडस्ट्री के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है और यह हमारे फ्लैगशिप स्मार्टफोन को यूजर से मिली संतुष्टि को भी दर्शाता है। 12GB+256GB के लिए कीमत 52,999 रुपए (प्रभावी कीमतः 50,999 रुपए) और 16GB+512GB वेरिएंट के लिए 57,999 रुपए (प्रभावी कीमतः 54,999 रुपए) है। आईक 12 आईकू ई-स्टोर और अमेजन पर दो कलर ऑप्शन - लीजेंड और अल्फा में अवेलेबल है। आईकू 12 भारत का पहला स्मार्टफोन है जिसमें स्नैपड्रैगन0? 8 जेन 3 प्रोसेसर है, जो सुपरकंप्यूटिंग चिप क्यू1 के साथ आता है। यह पावरफुल जोड़ी इमेज प्रोसेसिंग एफिशियंसी में काफी सुधार करने और स्मार्टफोन में बिजली की खपत को उल्लेखनीय रूप से कम करने के लिए सामंजस्यपूर्ण ढंग से काम करती है, जिससे निर्बाध परफॉर्मेंस प्राप्त होता है। यह 120W फ्लैश चार्ज टेक्निक के साथ आता है और 6.78÷ 144 हट्र्ज एलटीपीओ ओमोलेड डिस्प्ले (1260 म 2800 रेजोल्यूशन) से लैस है जो 3000 निट्स की पीक ब्राइटनेस प्रदान करता है जो आंखों पर ज्यादा दबाव डाले बिना किसी भी रोशनी की स्थिति में बेहद शानदार डिटेल्स प्रदान करता है। स्मार्टफोन में 50 एमपी + 50 एमपी + 64 एमपी लेजेंडरी ट्रिपल कैमरा है जिसमें 50 एमपी जीएन5 अल्ट्रा सेंसिंग मेन कैमरा और 64 एमपी 3एक्स टेलीफोटो पोर्ट्रेट कैमरा है जो 70 मिमी फोकल लेंथ पेरिस्कोप टेलीफोटो लेंस का उपयोग करता है। इसमें फनटच ओएस पर बेस्ड लेटेस्ट एंड्रॉइड 14 है।

## रीजेंसी हेल्थकेयर ने कॉम्प्लेक्स एयरवे सर्जरी में शानदार सफलता हासिल की



**कानपुर।** कानपुर और लखनऊ में मल्टी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल रीजेंसी हेल्थकेयर ने एक चुनौतीपूर्ण एयरवे सर्जरी के सफलतापूर्वक अंजाम देने की घोषणा की है। सर्जरी का सफल होना रीजेंसी हेल्थकेयर के एक्सीलेंस (उत्कृष्टता) और मरीज के सेहत के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। प्रमुख श्वह्रञ्ज सर्जन के रूप में कार्यरत डॉ. निशांत सिंह ने गंभीर मामलों को सटीकता के साथ मैनेज करने में असाधारण स्किल का प्रदर्शन करते हुए इस केस में मेडिकल टीम का मार्गदर्शन किया।

यह केस एक 25 वर्षीय पुरुष का था। व्यक्ति लॉन्ग सेगमेंट वाले ट्रेचील (श्वासनली) स्टेनोसिस के कारण सांस लेने में मुश्किलों का सामना करना रहा था। यह एक ऐसी बीमारी हैं जहां श्वासनली में सूजन या स्कार टिश्यू के कारण वायु प्रवाह बाधित हो जाता है। मरीज में पहले गर्दन पर खुद से चोट भी लगी थी, जिसका इलाज शुरू में सांस लेने में मदद करने के लिए ट्रेकियोस्टोमी के साथ कहीं और किया गया था। ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से विधिवत जांच करने पर मेडिकल टीम ने थोरेसिस इनलेट तक फैले लॉन्ग सेगमेंट वाले ट्रेचील (श्वासनली) स्टेनोसिस की पहचान की। जैसे ही स्ट्रिडोर, एक तेज़ घरघराहट वाली आवाज हुई, वैसे ही मेडिकल टीम ने एक कॉम्प्लेक्स ट्रेचील (श्वासनली) की मरम्मत सफलतापूर्वक की।

थोरेसिक इनलेट में स्टेनोसिस होने के कारण सर्जरी की जटिलता बढ़ गई थी, जिससे श्वासनली की गतिशीलता कम होने में चुनौतियां उत्पन्न हो गई थीं। मेडिकल टीम ने श्वासनली को लगभग 3 सेमी को काटकर इसका समाधान किया, इसके बाद एक मोडिफाइड एंड-टू-एंड प्राइमरी मरम्मत की गई, जिसे ट्रेकियोस्टोमी के साथ पूरा किया गया।

प्रमुख सर्जन डॉ निशांत सिंह ने सर्जरी को सफल बनाने में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, इस एयरवे सर्जरी की सफलता एडवांस और विशेष देखभाल प्रदान करने के लिए हमारी दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड, कानपुर के पीडियाट्रिक सर्जन डॉ. रजत गुप्ता ने अमूल्य इंट्राऑपरेटिव समर्थन ने सकारात्मक परिणाम प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी एडवांस क्षमताओं से हम एयरवे सर्जरी की एक अलग अलग समस्याओं का समाधान करने के काबिल बन चुके हैं। इन समस्याओं में फ़ाइब्रोऑप्टिक बायोप्सी, नवजात सुप्राग्लोटोप्लास्टी, थायरोप्लास्टी और इंजेक्शन लैरींगोप्लास्टी शामिल हैं। हमारी यह काबिलियत व्यापक और अत्याधुनिक हेल्थकेयर सॉल्यूशन प्रदान करने के प्रति हमारे समर्पण को दर्शाता है।

मरीज अब पूरी तरह से ठीक हो गया है, उसे डिकैनुलेट किया गया है, और अब उसे अब सांस लेने में कोई परेशानी नहीं है। मेडिकल टीम द्वारा प्रदान की गई विशेष देखभाल की वजह से यह संभव हो पाया। डॉ. रजत के महत्वपूर्ण इंट्राऑपरेटिव सपोर्ट ने सर्जरी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

रीजेंसी हेल्थकेयर कई प्रकार की एयरवे सर्जरी करते हुए अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है। डॉ. बाजवा और उनके टीम के नेतृत्व में कुशल एनेस्थीसिया टीम ने सर्जरी की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। निरंतर सुधार की प्रतिबद्धता के साथ रीजेंसी हेल्थकेयर यह सुनिश्चित करता है कि मरीजों को हाई क्वॉलिटी वाली स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त हों, मरीजों द्वारा एडवांस तकनीक का लाभ उठाया जाए और चुनौतीपूर्ण बीमारियों का इलाज़ करने के लिए एक सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाए।

## मोरारीबापू ने अयोध्या कलश यात्रा का तलगाजरडा में स्वागत किया

**अयोध्या।** अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य और दिव्य महामंदिर के उद्घाटन से पहले पूरे देश में घर-घर अयोध्या अभियान शुरू किया मोरारीबापू ने अयोध्या कलश का स्वागत किया।

यात्रा में उपस्थित अतिथियों एवं ग्रामीणों की जयघोष के बीच पूज्य



गया है। इसी अभियान के तहत श्री राम जन्मभूमि, अयोध्या से अयोध्या कलश यात्रा श्री चित्रकूटधाम, तलगाजरडा पहुंची। सुबह आठ बजे भगवान श्री हनुमान के समक्ष अयोध्या कलश चढ़ाकर हनुमान चालीसा का समूह पाठ किया गया। इसके बाद अयोध्या कलश यात्रा धूमधाम से तलगाजरडा के रामजी मंदिर परिसर पहुंची जहां पूज्य बापू के हाथों कलश को रामजी मंदिर के गर्भगृह में स्थापित किया गया। पूज्य बापू ने राम मंदिर के इस मंगल कार्य के लिए समर्पित सभी कार्यकर्ताओं और संस्थाओं को साधुवाद दिया। पूज्य बापू ने 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर का भव्य शिलान्यास होने की शुभ घड़ी का स्मरण कर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की।

# यातायात नियमों के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक




*अवधनामा संवाददाता*

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत गुरुवार को द क्रिसेन्ट स्कूल कप्तानगंज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण से किया गया। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक द्वारा अपने उद्बोधन में शिक्षा, स्वास्थय एवं संस्कार के माध्यम से व्यक्तिगत, सामाजिक एवं राष्ट्रीय उत्थान हेतु बच्चों से अपना योगदान सुनिश्चित करने हेतु अनुरोध किया गया। उपस्थित लोगों से एक नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहकर लोक व्यवस्था/यातायात व्यवस्था में अपने स्तर से योगदान देने के साथ-साथ सुरक्षित यात्रा करने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक कुशीनगर सत्य सान्याल शर्मा द्वारा स्कूल से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को सड़क पर यात्रा करते समय यातायात नियमो का अनुशासन बनाये रखने की अपील की गयी। पैदल यात्रा, साईकल, रिक्शा, मोटरसाइकिल कार आदि सभी माध्यमो से यात्रा के दौरान सतर्कता और सावधानी आवश्यक है क्योंकि दुर्घटना में किसी भी माध्यम का कारण हो सकता है। यातायात निरीक्षक ने कहा कि वाहन चलाते समय नियमानुसार हेलमेट, सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करे तथा कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाये। ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग कदापि न करे तथा स्कूल आते जाते समय यातायात के नियमो का पूर्णतः पालन करे।

कार्यक्रम के अन्त में सभी क्लास मानिटर्स को यातायात नियमों से सम्बन्धित पोस्टर प्रदान कर सभी क्लासरूम में चश्पा करने तथा लिखित नियमों के अनुपालन हेतु प्रेरित किया गया। स्कूल बसों के चालकों परिचालकों को भी बच्चों के साथ संरक्षक जैसा व्यवहार करने तथा दुर्घटना से बचाव हेतु सभी महत्वपूर्ण नियमों के पालन करने की अपील की गयी। इस अवसर पर स्कूल के प्रबंधक मो0 हासिब, कप्तानगंज व्यापार मण्डल के अध्यक्ष मणिचन्द्र वर्मा, सबीब अहमद, स्कूल के शिक्षकगण एवं अन्य स्टाफ उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित रोलर की ठोकर से गिरा विद्युत पोल, आपूर्ति बाधित

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर। (अवधनामा संवाददाता)** सुकरौली विकासखंड के नवापार से बसंतपुर में लोक निर्माण विभाग द्वारा पिच मार्ग निर्माण के दौरान गुरुवार को अनियंत्रित रोलर से ठोकर लगने से सड़क किनारे स्थित विद्युत पोल गिरकर जमीन पर आ गया। इस विद्युत पोल से गुजरने वाली तार से आपातकालीन बिजली की सप्लाई विद्युत उप केन्द्र बरौली के द्वारा की जाती है और इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। कभी भी दुर्घटना हो सकती है क्षेत्र के ग्रामीणों ने बिजली पोल को खड़ा कर पूर्व की भाती विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है। वही इस संबंध में विद्युत विभाग के अवर अभियंता दिपक कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पोल गिरने की सूचना प्राप्त हुई है जांच कर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

## कसया-सेवरही मार्ग पर स्थित बरवा राजापाकड़ गांव के पास हुई हादसा

**कुशीनगर।** तुर्कपट्टी थानाक्षेत्र के कसया-सेवरही मार्ग पर स्थित बरवा राजापाकड़ गांव के पास गुरुवार की दोपहर में एक बेकाबू डीसीएम ने विद्यालय से घर लौट रही एक साइकिल सवार छात्रा को जोरदार टक्कर मार दिया। इससे छात्रा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ जुट गई, जिससे कुछ देर तक वहां जाम लग गया। चालक डीसीएम छोड़कर भाग निकला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा जाम हटाकर डीसीएम को थाने भेज दिया। पुलिस ने छात्रा के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार 14 वर्षीय रेनू पुत्री उमेश मूलतः बिहार राज्य के पंचदेवरी के पास स्थित सिरसिया गांव की निवासी थी। वह अपनी मां अंजू व भाई-बहनों के साथ तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के बरवा राजापाकड़ गांव के सपही बरवा टोला में अपने नाना के घर रहती थी। रेनू दुर्गा पब्लिक स्कूल बरवा राजापाकड़ में आठवीं की छात्रा थी।

# विकास की गति में लाएं तेजी, लापरवाही बर्दाश्त नही की जायेगी: सांसद

**बैठक**

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न

*अवधनामा ब्यूरो*



**कुशीनगर।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में कल देर सायं आयोजित की गई। उक्त बैठक की अध्यक्षता सांसद विजय कुमार दुबे व सह अध्यक्षता, सांसद देवरिया रमापति राम त्रिपाठी तथा सचिव जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने किया। पूर्व बैठक में हुए निर्णय हो एवं स्वीकृत कार्यों अनुपालन आख्या बैठक में प्रस्तुत करने के साथ ही आज की कार्यवाही शुरू की गई। उक्त बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, एनआरएलएम, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम, डिजिटल भारत भू अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, नेशनल हेल्थ मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, डिजिटल इंडिया, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मिड डे मील स्कीम, सर्व शिक्षा अभियान, कन्या जमोत्सव अभियान, पीएम खनिज कल्याण क्षेत्र योजन के कार्य योजनाओं की प्रगति, समस्याओं के संदर्भ में समीक्षा एवं उसके पूर्व वर्ष और वर्तमान वर्ष की कार्यों की अद्यतन रिपोर्ट की जानकारी ली गयी। जनप्रतिनिधियों ने बैठक में संबंधित विभाग अध्यक्षों से विभाग से जुड़ी लाभकारी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के संदर्भ में प्रगति की जानकारी ली, लंबित कार्यों पर जवाब मांगा तथा कार्य पूर्ण करने की लक्ष्य अवधि के बारे में पूछताछ की। इस क्रम में अध्यक्ष द्वारा डीसी मनरेगा को निर्देशित किया गया कि खेल के मैदान तथा अमृत सरोवर को आरक्षित भूमि, बंजर नवीन परती तथा भूलेख में दर्ज नवईयत के अनुसार ही चयनित हो। अमृत सरोवर, खेल के मैदान (मिनी स्टेडियम) के 3 डिजाइन जो जनुपयोगी हो, बनाने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। पीएमजीएसवाई के अंतर्गत बनाए जा रहे सड़कों के जल्दी टूटने की शिकायत पर सह अध्यक्ष ने विभाग के द्वारा निर्माणधीन या निमार्ण कार्यों का निरीक्षण फील्ड में करने, थिकनेस (मोटाई) मानक के अनुरूप जांच करने के निर्देश दिए। खड्डा पनियवाहा रोड का तथा अन्य निर्माणाधीन सड़कों का निरीक्षण कर पूरी रिपोर्ट प्रस्तुत करें। संकल्प यात्रा के अंतर्गत वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन और आयुष्मान कार्ड की शिकायतों पर अध्यक्ष ने निर्देश दिए कि चिकित्सा विभाग के सक्षम अधिकारी प्रत्येक दिन आयुष्मान कार्ड बनाकर रिपोर्ट दे। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने पेंशन के लिए ब्लॉक और न्याय पंचायत स्तर पर इसके कैंप आयोजन करने के निर्देश दिए। आवास योजना के अंतर्गत जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की सूची सभी जनप्रतिनिधियों को दी जाए तथा आवास का प्रस्ताव हेतु ग्राम सभा में खुली बैठक आयोजित की जाए ताकि पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके जिससे लोक कल्याणकारी राज्य की अवधारणा सार्थक हो सके। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नवसृजित पंचायतो को चिन्हित कर सफाई कर्मियों की तैनाती करने तथा 84000 शौचालयों के प्राप्त आवेदनों की जांच एडीओ और बीडीओ से शीघ्र पूर्ण कर अग्रिम कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के निर्देश* दिए गए। उन्होंने कहा की विद्युत विभाग के आरडीएसएस की बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन किया जाए। पिछले वर्ष तहसील कप्तानगंज के अंतर्गत कुछ ग्राम पंचायतों में गेहूं जलने तथा राहत राशि अभी तक लोगो को न मिलने की समस्या से अवगत कराया गया जिसपर जिलाधिकारी ने तुरंत उपजिलाधिकारी को दूरभाष पर निर्देशित किया इस प्रकरण की संपूर्ण रिपोर्ट मेरे समक्ष प्रस्तुत की जाए।

## निचलौल को हराकर फाजिलनगर ने जीता उद्घाटन मैच



*अवधनामा संवाददाता*

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बा स्थित किसान इंटर कालेज के खेल मैदान में गुरुवार को मथौली क्रिकेट कप प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड ने फीता काटकर व आसमान में गुब्बारा छोड़कर किया।

उद्घाटन मैच निचलौल और फाजिलनगर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर फाजिलनगर की टीम ने पहले रक्षा क्षेत्र का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करने उतरी निचलौल की टीम ने निर्धारित 12 ओवरों में 7 विकेट खोकर 151 रन का लक्ष्य दिया। जवाबी कार्यवाई में उतरी फाजिलनगर की टीम ने 2 विकेट खोकर मात्र 9.5 ओवरों में उद्घाटन मैच जीत लिया। फाजिलनगर टीम के धाकड़ बल्लेबाज राजा ने नाबाद पारी खेलते हुए 53 रन का योगदान दिया जबकि इर्साद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 67 रन जिसमें 9 छक्का, 3 चौका मारकर मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त किया। मैच के निर्णायक सुनील मद्धेशिया व अखिलेश मौर्या रहे जबकि मैच का कमेंट्री टेम्पु जायसवाल व सभासद प्रिंस मद्धेशिया ने किया। इस मौके पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए विधायक विनय प्रकाश गौड़ ने कहा कि खेल जो भी हो टीम भावना व ईमानदारी के साथ खेलना चाहिए। खेल में हार जीत लगी रहती है। इससे घबराना नहीं चाहिए। आप लोगों के साथ मेरी शुभकामनाएं है ऐसे ही खेलते हुए राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचे।

# मंदिर से हुई मूर्ति चोरी का पुलिस ने की खुलासा, छह पीतल की मूर्तिया बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** करीब एक माह पूर्व थाना क्षेत्र के अवरही कृतपुरा में राम जानकी मंदिर से हुई मूर्ति चोरी के मामले में कप्तानगंज पुलिस ने गुरुवार को खुलासा कर दिया। इस घटना में शामिल चार चोरों को गिरफ्तार कर इनके पास से चोरी की छोटी बड़ी छह मूर्तिया बरामद कर अभियुक्तों को जेल भेज दिया। बता दें कि पिछले 24 नवंबर 2023 को थाना क्षेत्र के ग्राम अवरही कृतपुरा में राम जानकी मंदिर से हुई चोरी का थानाध्यक्ष कप्तानगंज राजकुमार बरवार ने खुलासा करते हुए बताया कि पिछले दिनों राजदेव पुत्र रामअधार के खेत से मुर्ति व स्टैण्ड की बरामदगी की गयी थी तथा मु0अ0सं0 576/2023 धारा 380 भादवि से सम्बन्धित चोरी का एक पत्थर व धातु की मिश्रीत मुर्ति व एक पीतल धातु की स्टैण्ड 27 दिसंबर 2023 को पडखोरी मन्दिर के पास बरामद हुई थी। इस घटना में शामिल चारों अभियुक्तगण देवनरायण गुप्ता पुत्र त्रियोगी नरायन गुप्ता निवासी कुन्दुर, रामनगीना पुत्र धूने निवासी अवरही कृतपुरा रामनिवास हरिजन पुत्र सिद्धू निवासी कुन्दुर कन्हैया पुत्र राजकुमार निवासी अवरही कृतपुरा थाना कप्तानगंज जनपद कुशीनगर के पास मूर्ति बरामद व गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही किया जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष राजकुमार बरवार, व0उ0नि0 सुर्यभान



यादव, उ0नि0 राहुल कुमार सिंह चौकी प्रभारी मंसुरगंज, हे0का0 अजीत सिंह, राजेश कुमार व राकेश कुमार यादव शामिल रहे।

## कांग्रेसियों ने स्थापना दिवस पर गिनाई पार्टी की उपलब्धियां

*अवधनामा संवाददाता*

**अमेठी।** सर्द मौसम के बीच कांग्रेस ने गुरुवार को अपना 138 वां स्थापना दिवस मनाया। केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पार्टी नेताओं ने आजादी के आंदोलन से स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद तक कांग्रेस के कार्यों और उपलब्धियों पर विस्तार से संवाद किया। कांग्रेस पार्टी की विरासत को आगे बढ़ाने में गांधी परिवार के योगदान का भी गुणगान किया।स्थापना दिवस पर जिले के केंद्रीय कांग्रेस जनसंपर्क कार्यालय गौरीगंज में कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि 138 वर्षो मे देश को कांग्रेस ने अनेक महानायकों की अगुवाई मे लोकतंत्र के साथ देश को मजबूत एवं शीर्ष तक पहुंचाने कार्य किया है।महात्मा गाँधी पंडित जवाहर लाल नेहरू लालबहादुर शास्त्री तथा अमेठी को विश्व पटल पर पहचान दिलाने वाला परिवार की आयरन लेडी इंदिरा गांधी के बाद स्व.राजीव गांधी ने कांग्रेस का नेतृत्व संभाला।राजीव गांधी भारत के समग्र विकास के प्रति संकल्पबद्ध राजनेता थे।भारत को तेजी से तरक्की के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने तमाम कदम उठाये।भारत का विकास ही उनका एजेंडा था और विकसित आधुनिक भारत उनका सपना था। राजीव जी दुनिया से जल्दी विदा हो गए लेकिन उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का बीड़ा सोनिया गांधी ने उठाया और उन्होंने गांधी जी इंदिरा जी एवं राजीव जी की शहादत और राष्ट्र सेवा की उनकी विरासत को सहेजने-संवारने में स्वयं को समर्पित कर दिया।उनके असाधारण व्यक्तित्व के प्रभाव एवं असंख्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं के परिश्रम से केन्द्रीय सत्ता में कांग्रेस की 2004 में पुनः वापसी हुई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा में नही पहुंचे लेखापाल, निलंबित

**हाटा, कुशीनगर। (अवधनामा संवाददाता)** तहसील क्षेत्र के ग्राम सभा डुमरी व मंगलपुर में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया था जिसमें सभी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे थे लेकिन क्षेत्रीय लेखापाल/कानूनगो भैंसही क्षेत्र अहिरौली के न पहुंचने पर तथा कार्यक्रम में देरी से पहुंचने पर नाराज जनप्रतिनिधियों के शिकायत पर एसडीएम हाटा हीरालाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उक्त मामले में नायब तहसीलदार को जांच अधिकारी नामित करते हुए रिपोर्ट मांगा गया।

बता दें कि पूरे भारत वर्ष में पीएम मोदी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत एलईडी वैन से प्रत्येक गांवों में कार्यक्रम आयोजित कर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जा रहा जिससे समाज के छूटे व्यक्तियों को योजना का लाभ मिल सके। इसी के तहत हाटा तहसील क्षेत्र में ग्राम पंचायत डुमरी व मंगलपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें सभी विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर योजनाओं के बारे में जानकारी दिया जा रही थी लेकिन क्षेत्र संख्या 29 भैंसही के लेखापाल डेबा प्रसाद व राजस्व निरीक्षक क्षेत्र अहिरौली को कार्यक्रम में न पहुंचने पर उप जिलाधिकारी हाटा हीरालाल ने तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसडीएम ने बताया कि निलंबन के अवधि तक लेखापाल डेबा प्रसाद को निर्वाह भत्ते की धनराशि अर्ध औसत वेतन पर देय होगा जबकि अवकाश वेतन की राशि के बराबर दे होगी। भुगतान तभी किया जाएगा जब लेखापाल इस आशय का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करें कि वह किसी अन्य सेवा योजन में नही लगे है। निलंबन अवधि में लेखापाल डेबा प्रसाद को रजिस्ट्रार कानूनगो कार्यालय से संबंध किया गया है तथा अनुशासनात्मक कार्यवाई में नायब तहसीलदार हाटा को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

## घने कोहरे ने थामी रफ्तार, सर्दी से कांपे लोग

**अमेठी।** जनपद में पिछले दो दिन से घना कोहरा पड़ रहा है ।गुरुवार को कोहरा इतना भीषण रहा की पारदर्शिता बिल्कुल कम रही सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। सुबह स्कूल जाने वाले बच्चे ठिठुरकर जाते दिखाई पड़े। दिनभर कोहरा छाया रहा सूर्यदेव के दर्शन नहीं हुए। कड़ाके की सर्दी के बीच जगह-जगह लोग अलाव जलाकर सर्दी भगाते दिखाई पड़े। ग्रामीण अंचल में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव न जलने के कारण लोग घास फूस जलाकर सर्दी से बचने का उपक्रम करते नजर आए। गर्म कपड़ों में ढके होने के बावजूद दोपहिया वाहन से आवागमन कर रहे लोग कांपते दिखाई पड़े। सर्दी इतनी भयानक रही की शाम ढलते ही लोग घरों में दुबक गए।घने कोहरे और ठंड से लोग परेशान हैं। सरकार की ओर से अलाव के लिए 50000 रु आवंटित किए जाने के बावजूद ग्रामीण अंचल की सभी प्रमुख बाजारों में अलाव नहीं जलवाए गए हैं। तमाम लोग अपनी दुकानों के सामने रद्दी कागज बेकार टायर और सूखे कचरे को एक जगह इकट्ठा करके आग जलाकर ठंड से बचाव की कोशिश कर रहे हैं।कोहरे और ठंड के कारण परिषदीय विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति कम हो गई है।

## क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने मांगो को लेकर ब्लाक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन

**गोरखपुर।** पिपरौली ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्यो ने ब्लॉक अध्यक्ष रविकान्त उर्फ लालू की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्यो की बैठक संपन्न हुई। और एक ज्ञापन ब्लॉक प्रमुख पिपरौल दिलीप कुमार यादव को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग किया गया है कि शासन द्वारा वर्ष में 6 मीटिंग होना सुनिश्चित किया है। लेकिन प्रशासन द्वारा गुमराह किया जा रहा है। शासन के द्वारा क्षेत्र पंचायत सदस्यों को मनरेगा में काम कराने का शासनादेश 19 जनवरी 2022 को जारी हुआ है। लेकिन किसी भी क्षेत्र पंचायत सदस्य को मनरेगा का काम नही दिया गया। यदि समय से मांगो पर ध्यान नही दिया गया तो क्षेत्र पंचायत सदस्य सामूहिक रूप से धरना प्रदर्शन करते हुए इस्तीफा देगे।

इस दौरान अमित सिंह, रंजन मौर्य, उमेश कुमार विमल कान्त गौतम, रामप्रवेश निषाद,अजमल,धर्मेंद्र जायसवाल, प्रभात गुप्ता, राहुल शीत अनेक क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थिति थे।

## घर में घुसकर मारपीट तोड़फोड़ चार पर केस दर्ज

**गोरखपुर।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भगौरा में मनबढ घर में घुसकर मारपीट कर घायल कर दिए थे।पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से पुनम पत्नी धर्मेंद्र निवासी भगौरा मंगलवार को शाम 5 बजे खाना बनाने जा रही थी। उसी दौरान पुरानी रंजिश को लेकर मनबढ लाठी डंडा और लोहे की रॉड लेकर आए और घर में घुस गए। पीड़िता, पति और बच्चे को मार पीटकर घायल कर दिए। तथा घर में रखे सामान को तोड़फोड़ किए। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी राम वदन,राजन,प्रियंका,राजवंता देवी के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट,तोड़फोड़,जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

## बाबा साहेब का गाना बजाने पर पीटा, पांच पर एससी/एसटी का केस दर्ज

**गोरखपुर ।** सहजनवा थाना क्षेत्र के भटकल में फलदान के दौरान बाबा साहेब का गाना बजाने पर पर गांव के आधा दर्जन की संख्या में मनबढ आए और युवक को पीट कर घायल कर दिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी से सहजनवा थाना क्षेत्र के भटकल निवासी मुकेश पुत्र सुभाष के घर पर 13 दिसंबर को दिन में 12 बजे के करीब फलदान का कार्यक्रम था। और बाबा साहेब का गाना बज रहा था। उसी दौरान गांव के आधा दर्जन की संख्या में मनबढ आए और गाना बजाने से मना करने लगे। विरोध करने पर जातिसूचक गालियां देते हुए मारा पीटा।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर रामवीर उर्फ वीरन यादव,सुरेंद्र यादव,शिवानंद यादव, प्रीतम,प्रिंस के खिलाफ बलवा,मारपीट जान से मारने की धमकी और एससी/एसटी का केस दर्ज कर लिया है।

## जनभागीदारी की भावना का उदघोष है विकसित भारत संकल्प यात्राः शशांक



*अवधनामा संवाददाता*

**देवरिया।** रामपुर विकास खंड के डुमरी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता शशांक मणि त्रिपाठी ने कहा कि पिछले 15 सितंबर से अनवरत चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा पूरे देश में जनभागीदारी की भावना को प्रेरित करती है । केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देश के कोने कोने में पहुंचाने का कार्य इस यात्रा के माध्यम से हो रहा है तथा सरकार, प्रशासन और जनता के बीच एक संपर्क स्थापित करने का कार्य भी हो रहा है । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का और ये सपना पूरे देश की जनता की जनभागीदारी से ही संभव हो पाएगा । आज का भारत तकनीकी के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहा है । इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य, शिक्षा और महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार अभूतपूर्व कार्य कर रही है । कार्यक्रम को युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी और जिलाध्यक्ष प्रवीण प्रताप मल्ल ने भी संबोधित किया तथा संचालन विधानसभा संयोजक बिजेंद्र कुशवाहा ने किया । इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता, सरकारी विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गण सहित क्षेत्र की सम्मानित जनता उपस्थित रही।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**अमेठी।** थाना क्षेत्र संग्रामपुर अंतर्गत बुधवार की शाम पूरे तालुकदार गांव के पास हुई सड़क दुघर्टना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार थाना संग्रामपुर क्षेत्र के गुलालगढ मजरे डेहरा निवासी सौरभ वर्मा उम्र 18 वर्ष पुत्र राम बहादुर वर्मा की सड़क दुघर्टना में मौत हो गई। बुधवार को सौरभ वर्मा अपने घर से काली माई मेला मोटरसाइकिल से आ रहा था। पूरे तालुकदार मोड़ के पास सौरभ वर्मा की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गई। सड़क दुर्घटना में सौरभ के सिर में गहरी चोट आ गई। सूचना पर एम्बुलेंस के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां डाक्टरों ने घायल सौरभ को मृत घोषित कर दिया। युवक का शव देखकर पिता राम बहादुर का रो- रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाने से लेकर विकसित करने का किया कार्यः राम जी गिरि

*अवधनामा संवाददाता*

**देवरिया।** कांग्रेस विश्व की सबसे पुरानी लोकतांत्रिक पार्टी है,इसने देश को आजादी दिलाने से लेकर विकसित बनाने का कार्य किया। उक्त बातें टाउन हॉल स्थित कार्यालय पर पार्टी के 138 वें स्थापना दिवस पर पार्टी के ध्वज को फहराने के बाद कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष रामजी गिरि ने कहा ।

उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस की देन है कि जिस देश मे सुई नही बनती थी, वहां मंगल ग्रह पर जाने के लिए मंगलयान बन रहे हैं।आजादी की लड़ाई में कांग्रेस के नेताओं ने जो कुर्बानी दी है, उसे देश सदैव याद करता है। आज विश्व मे जो देश का मान सम्मान बढ़ा है वह सिर्फ कांग्रेस की देन है। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष बिस्मिल्लाह लारी,जयदीप त्रिपाठी,विजय शेखर मल्ल रोशन, दीनदयाल यादव, नीलेश मणि त्रिपाठी,ऋषिकेश मिश्र,आलोक त्रिपाठी राजन,सुनील द्विवेदी, प्रेमलाल भारती,बदरे आलम,रामप्रवेश सिंह,मधु शर्मा, शहनाज जफर, रामअशीष साहनी,वीरेंद्र तिवारी, डॉ एस केपाठक,सुहेल अंसारी, रमाशंकर यादव, जवाहर लाल चौहान,अवधेश यादव, समीर पांडेय,राशिद अंसारी, मनोज मणि,राजेश सिह,जवाहर लाल बरनवाल, मिर्जा खुर्शीद,विनोद दूबे, रविन्द्र मल्ल आदि ने सम्बोधित किया।



## देश की जनता को स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के लिए सरकार दृढ़ संकल्पितः जयनाथ कुशवाहा

*अवधनामा संवाददाता*



**सलेमपुर।** सलेमपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत बनकटा, मल्हना बनकटा विकासखंड के नवादा एवं पिपरा बघेल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। उन लोगों ने अपने विभाग से संबंधित सरकारी योजनाओं से आमजन को अवगत कराया। कार्यक्रम के दौरान 6 माह से ऊपर के बच्चों का अन्नप्राशन एवं गर्भवती महिलाओं का गोद भराई कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया गया। नवादा में बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम सरकार के द्वारा सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि हर घर नल जल योजना के माध्यम से घर-घर पीने का स्वच्छ पानी पहुंचाने का कार्य प्रगति पर है। बनकटा मिश्र में कार्यक्रम को संबोधित मुख्य अतिथि भाजपा नेता राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं के जीवन में खुशहाली आ रही है। भटनी विकासखंड के ग्राम पंचायत धरमखोर दूबे में कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि भाजपा नेता राजकुमार शाही ने कहा कि सौभाग्य योजना के माध्यम से गरीबों को निशुल्क विद्युत कनेक्शन देने का कार्य सरकार के द्वारा किया गया है।

## जिला एवं महानगर कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में मनाया गया कांग्रेस का 139 वां स्थापना दिवस




*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** बृहस्पतिवार को घोष कम्पनी चौक स्थित जिला कांग्रेस कैंप कार्यालय पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में कांग्रेस का स्थापना दिवस मनाया गया।

जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रशासन प्रभारी तौकीर आलम और महानगर कांग्रेस अध्यक्ष आशुतोष तिवारी के संयुक्त नेतृत्व में अयोजित कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम कांग्रेस का झंडा रोहण किया गया। अपने संबोधन में तौकीर आलम व आशुतोष तिवारी ने कहा कि आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण दिन है 28 दिसंबर 1885 को 72 प्रतिनिधियों की उपस्थिति के साथ गोकुलदास तेजपाल संस्कृत विद्यालय मुम्बई में हुई थी.इस मौके पर उपस्थित सैकड़ों कांग्रेसियों को तौकीर आलम, आशुतोष तिवारी के अतिरिक्त वरिष्ठ कांग्रेसी नेता डॉक्टर भानु प्रताप सिंह, राजेश तिवारी, राकेश यादव तेज नारायण श्रीवास्तव नवीन सिन्हा राकेश राम त्रिपाठी एनएसयूआई के प्रदेश उपाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अंकित पाण्डेय ÷टाईगर÷ इत्यादि ने संबोधित किया।

इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित डॉक्टर भानु प्रताप सिंह. दिलीप निषाद, राजेश तिवारी, महेंद्र नाथ मिश्रा, राकेश यादव, अनिल सोनकर, राकेश राम त्रिपाठी, नवीन सिन्हा, तेज नारायण श्रीवास्तव, राजू पांडेय, योगेश प्रताप सिंह, अंकित पांडे टाइगर, सुशांत शर्मा. मोहित. राम समुझ सावरा. मोहम्मद तसलीम छ्ब्बह्ब्ह्, मोहम्मद उज़ैर खान, एसपी सिंह, गुलाम ताहिर, जमशेद हुसैन, सोनू कुमार, अभिजीत पाठक, इजहार अहमद, मोहम्मद शारीक, राजेंदर यादव, इकबाल अहमद खान, रविंद्र पासी, सुनील आदि बहुत से वरिष्ठ कांग्रेस जनऔर कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पांच लाख रुपए का इलाज भी मोदी की गारंटी: महेश उमर



*अवधनामा संवाददाता*

**गोरखपुर।** पहले गरीब तबके के लोग इलाज के बिना दम तोड देते थें, लेकिन अब उन्हें मोदी जी पर भरोसा है। भाजपा सरकार में आयुष्मान कार्ड योजना अंतर्गत करोड़ों लोगों को पांच लाख रुपए का मुफ्त इलाज मिल रहा है। उक्त बातें बड़हलगंज चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने नगर पंचायत के सभागार में आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों में कार्ड का वितरण करते हुए कही। श्री उमर ने कहा कि गरीबों के बीमार होने पर पांच लाख रुपए का इलाज भी मोदी जी की गारंटी है। इस दौरान उन्होंने बेईली, बाछेपार, भैसौली के लगभग पचास लोगों में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया गया।

## भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रचलित सत्याग्रह संकल्प का 9वां शतक आज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार पर कथित जीरो टॉलरेंस के हकीकत को विगत वर्ष 2021 से मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी कार्यालय के समक्ष तीसरी आंख मानवाधिकार संगठन द्वारा प्रचलित सत्याग्रह संकल्प उजागर करती नजर आ रही है। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि संस्था सत्याग्रह संकल्प के 9वें शतक पर 29 दिसम्बर 2023 को अपराह्न 2ः30 बजे केक काटकर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने का प्रयास करेगी। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने 9वें शतक के अवसर पर समाज के प्रबुद्ध व संवेदनशील नागरिकों को कार्यक्रम में सम्मलित होने का आह्वान किया है।

# 800 बसों से 50 हजार कार्यकर्ता जाएंगे अयोध्या: आशीष पटेल

**प्रभारी मंत्री ने भाजपा जिला कार्यालय पर अयोध्या तैयारी की समीक्षा की**

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री व जिले के प्रभारी मंत्री अविनाश पटेल व इसके पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने आज पयागीपुर स्थित बीजेपी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की अध्यक्षता में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में 30 दिसंबर को अयोध्या में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए की गई तैयारीयों की समीक्षा की। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ आर्य वर्मा ने बताया कि अयोध्या में पीएम मोदी की जनसभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सांसद सहित विधायकों, जिला पंचायत अध्यक्ष, ब्लाक प्रमुख और मंडल अध्यक्ष व शक्तिकेंद्रों के संयोजकों कै जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक वाहन के लिए वाहन प्रमुख भी नियुक्त कर दिए गए हैं। पत्रकारों से बात करते हुए प्रभारी मंत्री ने बताया कि जनपद से 800 बसों व अन्य चार पहिया वाहनों के माध्यम से लगभग 50 हजार कार्यकर्ता अयोध्या में प्रधानमंत्री जी की जनसभा में भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। पीएम की जनसभा को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस मौके पर अपना दल अध्यक्ष अविनाश पटेल, सुभासपा के जिलाध्यक्ष सतीश मिश्रा, निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेश निषाद, आनंद द्विवेदी, विजय सिंह रघुवंशी, घनश्याम चौहान, संजय त्रिलोचंदी, आलोक आर्या, सुनील वर्मा, प्रदीप शुक्ला, मनोज मौर्य, राजित राम, चंदन नारायण सिंह, संजय दूबे, दुर्गेश पाण्डे, राहुल श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे। भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी दी की बीजेपी कार्यालय से प्रभारी मंत्री आशीष पटेल ने पीडब्ल्यूडी डाक बंगले जाकर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा की मौजूदगी में प्रभारी जिलाधिकारी अंकुर कौशिक, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा एवं अन्य अधिकारियों के साथ बैठक कर सुचारू ट्रैफिक व सुरक्षा आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने की हिदायत दी। इस दौरान तदर्थ शिक्षकों की बहाली को लेकर भाजपा जिला मंत्री विवेक सिंह विपिन के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने प्रभारी मंत्री को शासनादेश के अनुसार तदर्थ शिक्षकों को 16 महीने के वेतन भुगतान किए जाने का मांग पत्र सौंपा। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपकी मांगों का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने तदर्थ शिक्षकों के बकाया वेतन भुगतान के लिए सीडीओ अंकुर कौशिक को निर्देशित किया।

## मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन 22 जनवरी को

**बहराइच।** अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण हेतु जनपद में संचालित अभियान अन्तर्गत आयोग द्वारा दावों एवं आपत्तियों के निस्तारण, पाण्डुलिपियों को तैयार करने तथा अन्तिम मतदाता सूची के प्रकाशन हेतु पूर्व में निर्धारित तिथियों में बदलाव कर दिया गया है। यह जानकारी देते हुए उप जिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि आयोग द्वारा जारी संशोधित समयसारिणी के अनुसार दावों एवं आपत्तियों का निस्तारण हेतु निर्धारित तिथि 12 जनवरी 2024 तथा पाण्डुलिपियों को तैयार करने की कार्यवाही 17 जनवरी 2024 तक पूर्ण की जायेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षामित्रों की समस्याओं का हो तुरन्त निस्तारणः बीएसए



**ललितपुर।** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र बेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हरिकेश यादव से मुलाकात कर शिक्षा मित्रों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं को लेकर बताया कि कुछ शिक्षामित्रों का मानदेय अवरुद्ध है। जिसे पुनः चालू किया जाए। कुछ शिक्षा मित्रों के विगत 2-3 माह अवशेष मानदेय नही पहुंचा है। जिसे सम्बंधित खातों में अवशेष धनराशि भेजी जाय। उक्त सभी समस्याओं को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने गम्भीरता से लेते हुए सम्बंधितों को निर्देश दिया कि शिक्षा मित्रों की समस्याओं का तुरन्त समाधान किया जाय। उन्होंने सभी को आगाह किया कि किसी भी प्रकार का लाभ लोच किसी भी बाबू को नही देना। यदि कोई सुविधा शुल्क मांगता है तो तुरन्त अवगत कराएं। जिस पर जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस ने बीएसए का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष भगवत सिंह बैस, राजेश कुमार नायक, अशोक परिहार, वन्दना राजे बुन्देला, साधना झा, अशोक कुमार अहिरवार, रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

### यात्रीकर अधिकारी ने चलाया चैकिंग अभियान



**ललितपुर।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश लखनऊ के दिये गये निर्देशों के क्रम सड़कों पर घटित दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के सम्बन्ध में द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अन्तर्गत परिवहन विभाग में तैनात यात्रीकर अधिकारी लिली चौधरी द्वारा 27 व 28 दिसम्बर 2023 को प्रवर्तन कार्यवाही के दौरान ड्रंकन ड्राइविंग में कुल 05 चालान तथा ओवर स्पीडिंग के विरूद्ध कुल 52 चालान की कार्यवाही की गयी। साथ ही सम्भागीय निरीक्षक (प्रावि.) देवदत्त कुमार द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न स्कुलो में जा कर स्कूली वाहनों का भौतिक निरीक्षण किया गया, जिसमें स्कूली वाहनों में पायी गयी कमियों को दूर करने के निर्देश दिये गये। कार्यालय में फिटनेस हेतु आयी स्कूली वाहनों की सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुरूप फिटनेस की जांच करते हुये स्वस्थता प्रमाण पत्र जारी किये गये। अपरान्ह में यात्री वाहनों के विरूद्ध क्षमता से अधिक यात्री, सवारियों के पाये जाने पर कुल 6 चालानी प्रवर्तन कार्यवाही की गयी।

### पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन



**सिंदवाहा (ललितपुर)।** ग्राम बारयो में पशुपालन विभाग द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया मेले का शुभारंभ ग्राम प्रधान दिनेश कुमार ने फीता काट कर किया। पं.दीनदयाल उपाध्याय की फोटो पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात गौ पूजन कार्यक्रम किया गया। मेले में 282 बड़े पशुओं एवं 757 छोटे पशुओं के उपचार के साथ दवाईओं का वितरण किया गया। ग्राम बारयो में 1200 पशुओं में खुरपका मुंहपका का टीकाकरण भी टीम द्वारा कराया गया। तत्पश्चात एक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया, जिसमें पशु चिकित्साधिकारी सिलावन डा.विवेक कुमार सचान द्वारा पशुओं की बीमारी कृमि नाशक दवा पान कब करायें। पशुओं में टीकाकरण पशुओं में बांझपन की समस्या कृत्रिम गर्भाधान एवं पशुओं के खान पान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सर्दियों में पशुओं को बचाव हेतु अलाव लगाने का भी सुझाव दिया। मोबाईल बैटेनरी यूनिट में पदस्थ पशु चिकित्सक डा.गौरव ने मोबाईल पशु चिकित्सा सेवा हेतु टोल फ्री नंबर 1962 के बारे में भी जानकारी दी। जिसमें वृन्दावन, वलवीर यादव, हनुमत, अमित, हाकिम, उजागर, नरेंद्र, लक्ष्मन, कौशलेश, विनोद शर्मा, संजय, आजाद, सुरेश एवं पशु-चिकित्सालय से सुखस्वरूप पटैरिया तथा नाथूराम आदि मौजूद रहे।

## इजराइल में नौकरी के इच्छुक युवक करें आवेदन

**सुलतानपुर।** सहायक श्रमायुक्त मधुबन राम ने अवगत कराया है कि इजराइल सरकार द्वारा युद्ध में नष्ट हुए इमारतों के पुनर्निमाण हेतु सिरेमिक टाइल, प्लास्टरिंग, फ्रेम वर्क/शटरिंग कारपेंटर एवं आयरन बेन्डिंग से सम्बन्धित कामगारों की आवश्यकता बतायी गयी है। जिनकी मासिक सैलरी लगभग 1, 37, 260 होगी, जिसके लिये वांछित योग्यतायें जैसे- अंग्रेजी की सामान्य जानकारी एवं निर्माण की ड्राइंग पढ़ने का ज्ञान हो और जिनकी आयु 21 वर्ष से 45 वर्ष के मध्य हो। तीन वर्ष का अनुभव भी होनी चाहिए। ऐसे निर्माण श्रमिक सहायक श्रम आयुक्त कार्यालय, गनपत सहाय पी0जी0 कालेज के सामने, सुलतानपुर से सम्पर्क कर अपनी सहमति एवं प्रार्थना- पत्र दिनांक 31.12.2023 तक भेज सकते हैं। आवेदन करने वाले निर्माण श्रमिकों का कान्ट्रेक्ट कम से कम एक वर्ष व अधिकतम पॉच वर्ष का होगा।

## लालच छोड़ने से और एक दूसरे से बात साझा करने से ही साइबर क्राइम से बचा जा सकता है

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** जिले के बंधुआ कला थाना के अंतर्गत अलीगंज पुलिस चौकी में बाजार के छोटे और बड़े व्यापारियों को बुलाकर थाना अध्यक्ष रविंद्र प्रताप सिंह और चौकी प्रभारी शिवजनम यादव एक बैठक किया। जिसमें व्यापारियों की किसी भी समस्या को लेकर एक दूसरे से साझा करने से उसका हल निकाला जा सकता है, इस पर विचार विमर्श किया गया। व्यापारियों द्वारा अवगत कराया गया की बाजार में अतिक्रमण करके सड़क तक जाम लगा दिया जाता है, जिससे खरीदार को बड़ी समस्या होती है। कुड़वार रोड, कोटिया रोड, मझना रोड और विशेष कर बस स्टॉप पर और बाजार में दुकानदारों द्वारा घर के सामने ही कूड़ा करकट डाल देते हैं, जिससे जल भराव एवं गंदगी तथा बीमारियों के फैलाव की संभावना बनी रहती है। स्थानीय दुकानदार स्वच्छता पर ध्यान दें। वहीं पर थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप सिंह ने कहा व्यापारी अपने घर के सामने लाइट की व्यवस्था करें और सीसीटीवी कैमरे का अधिक से अधिक उपयोग किया जाए। आगे उन्होंने बताया कि आजकल साइबर क्राइम के लोग ठगी के भी शिकार हो रहे हैं, इसलिए किसी को ओटीपी या स्केनर के माध्यम से पैसे लेने देने पर अपने मोबाइल की ठीक से परख करें की खाते से पैसा ट्रांसफर हुआ या नहीं, जल्दबाजी न करें । आगे बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोग अन्य तरह से भी ठगी के शिकार होते हैं। अपरिचित व्यक्ति से मकान में किराए पर देने के लिए आईडेंटिफाई जरूर करें तथा बाजार में बाहरी आदमी व्यापार के लिए आता है, तो उसकी भी आईडी प्रूफ होना जरूरी है। ऑटो और ई रिक्शा चालक की आईडी प्रूफ भी की जाए, यदि आप में से या हम में से कोई ठगी का शिकार हुआ है तो बेझिझक एक दूसरे से साझा करें। जिससे तीसरे व्यक्ति को ठगी होने से बचाया जा सके। आजकल लॉटरी का लालच देकर आपकी कॉलोनी आई है आप इस खाते में पैसा डाल दें, जिससे आपके खाते में पैसा आ जाए।

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किये रंगारंग कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** बुधवार को देर शाम गुरुकुल पब्लिक स्कूल के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक राजदेव सिंह व अन्य अतिथियों के साथ संयुक्त रूप से मां सरस्वती व भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित शुभारम्भ किया। तदोपरान्त विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गणेशवन्दन व स्वागतगीत के साथ राजस्थानी डान्स, हनुमान चालीसा, डोला रे डोला, रैप माँ, महाभारत, गरबा, तेरी झलक, दीपावली स्पेशल राम सियाराम, शिव तांडव, कर हर मैदान फतह, जैसी करनी वैसी भरनी, गलती से मिस्टेक, नुक्कड़ नाटक, राधा कृष्ण, मैं निकला गड्डी लेकर, फॉर्मर, सोल्जर, असलम बाबा तांत्रिक, बेटी बचाओ, डांडिया, माँ बेटा, बम बम बोल, पंजाबी गीत, रैप गीत, होली गीत, लेजी डान्स जैसे गीत, नृत्य व नाटक की प्रस्तुति से मौजूद लोगों मंत्रमुग्ध किया गया। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने कहा कि बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ अन्य गतिविधियां भी बहुत ज़रूरी हैं। डीएम ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों को शिक्षा दिलाते समय लड़की-लड़के में भेद न करें। बच्चे जहां तक चाहे उन्हें शिक्षा दिलायें। एसपी श्री वर्मा ने अंग्रेजी माध्यम से संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए गुरूकुल जैसे विद्यालय की स्थापना के लिए संस्थापक प्रबंधक राजदेव सिंह की प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों से पूरे मनोयोग के साथ शिक्षा हासिल करने का सुझाव दिया।

# डीएम की अध्यक्षता में संपन्न हुई बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा हेतु बुधवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने स्पष्ट किया कि कायाकल्प का अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण न होने की दशा में सभी सम्बन्धित बीईओ व एडीओ पंचायत को प्रतिकूल प्रविष्टि से दण्डित किया जायेगा। डीएम ने यह भी कहा कि शासनादेश के दी गयी व्यवस्था से कम फर्नीचर आपूर्ति होने पर सम्बन्धित बीईओ के उत्तरदायित्व का निर्धारण कर उनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी जा सकती है। डीएम ने बीईओ को निर्देशित किया कि बच्चों के स्वेटर का पैसा खातों में भेजने के कार्य में विलम्ब न किया जाय। सभी बीईओ पंजीकृत छात्रों की शतप्रतिशत उपस्थिति के साथ-साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि सभी छात्र प्रापर ड्रेस, जूता, मोज़ा व स्वेटर पहन कर विद्यालयों में आयें। डीएम ने कहा कि विद्यालयों के शौचालय टाइलिंग तथा पानी की आपूर्ति के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता भी सुनिश्चित कराएं। आधार कार्ड बनाने के कार्य की ब्लाकवार समीक्षा में पाया गया कि एक माह में बलहा में 496 छात्रों के आधार कार्ड बनाये गये हैं डीएम ने अन्य बीईओ को बलहा का अनुसरण करने का निर्देश दिया गया। सभी बीईओ को निर्देश दिया गया कि विभागीय निर्माण कार्यों का स्थलीय सत्यापन करें तथा सत्यापन के समय वीडियो क्लिप भी अवश्य बना लें। डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान शिक्षा की गुणवत्ता, मिड-डे-मील सहित अन्य व्यवस्थाओं का भी जायज़ा लें तथा यह सुनिश्चित कराएं कि बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा मिले। जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिया गया कि आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के एमडीएम का अंकन पंजिका में किया जाय। पोषण समिति की बैठक मानक के अनुसार कराए तथा कार्यवाही रजिस्टर में उसका अंकन भी किया जाय। बैठक के दौरान डीएम ने पोषण वाटिका की स्थापना, आर.ओ. प्लान्ट व सोलर पैनल की क्रियाशीलता की भी समीक्षा करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर., अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीएमओ डॉ. एस.के. सिंह, डीपीआरओ राघवेन्द्र द्विवेदी, डीपीओ राज कपूर, बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, लीड बैंक प्रबन्धक जितेन्द्र कुमार, बीडीओ, बीईओ व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## गनपत सहाय महाविद्यालय में स्मार्ट फोन का हुआ वितरण

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** स्थानीय गनपत सहाय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बी.एड. पाठ्यक्रम में अध्ययन किए हुए विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के तहत निःशुल्क स्मार्टफोन का वितरण महाविद्यालय के महिला विभाग परिसर सीताकुण्ड में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य युवा भाजपा नेता आशीष पाण्डेय (सनी) व उप प्राचार्य प्रो.नीलम तिवारी के द्वारा सभी लाभार्थियों को स्मार्टफ़ोन वितरित किया गया।

मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता आशीष पाण्डेय ने छात्र/ छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना आप सब के हित को ध्यान में रखकर प्रारंभ की गई है। आपसे अपेक्षा है कि इस स्मार्टफोन का सदुपयोग करेंगे और अपने अकादमिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करेंगे। उप प्राचार्य प्रो.नीलम तिवारी ने छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की इस योजना का उचित उपयोग कीजिए। बी.एड. विभागाध्यक्ष डॉ.संध्या श्रीवास्तव ने सभी लाभार्थियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ.अभिषेक कुमार श्रीवास्तव ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्मार्टफोन वितरण योजना समिति के सह-अध्यक्ष श्री रविशंकर शुक्ल, कार्यालय अधीक्षक राजकुमार पाण्डेय, आशुलिपिक आशुतोष श्रीवास्तव, डॉ.कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, सुभाष मिश्र, विनय, अंकित सिंह, नंदलाल विश्वकर्मा, भूपेंद्र श्रीवास्तव एवं राजेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, मिहीपुरवा-बहराइच

पत्रांकः 2209/क्षेत्र-पंचायत/राज्यवित्त/2023-24 दिनांकः 28 दिसम्बर 2023

**-:निविदा सूचना:-**

महामहिम राज्यपाल की ओर से क्षेत्र पंचायत मिहीपुरवा द्वारा राज्य वित्त आयोग/15वां वित्त आयोग योजनार्न्गत निम्नांकित कार्य कराये जाने हेतु राजकीय पंजीकृत ठेकेदारों जो कार्य करने के इच्छुक हों उनसे दिनांक 29.12.2023 से 12.01.2024 तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.12.2023 से 12.01.2024 तक विकास खण्ड मुख्यालय से प्रातः 11.00 बजे से अपराह्न 2.00 बजे (अवकाश दिवस छोड़कर) तक विक्रय की जायेगी। निविदा दिनांक 12.01.2024 को निविदादाताओं के समक्ष अपराह्न 3.00 बजे खोली जायेगी तथा न्यूनतम् दर की निविदा स्वीकृत की जायेगी:-

| क्र.सं. | मद | परियोजना का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) जी0एस0टी0 अतिरिक्त | धरोहर राशि | निविदा विक्रय मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य वित्त/15वां वित्त | अवधेश की दुकान/घर से गोबरे नाऊ के घर तक नाली निर्माण | 883000 | 44150 | 500 |
| 2 | राज्य वित्त/15वां वित्त | गोपिया में मुश्ताक के घर से तुलसीराम के घर तक नाली निर्माण | 864000 | 43200 | 500 |
| 3 | राज्य वित्त/15वां वित्त | चिकनिया चौराहा के पिच रोड से हसन के घर तक पक्का नाला निर्माण | 669000 | 33450 | 500 |
| 4 | राज्य वित्त/15वां वित्त | फौजदार मनिहार के घर से सांवली के घर तक नाली निर्माण | 886000 | 44300 | 500 |
| 5 | राज्य वित्त/15वां वित्त | गोपिया में लायकराम की दुकान से मोतीशाह के हाता तक नाली निर्माण | 891000 | 44550 | 500 |
| 6 | राज्य वित्त/15वां वित्त | क्षेत्र पंचायत अन्तर्गत कैटिल कैचर का क्रय | 998000 | 49900 | 500 |

**नियम व शर्तें:-**

1. प्रत्येक कार्य पर अंकित धरोहर राशि एन.एस.सी./एफ.डी.आर. के रूप में खण्ड विकास अधिकारी मिहीपुरवा के नाम से बन्धक करते हुए निविदा के साथ प्रस्तुत की जायेगी।
2. निर्धारित समय सीमा के पष्चात किसी भी निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी।
4. उपरोक्त कार्यो पर किसी भी कार्य को कराने का अन्तिम निर्णय धनराशि की उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा।
5. शासकीय नियमानुसार आयकर, जी.एस.टी. तथा अन्य कटौती नियमानुसार भुगतान के साथ की जायेगी।
6. बिना कारण बताये किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
7. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण न करने पर जमानत राशि जब्त कर ली जायेगी।
8. भुगतान के समय बिल के पांच प्रतिशत की कटौती की जायेगी, जिसका भुगतान 06 माह बाद कार्य सन्तोशजनक पाये जाने पर किया जायेगा।
9. कार्य के आगणन की धनराशि घट-बढ़ सकती है।
10. निविदा के साथ 100 रू0 स्टाम्प के साथ फोटोयुक्त नोटरी शपथ-पत्र एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत्त चरित्र एवं हैसियत प्रमाण-पत्र लगाना अनिवार्य होगा।
11. न्यूनतम पायी गई दरों के आधार पर कार्य प्रारम्भ करने हेतु स्वीकृति आदेश जारी किया जायेगा।
12. कार्य पूर्ण करने की अवधि स्वीकृति के 03 माह तक होगी।

(अजीत कुमार सिंह)
खण्ड विकास अधिकारी,
मिहीपुरवा-बहराइच।



## कार्यालय नगर पंचायत भलुअनी, जनपद-देवरिया

पत्रांक:-मेमो/न.पं.भलुअनी/2023-24 दिनांक:- 26/12/ 2023

**अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**
**(ई-प्रोक्यूरमेन्ट सूचना)**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सीवरेज एवं जल निकासी योजना/ राज्य वित्त आयोग/मुख्यमंत्री नगर सृजन/कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशु आश्रय स्थल के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निर्माण कार्यों हेतु शासकीय एवं स्थानीय निकायों के पंजीकृत/नवीनीकृत वर्ष 2023-24 के ठेकेदारों से ई-निविदा (टेक्निकल एवं फाईनेन्शियल) निम्नलिखित विवरण के अनुसार वेबसाईट https://etender.up.nic.in/ पर आनलाईन के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क नगर पंचायत भलुअनी, भारतीय स्टेट बैंक शाखा-भलुअनी खाता संख्या- 41441359905 आई.एफ.एस.सी. SBIN0014579 में आर.टी.जी.एस. एवं अन्य माध्यम से जमा किया जा सकता है। ई-निविदा को वेबसाईट https://etender.up.nic.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है एवं निविदा से सम्बन्धित अद्यतन सूचनायें प्राप्त की जा सकती है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि व समय | 27-12-2023 2:00 PM |
| 2. | ई- निविदा डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 27-12-2023 2:00 PM |
| 3. | ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 16-01-2024 2:00 PM |
| 4. | ई-निविदा खोली जाने की तिथि/समय | 17-01-2024 2:00 PM |

(राजन नाथ तिवारी)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पंचायत भलुअनी,
देवरिया

(देवेश कुमार)
अध्यक्ष
नगर पंचायत भलुअनी,
देवरिया

# कुलाधिपति/राज्यपाल ने मेधावियों को किया सम्मानित

- किसानों की आय दोगुनी करने के लिए कृषि लागत को कम किया जाए: आनंदीबेन पटेल

**अवधनामा संवाददाता**



**कानपुर।** सीएसए के कैलाश भवन प्रेक्षागृह में कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में 25वें दीक्षांत समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 62 मेधावियों को पदक एवं पुरस्कार दिए गए।कुल 599 छात्र छात्राओं को उपाधियां प्रदान की गई।उपाधियां और मेडल पाकर छात्र-छात्राएं झूम उठे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 14 छात्र छात्राओं को कुलाधिपति स्वर्ण पदक तथा 14 छात्र-छात्राओं को विश्वविद्यालय रजत पदक, 13 छात्र छात्राओं को विश्वविद्यालय कांस्य पदक एवं 21 छात्र छात्राओं को प्रायोजित स्वर्ण पदक से नवाजा गया। इस अवसर पर पारितोषिक स्वरूप छात्रा अंशिका शुक्ला एवं छात्र आकाश कुमार कमल को रुपया 50000 का चेक भी दिया गया।

प्रदेश की राज्यपाल और कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल, मुख्य अतिथि जी आर चिंताला पूर्व अध्यक्ष राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) और विशिष्ट अतिथि राज्यमंत्री कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान बलदेव सिंह औलख एवं मंडवा प्रभाकर राव अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर नुजीवीडू सीड्स लिमिटेड हैदराबाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर आनंद कुमार सिंह ने मेधावियों को पदक दिए। इस दौरान पीएचडी डिग्री धारकों की तस्वीर कुलाधिपति एवं अतिथियों के साथ ली गई। इस अवसर पर एक से अधिक पदक कई छात्र छात्राओं को मिले। इस अवसर पर नुजीवीडू सीड्स लिमिटेड हैदराबाद के अध्यक्ष एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मंडवा प्रभाकर राव को कुलाधिपति द्वारा मानद उपाधि से विभूषित किया गया। राज्यपाल एवं कुलाधिपति द्वारा इस अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय नवीन रावतपुर के 30 छात्र-छात्राओं को पुस्तकें, दलिया, पेन, फल एवं बैग आदि भेंट किए। तथा प्राथमिक विद्यालय के अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को विद्यालय में पुस्तकालय हेतु 200 किताबें भी भेंट की। इस अवसर पर सर्वप्रथम कुलाधिपति एवं अतिथियों द्वारा जल संरक्षण के महत्व हेतु प्रेरित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सर्व प्रथम कुलाधिपति / राज्यपालआनंदीबेन पटेल ने विशिष्ट अतिथि मंडवा प्रभाकर राव को को मानद उपाधि हेतु बधाई दी तथा सभी उपाधि धारकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि छात्रों से अधिक छात्राओं ने पदक प्राप्त किए हैं जो नारी सशक्तिकरण का द्योतक है तथा ग्रामीण महिलाएं कृषि क्षेत्र एवं उससे संबंधित उद्योगों में आगे आ रही हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। तथा शिक्षण, शोध एवं प्रसार कार्यों के नवाचारो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जी आर चिंताला पूर्व अध्यक्ष नाबार्ड ने सभी पदक व उपाधि प्राप्त छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। उन्होंने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि निर्यात की काफी संभावनाएं हैं तथा कृषि क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी अधिक है।

# 1 से 10 जनवरी के मध्य नमो एप को अपलोड करा युवाओं को ब्रांड एम्बेसडर बनायें

**अवधनामा संवाददाता**



**कानपुर।** गुरुवार को क्षेत्रीय कार्यालय मे आयोजित कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रकोष्ठ/विभाग के क्षेत्रीय संयोजकों की एक महत्वपूर्ण बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा सभी विभाग प्रकोष्ठ भाजपा के महत्वपूर्ण अंग है जो अपने विभाग प्रकोष्ठ को भाजपा मे एक सेतुः का कार्य करती है। बैठक में तय किया गया कि प्रकोष्ठ विभाग भारत विकसित संकल्प यात्रा एवं मन की बात कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ हिस्सा लें और सक्रिय होकर प्रत्येक जिले में माह में एक बार बैठक सुनिश्चित करें सभी प्रकोष्ठ/विभाग जिलों में नमो एप अपलोड कराने के लिए कैंप लगाएं 31 दिसम्बर मन की बात कार्यक्रम में अपने अपने बूथों पर अवश्य सुने। वहीं कार्यालय में ही क्षेत्रीय पदाधिकारियों की नियमित बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने कहा की 1 जनवरी से 10 जनवरी के मध्य सभी जिलों के इंटर कॉलेज व महाविद्यालय में नमो एप कैंप लगाकर सभी युवाओं के मोबाइल पर नमो एप अपलोड कराकर मोदी के विकसित भारत अभियान का ब्रांड एम्बेसडर बनाना है। श्री पाल ने कहा की 25 जनवरी तक चलनें वाले विकसित भारत संकल्प अभियान में सभी 17 जिलों में पूर्व प्रदेश पदाधिकारी, क्षेत्र पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी व पूर्व मंडल अध्यक्ष को भी इस अभियान से जोड़कर जिम्मेदारी देनी है।मन की बात के क्षेत्रीय प्रमुख अनूप अवस्थी ने बताया की सभी 20788 बूथों के अतरिक्त सभी विधान सभाओं में एक मन की बात का बड़ा कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में पूनम द्विवेदी, अनिता गुप्ता, सुनील तिवारी, पवन प्रताप सिंह,जय प्रकाश कुशवाहा,अनिल दीक्षित,मोहित पांडे, गीता निषाद, मनीषा बाजपेई, भूपेंद्र त्रिपाठी, अलोक शुक्ला, आनंद मिश्रा, सुरेंद्र सोमानी, मयंक भट्ट, सुनील गुप्ता, अलोक मिश्रा, शिव बोधन मिश्रा सहित सभी प्रकोष्ठो के क्षेत्रीय संयोजक सम्मलित हुए।

# श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर स्वयं सेवकों की बैठक



**अवधनामा संवाददाता**

**उरई (जालौन)।** श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा अभियान समिति की समन्वयक बैठक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के तत्वावधान में वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में संपन्न हुई। बैठक में जिसमे अयोध्या से आये पूजित अक्षत, पत्रक, श्रीराम का चित्र ब्लॉक के सभी राम भक्तों के घरों में संपर्क कर उन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। खंड संचालक राम प्रकाश सिकरी राजा व संघ के जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी व जिला संयोजक डॉ. अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अधिक से अधिक रामभक्त पहुंचें और ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें। उन्होंने स्वयं सेवकों से अपील की सभी रामभक्तों तक पूजित अक्षत पहुंचाएं एक भी घर छूटने न पाए। इस मौके पर खंड के पालक भास्कर अवस्थी, खंड कार्यवाह दीपक पटैरिया, विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड संयोजक कौशलेंद्र, खंड समन्वयक धर्मेंद्र सिंह चौहान, कैलाशबाबू वर्मा देवरी, राजा सालाबाद, राममोहन सिंह, शुभम, वरुण, संजय सिंह सेंगर प्रधान गधेला, वालेंद्र लौना, समरजीत गुर्जर, राजेश सलोनीया, मन्नू सिंह आदि स्वयं सेवक मौजूद रहे।

# डीएम के निरीक्षण में गन्ना क्रय केंद्र प्रभारी मिले अनुपस्थित, निलंबित

**अवधनामा ब्यूरो**

- हरदोपुर के केंद्र प्रभारी को नोटिस और लिपिक को किया चालान
- गन्ना क्रय के केंद्रों का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण
- डीएम के निर्देश पर गन्ना क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण



**कुशीनगर।** घटतौली की मिलती शिकायतों के दृष्टिगत जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को कठकुइयां गन्ना क्रय केंद्र सेमरा हरदोपुर गन्ना क्रय केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कठकुइयां गन्ना क्रय केंद्र पर केंद्र प्रभारी अनुपस्थित मिले वहां उपस्थित कृषकों से केंद्र प्रभारियों (तौल लिपिक) की उपस्थिति के बारे में तथा अन्य सुविधाओं के बारे में संवाद कर जानकारी ली, जिस पर किसानों द्वारा बताया गया कि उनकी ट्रालियां विगत एक सप्ताह से खड़ी है। केंद्र प्रभारी एक या दो घंटे के लिए के लिए आते हैं फिर चले जाते हैं। जिस पर प्रथम दृष्ट्या कार्यों में बरती गई लापरवाही और अनुपस्थिति के कारण जिलाधिकारी ने निलंबित कर दिया। उपजिलाधिकारी पडरौना द्वारा उपस्थिति किसानों का बयान भी लिया गया। सेमरा हरदोपुर गन्ना क्रय केंद्र (न्यू शुगर मिल्स ढाढा बुजुर्ग हाटा के अंतर्गत) के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित गन्ने से लदी ट्राली का वजन की जांच बाट एवं मशीन दोनो से कर पुष्टि की। मात्र 5 क्विंटल ही बाट रखे रहने व क्रय केंद्रों पर मानक के अनुरूप कुल 10 क्विंटल (1 टन) बाट न रखे रहने के कारण केंद्र प्रभारी को नोटिस दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसी क्रम में तौल लिपिक के उपर बाट माप निरीक्षक के द्वारा चालान भी काटा गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित किसानों से अन्य सुविधाओं और शिकायतों के बारे में जानकारी लेते हुए गन्ना क्रय केंद्रों सभी सुविधाए उपलब्ध कराने, मानक के अनुरूप बाट रखने से संबंधित उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गन्ना क्रय केंद्रों की गहन जांच कराई गई। निर्देश के क्रम में उपजिलाधिकारी पडरौना द्वारा गन्ना क्रय केंद्र लक्ष्मीपुर का निरीक्षण किया गया। उप जिलाधिकारी कसया द्वारा गन्ना क्रय केंद्रों डूमरी, सिरसिया खोइना पिपरा झाम, मधवापुर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में दौरान डिस्प्ले तौल मशीनों पर गन्ना किसानों के गन्ने से लदी ट्रालियों का वजन कराया गया तथा लोड हटाकर भी केवल ट्राली का वजन करा कर जांच किया गया, बाट माप तौल कर वजन की पुष्टि भी की गई तथा किसानों से वार्ता कर अन्य शिकायतों की भी जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में उपजिलाधिकारी को कोई अनियमितता नही पाई गई। इसी क्रम में उप जिलाधिकारी खड्डा के द्वारा गन्ना क्रय केंद्र मदनपुर प्रथम, जंगल हरिहरपुर, तहसीलदार खड्डा के द्वारा गन्ना क्रय केंद्र हरिहरपुर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# भा.रा. कांग्रेस पार्टी का जिले भर में 138 व स्थापना दिवस मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**बलरामपुर।** दुनिया के लोकतांत्रिक देश में सुमार सबसे पुरानी एवं गौरवशाली पार्टियों में कांग्रेस पार्टी जो दुनिया के शीर्ष पार्टियों में शामिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के 138 वे स्थापना दिवस पर बलरामपुर ऐतिहासिक स्थल सेखुवापरमेश्वरी स्थान पर जनपद के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुबह इकट्ठा होकर ध्वजारोहण कर मिष्ठान वितरण किया गया एवं कांग्रेस पार्टी के 138 वर्ष पुराने गौरवशाली इतिहास पर चर्चा किया गया उक्त अवसर पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अनुज सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी वह पार्टी है जब देश टुकड़ों में बिखरा हुआ था और विदेशी ताकतों के अधीन था तब 138 वर्ष पहले देश के 72 प्रगतिशील विचारकों ने भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीव रखीं और पार्टी का पहला अधिवेशन मुंबई में आयोजित किया गया जिसे आगे चलकर पंडित जवाहरलाल नेहरू मौलाना अब्दुल कलाम आजाद सुभाष चंद्र बोस सरदार पटेल के साथ ही महात्मा गांधी जैसे लोगों ने आज तक 61 लोगों ने पार्टी का प्रतिनिधित्व किया जो अनवरत जारी है इस अवसर पर पार्टी महासचिव विनय मिश्रा ने कहा कि 28 दिसंबर 1885 को जिस मकसद से कांग्रेस पार्टी की स्थापना की गई थी उससे देश आजाद हुआ और लुटे पिटे देश को आजाद कराकर दुनिया में अग्रणी देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर दिया परंतु 2014 में कुछ फिरका प्रस्त ताकतों द्वारा देश की एकता अखंडता व भाईचारा को नुकसान पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है जिसमें एक बार पुनः हमारी जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे फिरका प्ररस्त ताकतों को बेनकाब कर पुनः इनसे आजाद कराया जा सके पार्टी के मीडिया प्रभारी घनश्याम मिश्र ने कहा कि हमें एकजुट होकर देश को खंडित करने वाले ताकतों को जवाब देना पड़ेगा इसी तरह डॉ पंकज गुप्ता ने कहा कि देश के युवाओं को वर्तमान सत्ताधीसों के बहकावे में आने से बचना चाहिए और देश के गौरवशाली इतिहास को समझना चाहिए इसी प्रकार पुर्व ब्लॉक प्रमुख राजबहादुर यादव ने कहा कि देश को राहुल गांधी के विचारों को समझना चाहिए जो झूठ और फरेब से हटकर राष्ट्रीय एकता को समर्पित हैं उक्त अवसर पर संतोष कुमार कुंदन पांडे अवधेश पाल सुरेंद्र यादव पूर्व प्रमुख शिवलाल ने संबोधित किया उक्त अवसर पर अमेरिका प्रसाद मोहम्मद जमील समीर सिंह विशाल कश्यप मोहम्मद इजहार परवेज खान बृजेश चौहान विनोद सिंह शाहिद बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुरोहित के पत्नी की दूसरे मंजिल से गिरकर मौत

**अवधनामा संवाददाता**

- मायके वालों का आरोप हत्या को हादसा दिखाने को छत से फेंका

**कानपुर।** गुजैनी थाना क्षेत्र के वैष्णव विहार में पुरोहित के पत्नी की दूसरी मंजिल से गिरकर संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए गुजैनी थाने में तहरीर दी है। सूचना के बाद पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर जांच करने पहुंची। आरोप के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

कन्नौज के गुरसहायगंज बड़ा गांव में रहने वाली अंजलि त्रिपाठी (32) का विवाह 13 साल पहले जरौली के रहने वाले पुरोहित अवनीश त्रिपाठी से हुआ था। उनके दो बेटे और दो बेटियां है। अंजलि के भाई सुमित ने आरोप लगाया कि पति अवनीश और ननद संगीता की जेठानी ने मंगलवार रात को झगड़े के बाद बहन को दो मंजिल से बगल का खाली प्लांट में फेंक दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसके बाद नाटकीय ढंग से एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत गंभीर होने पर उन्हें हैलट रेफर कर दिया गया। हालत गंभीर होने के चलते इलाज के दौरान अंजलि की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्रित किए। साथ ही पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया।

थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला के दोनों हाथ-पैर और सिर की हड्डी टूटने से मौत हुई है। पीडित परिवार की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जाएगी। फिलहाल महिला का पति पुलिस हिरासत में है।

# जरूरतमंदो को वितति किए गए कम्बल



**अवधनामा संवाददाता**

**लखनऊ।** बढ़ती सर्दी को देखते हुए सीमांत गांधी सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष सैयद बेलाल नूरानी व सचिव अज़रा मुबीन के द्वारा आज अल इत्तेहाद मॉडल स्कूल,नूरानी बाग मुसहबगंज, लखनऊ में जरूरतमंदो को कम्बल वितरण किए गए। इस अवसर पर मुख्य अथिति रूप में एडवोकेट अतहर नबी उपस्थित रहे। उपअध्यक्ष जेबा सरफराज, डा मतीन अहमद, सरफराज जाहिद व अन्य सम्मानित लोग उपस्थित रहे।

# बेटी की कब्र खोदकर सच्चाई बाहर निकालने की गुहार

**अवधनामा संवाददाता**

- दस साल से तलाकशुदा मां के साथ रह रही थी किशोरी

**कानपुर।** एक मजबूर पिता ने पुलिस से अपनी 14 साल की बेटी की कब्र खोद कर शव निकलवाने की गुहार लगाई है। पिता और परिजनों अनुसार बेटी का शव निकालकर पुलिस उसका पोस्टमार्टम करवाए, जिससे बेटी की मौत का असल कारण उजागर हो सके। मामला बाबूपुरवा थानाक्षेत्र के ढकनापुरवा इलाके का है। पुलिस को दी तहरीर में 14 वर्षीय किशोरी की मौत को संदिग्ध बताकर, हत्या की आशंका जताई गई है।

टेलरिंग का काम करने वाले ढकनापुरवा निवासी खुर्शीद अहमद ने बताया कि वो कुवैत में नौकरी करते थे। इधर पत्नी फरहा यासमीन ने मान और बहनों संग गृह कलेश करके 2013 में उनसे तलाक ले लिया था। वो नन्ही बेटी शिफा नूर उर्फ जैनब को भी जबरन अपने साथ ले गए थी। पिछले दस साल में एक बार भी बेटी से उनको मिलने नहीं दिया। बेटी से मिलने के प्रयास पर हंगामा करती और उनपर पुलिस केस कर देने की धमकी देती थी। खुर्शीद अहमद के अनुसार बीते रविवार को ही उन्हें और उनकी मां ज़हीरुल निशा को 14 वर्षीय पुत्री

शिफा नूर उर्फ जैनब की अचानक मौत की सूचना मिली। वो और पूरा परिवार अवाक रह गया। बताया गया की बेटी का शव फांसी पर लटकता मिला था। पिता और दादी को बताए बिना ही पत्नी ने बेटी को बाकरगंज ईदगाह के बेगमपुरवा कब्रिस्तान में दफना दिया। कब्रिस्तान के रजिस्टर में पत्नी ने मछरिया स्थित किराए के घर के बजाए, बाकरगंज स्थित मायके का पता लिखवाया। कब्रिस्तान के मुतवल्ली ने भी बिना कुछ तस्दीक किए दफनाने की इजाजत क्यों दी।

डीसीपी साउथ कार्यालय में दी तहरीर के अनुसार पिता खुर्शीद के अनुसार कई बार इलाके से लोगों ने बेटी के शरीर पर चोटों के निशान देखे थे। पूर्व पत्नी के घर पर अज्ञात संदिग्ध लोगों का आना जाना था। पिता और दादी ने कर से बेटी का शव निकालकर पोस्टमार्टम करके बेटी की मौत का कारण पता लगाए

# दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अन्तर्गत समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं0) एवं समस्त जिला पंचायत राज अधिकारियों का 28 एवं 29 दिसम्बर, 2023 को 02 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण, होटल रेजनेंट, निराला नगर लखनऊ में आयोजित किया गया है। इस प्रशिक्षण में पंचायत गेटवे, जेम-ई ग्राम स्वराज समेकन, कार्बन न्यूट्रल पंचायत, पी.एम. विश्वकर्मा, आई.एस.ओ. सर्टिफिकेशन, एल.जी.डी. एवं ई-एच.आर.एम.एस.तथा पंचायतीराज विभाग के अन्तर्गत जनपदों में संचालित ग्रामीण पेयजल योजना के हैण्डओवर/टेकओवर प्रबन्धन तथा अनुश्रवण एवं रखरखाव संबंधी कार्यो की जानकारी आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस दिनांक 28.12.2023 को प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन श्री राज कुमार, निदेशक, पंचायतीराज, उ0प्र0 द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर के किया गया।

निदेशक पंचायतीराज ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, ई-गवर्नेस की कार्ययोजना, ग्राम सचिवालयों की स्थापना, सर्विस सेंटर की क्रियान्वयन, पंचायतों के भुगतान आदि ऑडिट प्रक्रिया को ऑनलाइन करने में विभागीय अधिकारियों के प्रयासों का परिणाम रहा है। इससे यह सीख मिलती है कि लगन व ईमानदारी से किये गये कार्य का परिणाम अच्छा होता है और इस तरह के अनुभवों से प्रेरणाश्रोत होते हैं।

# पुलिस आफिस में पत्रकारों के वाहनों की हुई चेकिंग

**कानपुर।** ट्रैफिक नियमों का पालन के नाम पर शहर पुलिस कमिश्नरेट ने अब पत्रकारों को टारगेट करना शुरू कर दिया। गुरुवार को पुलिस आफिस पहुंचे कई पत्रकारों के वाहन चेक किए गए। कई के चालान काटे सीज का प्रायस किया गया। चंद कदम की दूरी पर ही कोर्ट के आसपास सड़क पर स्टेंड के नाम वाहन खड़े रहे लेकिन पुलिस की करवाही यहां शून्य हो गई। मामले की खबर मिलते ही प्रेस क्लब के प्रेसिडेंट सरस बाजपेई, अवनीश दीक्षित, शाहिद पठान, नितिन, गौरव समेत सकड़ों पत्रकार पहुंच गए। खुद ही वाहनों के कागजात चेक कराए। इस दौरान भारी पुलिस बल मौजूद रहा। प्रेस क्लब प्रेसिडेंट ने कहा की पत्रकारों को खास तौर पर टारगेट किया जा रहा है। पुलिस आफिस में फरियादी, वकील और कई पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के आते जाते रहते है। कइयों के वाहन्हो के दस्तावेज तक दुरुस्त नही होंगे, लेकिन नियम सिर्फ पत्रकारों पर थोपा जा रहा है।

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में उ0प्र0 राज्य वन्य जीव बोर्ड की 16वीं बैठक सम्पन्न

# स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डॉल्फिन मित्र बनाया जाए

- वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का अलग कैडर बनाया जाए

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके सरकारी आवास पर उत्तर प्रदेश राज्य वन्य जीव बोर्ड की 16वीं बैठक सम्पन्न हुई। मुख्यमंत्री ने बैठक में प्रदेश की जैव विविधता को संरक्षित करने और इको पर्यटन की सम्भावनाओं को विस्तार देने सहित अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुधवा नेशनल पार्क, कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के चूका जैसे इको टूरिज्म के स्थलों पर सुगम आवागमन हेतु हेलीकॉप्टर सेवा एवं 4 लेन रोड कनेक्टिविटी की सुविधा हो। ऐसे महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों पर स्थानीय लोगों को गाइड के रूप में प्रशिक्षित कर नियोजित करने, सैलानियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था विकसित कर टूरिज्म का माहौल बनाने पर जोर दिया जाए।

पशु-पक्षियों का संरक्षण-संवर्धन हमारी संस्कृति का अंग है। प्रदेश में हर साल एक तय समय पर बड़ी संख्या में साइबेरियन पक्षियों का आगमन होता है। इनकी सुरक्षा हम सबकी साझी जिम्मेदारी है। इन पक्षियों अथवा अन्य पशु-पक्षियों के साथ क्रूरता/अमानवीयता स्वीकार नहीं है। ऐसी हर एक घटना के दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगा की निर्मल एवं अविरल धारा के विकास एवं उनके संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों से डॉल्फिन की संख्या में आशातीत बढ़ोत्तरी हुई है। इसी प्रकार घाघरा, चम्बल, सरयू, गेरुआ आदि अन्य नदियों में भी पाई जाने वाली डॉल्फिन व अन्य जीवों को संरक्षण देते हुए उनके संवर्धन के प्रयास किया जाए। इसके लिए स्थानीय ग्रामीणों को जागरूक करते हुए डॉल्फिन मित्र बनाया जाए। भारत सरकार से भी इस कार्य में आवश्यक सहयोग लिया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नदियों में बढ़ती गाद एवं बाढ़ की समस्या के दृष्टिगत उनकी ड्रेजिंग का कार्य सतत जारी रखा जाना चाहिए। इससे गांवों के कटान में कमी आएगी। साथ ही, वनों एवं वन्य जीवों की सुरक्षा की जा सकेगी। आय में वृद्धि भी होगी। वन्य जीवों की चिकित्सा-सेवा में लगे पशु चिकित्सकों का अलग कैडर बनाया जाए। इन चिकित्सकों का कार्य बहुत महत्वपूर्ण है। कैडर होने से इन्हें समयबद्ध प्रोन्नति व अन्य लाभ आसानी से मिल सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पड़ोसी राष्ट्रनेपाल की सीमा से लगे क्षेत्रों में भारतीय सेल्युलर कम्पनियों के नेटवर्क कवरेज की समस्या संज्ञान में आई है। ऐसा देखा जा रहा है कि इन क्षेत्रों में नेपाली संचार कम्पनियों के मोबाइल नेटवर्क आ रहे हैं। इस ओर गम्भीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है।

# डायलेसिस यूनिट से लैस हुए यूपी के सभी जिले: पाठक

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** यूपी के सभी जिले अब डायलेसिस यूनिट से लैस हो गए हैं। किडनी के मरीजों को उनके ही जिलों में इलाज मिल सकेगा। गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बहराइच, औरैया और बदायूं में इन यूनिटों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। एनेक्सी भवन में आहूत बैठक में उन्होंने इन तीनों जिलों के चिकित्साधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद भी किया।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने जानकारी दी कि अब प्रदेश के हर जिले में डायलेसिस यूनिट स्थापित हो गई है। यह आप सभी चिकित्सा कार्मिकों की मेहनत का परिणाम है। औरैया के सीएमओ डॉ. सुनील वर्मा, विधायका गुड़िया कठेरिया, बहराइच के सीएमओ डॉ. संजय खत्री, विधायका अनुपमा जैसवाल, बदायूं के सीएमएस डॉ. कप्तान सिंह, विधायक प्रतिनिधि विश्वजीत गुप्ता व एनेक्सी के बैठक कक्ष में वरिष्ठ चिकित्साधिकारियों की उपस्थित में इन यूनिटों का शुभारंभ हुआ।